कंगना रनौत ने फिल्म 'जवान' के लिए शाहरुख की तारीफ की... पेज 10

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 09 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-324 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



## अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा, छह लुटेरे गिरफ्तार

### लूट के करीब चार किलो सोना-चांदी के आभूषण बरामद, ज्वेलर्स संचालक से हुई थी लूट



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** जिले के वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत संघरी बाजार से विगत चार सितंबर को हुए ज्वेलरी लूटकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए छह लुटेरों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि घटना की सूचना मिलते ही एसपी राकेश रंजन द्वारा एसडीपीओ अविनाश कुमार और पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय केदारनाथ राम के संयुक्त नेतृत्व में एसआईटी गठित कर वशिष्ठनगर जोरी और हंटरगंज थाने की संयुक्त टीम को कार्रवाई का निर्देश दिया गया था। इसके बाद एसआईटी ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल अंतर्राज्यीय गिरोह के 6 तस्करों को लूट के करीब 4 किलो सोना-चांदी के आभूषण के साथ धर दबोचा। गिरोह के तस्करों की गिरफ्तारी बिहार के गया रेलवे स्टेशन के समीप से हुई है। वशिष्ठनगर थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि विगत चार सितंबर को घंघरी चौक के समीप संचालित भद्रकाली ज्वेलर्स के मालिक संदीप कुमार से ज्वेलरी से भरा बैग लूट कर बाइक सवार लुटेरे बिहार की ओर भाग गए थे। इसके बाद भुक्तभोगी ने स्थानीय थाना को घटना की सूचना दी थी। घटना में शामिल तीन लुटेरों को ओडिशा से गिरफ्तार किया। वहीं तीनों से पूछताछ के आधार पर गिरोह में शामिल अन्य तीन लुटेरों को बिहार के गया स्टेशन के समीप स्थित किराए के मकान से गिरफ्तार किया गया। साथ ही उनके द्वारा आभूषण व्यापारी से लूटे गए चांदी के 3 किलो 800 ग्राम आभूषण, शेष पृष्ठ 11 पर

### रिम्स में इलाज के दौरान कैदी की मौत

**रांची।** रिम्स में इलाज के दौरान विचाराधीन कैदी युगेश्वर यादव (52) की मौत हो गई। वह लातेहार जिले का रहने वाला था। रिम्स के पीआरओ राजीव रंजन ने शुक्रवार को बताया कि कैदी की मौत गुरुवार रात हुई है। पोस्टमार्टम के लिए एक चार सदस्यों की कमेटी बनाई गई है, जिनकी निगरानी में पोस्टमार्टम किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बंदी आर्म्स एक्ट सहित कई अन्य मामलों में जेल में बंद था। लातेहार कारा चिकित्सक की अनुशंसा पर विशेष इलाज के लिए 30 मई को उसे रिम्स में भर्ती किया गया था। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक ने रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक को पत्र लिखकर मृतक के पोस्टमार्टम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करने का आग्रह किया है।

## पलामू में अपराधियों ने की युवक की गोली मार कर हत्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज पानी टंकी बीएएन कॉलेज दीपक जेनरल स्टोर के पास अज्ञात अपराधियों ने राजेश वर्मा उर्फ फंटूश वर्मा नामक व्यक्ति को अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार की शाम गोली मार कर हत्या कर दी। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी 3 प्रभारी मंटूस्ट महतो घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगो की मदद से घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद चिकित्सकों ने फंटूश को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स के लिए रेफर कर दिया था। जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों में भय का माहौल उत्पन्न है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर आईपीएस ऋषभ गर्ग, शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा, सदर थाना के एएसआई अभिमन्यु शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### जी-20 समिट में राष्ट्रपति के डिनर में शामिल होंगे मुख्यमंत्री,आज जायेंगे दिल्ली

**रांची।** दिल्ली में जी-20 को लेकर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से आयोजित डिनर में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाग लेने शनिवार को दिल्ली जाएंगे। दिल्ली में आयोजित जी-20 समिट में देश-विदेश के राष्ट्राध्यक्ष और उनकी टीम आ रही है। इसी में राष्ट्रपति ने देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को डिनर पर बुलाया है।

### डिवाइडर से टकराई स्कॉर्पियो, चार की मौत, तीन घायल

**हजारीबाग।** हजारीबाग की चरही घाटी में शुक्रवार सुबह एक स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। मृतक में इंद्रजीत साह (39), पिंटू राय (28), अरविंद राय (35) और दिलीप राय (35) हैं। घायलों में इंद्रजीत राय (31), मदन राय (42), धर्मेंद्र भगत (38) हैं। सभी बिहार के सीतामढ़ी, वैशाली और मुजफ्फपुर जिले के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार स्कोर्पियो वाहन (बीआर-06पीई-7091) में सात लोग सवार होकर बिहार के मुजफ्फरपुर से रजरप्पा में मां छिन्मस्तिका मंदिर जाने के लिए निकले थे। सुबह करीब चार बजे चरही के तीखे और ढलानयुक्त यूपी मोड़ पर स्कोर्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार करते हुए एक छोर से दूसरे छोर में पलटी खाते करीब 100 फिट दूर जाकर रुकी। स्कोर्पियो के परखच्चे उड़ गए और उसमें बैठे लोगों को गंभीर चोटें आई। चरही थाना पुलिस और एनएचएआई ने बचाव कार्य शुरू किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना का कारण गाड़ी का अत्यधिक रफ्तार होना बताया। दुर्घटना के दौरान स्कोर्पियो के ड्राइवर और उप चालक की सीट के सामने दोनों एयरबैग खुले हुए थे। इसके बावजूद दोनों बच नहीं पाए। काफी मशक्कत के बाद गेट को तोड़कर ड्राइविंग सीट पर फंसे व्यक्ति को निकाला जा सका।

### दो-दो लाख के दो बेल बांड पर ईडी कोर्ट से बच्चू यादव का रिलीज ऑर्डर जारी

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित बच्चू यादव को कड़ी सुरक्षा के बीच ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें दो-दो लाख के दो बेल बांड भरने के निर्देश दिए। बच्चू यादव के दो बेल बांड प्रस्तुत किए जाने पर कोर्ट ने उनका रिलीज ऑर्डर जारी कर दिया, जिसे बिरसा मुंडा जेल प्रशासन को भेजा गया है। कोर्ट ने उन्हें निर्देश दिया है कि यदि उनका पासपोर्ट है तो उसे अदालत में जमा करें।
उल्लेखनीय है कि गत बुधवार को बच्चू यादव की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनते हुए बच्चू यादव को जमानत प्रदान की थी। झारखंड हाई कोर्ट से बच्चू यादव की जमानत याचिका खारिज हो चुकी थी, जिसके बाद उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की दायर की गई थी।

# डुमरी विस उपचुनाव में 'इंडिया' की जीत, झामुमो का कब्जा बरकरार

### बेबी देवी ने एनडीए उम्मीदवार को 17 हजार वोटों से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की डुमरी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में इंडिया ने एनडीए को शिकस्त दी है। यहां राज्य की सत्ताधारी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी बेबी देवी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी एनडीए की यशोदा देवी को करीब 17 हजार वोटों से पराजित किया है।
यशोदा देवी आजसू पार्टी की प्रत्याशी थी, जिन्हें एनडीए के घटक दलों का समर्थन हासिल था।
जीत दर्ज करने वाली बेबी देवी राज्य की हेमंत सोरेन सरकार में मद्य एवं उत्पाद निषेध मंत्री हैं। सोरेन ने उन्हें विधायक बनने के पहले ही मंत्रिमंडल में जगह दी थी। मंत्री पद पर बने रहने के लिए इस चुनाव में उनके लिए जीत दर्ज करना अनिवार्य था।
बेबी देवी झारखंड की मौजूदा विधानसभा में 12वीं महिला विधायक होंगी। झारखंड में 82 सदस्यों वाली विधानसभा के अब तक के इतिहास में महिला विधायकों की सर्वाधिक संख्या है।
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बेबी देवी को फोन पर जीत की बधाई दी। इधर, बेबी देवी ने कहा है कि क्षेत्र की जनता ने उनके पति स्व. जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। यह उनके दिवंगत पति



### डुमरी उप चुनाव में प्रचंड जीत 2024 का आगाज : मुख्यमंत्री

रांची। डुमरी विधानसभा सीट पर उप चुनाव के परिणाम पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह प्रचंड जीत 2024 का आगाज है। राज्य की जनता ने ठान लिया है कि झारखंड में अब सिर्फ जनतंत्र चलेगा, धनतंत्र नहीं। यहां सिर्फ और सिर्फ झारखंडियों की सरकार चलेगी। भाजपा और आजसू के छल और अहंकार का अब झारखंड से सूपड़ा साफ होना तय है। उन्होंने कहा कि डुमरी उप चुनाव में झामुमो (गठबंधन) प्रत्याशी बेबी देवी को स्नेह देने के लिए डुमरी विधानसभा क्षेत्र की जनता को अनेकों धन्यवाद और आभार। बेबी देवी स्व. टाइगर जगरनाथ दा के सपनों और अधूरे कार्यों को पूरा करेंगी। झारखंड हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे।

## डुमरी में प्रत्याशी की जीत से झामुमो में खुशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने डुमरी में झामुमो प्रत्याशी की जीत की खुशी में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि डुमरी में हुए उपचुनाव में महगठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी को डुमरी की जनता ने शानदार जनादेश के साथ विजयी बनाया है। जिससे साफ पता चलता है कि माननीय मुख्यमंत्री श्हेमन्त सोरेन की जनकल्याणकारी नीतियों से जनता खुश है। साथ ही भाजपा आजसू और एआईएमआईएम जैसी बांटने वाली शक्तियों को डुमरी की जनता ने आइना दिखा दिया है। झारखंड में विकास की राजनीति चलेगी, तोड़ने की नहीं। पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो



आज भी जनता के दिलों में जिंदा हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों का सम्मान जनता ने किया है, साथ ही इतने बड़े अंतर से झामुमो प्रत्याशी को चुनाव जीता कर उन्हें जनता ने सच्ची श्रद्धांजलि दी है। ज्ञात हो कि जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में झामुमो पलामू की टीम भी झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी जी के समर्थन में डुमरी गई थी और जोर शोर से उनका प्रचार किया था। साथ ही आज कार्यालय में सबों ने आतिशबाजी की और मिठाइयां बांटी। श्री सिन्हा ने कहा कि महागठबंधन प्रत्याशी को हर वर्ग का मत प्राप्त हुआ है, आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, अमीर गरीब सबों ने अपना समर्थन दिया है। महागठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी को झामुमो पलामू की तरफ से ढेरों बधाई, और डुमरी की जनता का ढेरों साधुवाद। इस शानदार जीत की खुशी में झामुमो कल जोर शोर से जुलूस निकाल कर जश्न मनाने की तैयारी में है।

और क्षेत्र की जनता की जीत है।
बता दें कि इस सीट से विधायक और हेमंत सोरेन की सरकार में शिक्षा एवं मद्य निषेध, उत्पाद मंत्री रहे जगरनाथ महतो का मार्च महीने में निधन हो गया था। इस वजह से इस सीट पर उपचुनाव की नौबत आई।
जगरनाथ महतो इस विधानसभा सीट पर वर्ष 2005 से लगातार विधायक थे। उन्होंने 2005 से 2019 तक लागातार चार बार जीत दर्ज की थी। उपचुनाव में 5 सितंबर को इस सीट पर हुए मतदान में कुल 64.84 प्रतिशत वोटरों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया था।
उपचुनाव में इंडिया की बेबी देवी और एनडीए की यशोदा देवी सहित कुल छह प्रत्याशी मैदान में थे। अन्य उम्मीदवारों में एआईएमआईएम के अब्दुल मोबिन रिजवी, निर्दलीय रोशन लाल तुरी, कमल प्रसाद साहू और नारायण गिरि चुनाव मैदान में थे।

### मुख्यमंत्री ने गुवा गोलीकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि, परिसंपत्ति का किया वितरण

## हर बेघर को देंगे मकान : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि गुवा गोली कांड के वीर शहीदों को शत-शत नमन। अपने इन वीर शहीदों के सम्मान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हम उनके बलिदान को याद कर रहे हैं। इस अवसर पर हम सभी अपने शहीदों, पूर्वजों और आंदोलनकारियों के आदर्श को आत्मसात करने और उनके सपनों का झारखंड निर्माण का संकल्प लें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी में गुवा गोली कांड के शहीदों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा -सह -परियोजनाओं का शिलान्यास- उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने शहीद स्थल में माल्यार्पण कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने अलग-अलग समयों में ब्रिटिश हुकूमत, शोषण जुल्म और अन्य के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ते रहे। चाहे वह अपने वजूद और अस्तित्व को बचाने का संघर्ष हो या जल जंगल और जमीन की रक्षा का। इस लड़ाई में कई ने अपने को बलिदान कर दिया। लेकिन, उन्होंने जो संघर्ष किया, उसी का परिणाम है कि आज आदिवासियों- मूलवासियों का अस्तित्व बरकरार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने वीर शहीदों और झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों के साथ गुमनामी की जिंदगी जीने वाले शहीदों के आश्रितों को चिन्हित कर उन्हें सम्मान देने का काम हमारी सरकार कर रही है। इस क्रम में शहीदों के आश्रितों को नौकरी और पेंशन के साथ विभिन्न सरकारी शेष पृष्ठ 11 पर



## 18 आईपीएस अफसरों का तबादला -दीपक कुमार पांडेय बने गढ़वा के एसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड सरकार ने शुक्रवार की शाम एक साथ 18 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। रांची एसएसपी कौशल किशोर को जमशेदपुर का एसएसपी बनाया गया है, वहीं पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत चंदन कुमार सिन्हा अब रांची के एसएसपी होंगे।
**सिटी एसपी भी बदले गए :** रांची के सिटी एसपी को भी बदल दिया गया है, रांची सिटी एसपी सुधांशू कुमार जैन वेटिंग फोर पोस्टिंग हो गए हैं, उनकी जगह नवप्रोन्नत राजकुमार मेहता को रांची का सिटी एसपी बनाया गया है। पूर्व में वह रांची में सिटी डीएसपी भी रह चुके हैं वहीं मनीष टोप्पो को रांची ग्रामीण एसपी बनाया गया है।पहली बार रांची जिले में एसएसपी से लेकर एसपी के दोनों पदों पर प्रमोटी अफसरों को कमान दी गई है।
**कई अधिकारी हुए वेटिंग फॉर पोस्टिंग :** राज्य सरकार के तबादलों के बाद नवप्रोन्नत अधिकारियों में छह वरीय अधिकारियों से डीएसपी का ही काम लिया जा रहा है। वरीय पदाधिकारियों शेष पृष्ठ 11 पर

### किस को कहां की मिली जिम्मेदारी

| नाम | कहां थे | कहां गये |
|---|---|---|
| रिश बिन जमां | रांची ट्रैफिक एसपी | एसपी लोहरदगा |
| हरविंदर सिंह | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला | एसपी गुमला |
| ऋषव गर्ग | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मेदिनीनगर | पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जमशेदपुर |
| कपिल चौधरी | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चक्रधरपुर | एसपी (ग्रामीण) धनबाद |
| दीपक कुमार पांडेय | वरीय डीएसपी लोहरदगा | एसपी गढ़वा |
| अनुदीप सिंह | वरीय पुलिस उपाधीक्षक खूंटी | एसपी कोडरमा |
| अनिमेष नैथानी | वरीय पुलिस उपाधीक्षक खलारी | एसपी जामताड़ा |
| राजकुमार मेहता | वरीय पुलिस उपाध्यक्ष हजारीबाग | रांची सिटी एसपी |
| मनीष टोप्पो | वरीय पुलिस उपाध्यक्ष | पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची |
| आसिफ एकराम | वरीय पुलिस उपाधीक्षक हजारीबाग | पुलिस अधीक्षक (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) रांची |
| कैलाश करमाली | वरीय पुलिस उपाधीक्षक लातेहार | पुलिस अधीक्षक (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) रांची |
| पूज्य प्रकाश | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हुसैनाबाद | पुलिस अधीक्षक (विशेष शाखा) रांची |
| अजय कुमार | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू | पुलिस अधीक्षक (विशेष शाखा) रांची |
| शंभू कुमार सिंह | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, टंडवा चतरा | पुलिस अधीक्षक (विशेष शाखा) रांची |
| अजीत कुमार | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ | पुलिस अधीक्षक (नगर) धनबाद |

**राजनीति**

### हेमंत सोरेन ने कार्यकाल के छठे उपचुनाव में बनाया इतिहास

## मिशन 2024 के पहले 'इंडिया' ने दिखाया दम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डुमरी उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी की जीत ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सियासी तौर पर बड़ी राहत दी है। एनडीए के निशाने पर रहे सूबे के मुख्यमंत्री को एक बार फिर यह साबित करने का मौका मिल गया है कि जनता उनके साथ है। जनता का भरोसा बना हुआ है। विपक्ष के भ्रष्टाचार के आरोपों का मुख्यमंत्री ने लगातार सामना किया है। लेकिन जिस प्रकार हेमंत सोरेन को उनके कार्यकाल में यह छठा जीत हासिल हुआ है यह ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री ने तमाम उहापोह के बीच जिस प्रकार स्वर्गीय जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी पर भरोसा जताया था वह जीत के साथ ही पूरा हो गया। इंडिया गठबंधन की जेएमएम उम्मीदवार बेबी देवी को डुमरी विधानसभा क्षेत्र में हुए उप चुनाव में एक लाख के करीब वोट मिले जबकि एनडीए की आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी को लगभग 85 हजार वोटों से ही संतोष करना पड़ा। जीत का अंतर 17 हजार से अधिक का रहा।बेबी देवी ने पति के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में जगरनाथ महतो को 71128 वोट मिले थे। उन्हें सबसे ज्यादा वोट 2014 में 77984 मिले थे। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में आजसू को 36840 और भाजपा के उम्मीदवार को 36013 वोट मिले थे। वैसे यहां का मुकाबला काफी टक्कर का रहा। आजसू ने डुमरी विस सीट अपनी झोली में डालने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी लेकिन नतीजे से पार्टी निराश हुई। बेबी देवी की जीत में सबसे बड़ा फैक्टर इलाके के कद्दावर नेता रहे जगरनाथ महतो की लंबी बीमारी के बाद निधन हो जाना रहा। लगातार चार बार निर्विवाद रूप से विधायक और वर्तमान सरकार में मंत्री रहे जगरनाथ महतो को डुमरी की जनता ने इनके श्रद्धांजलि देने का काम किया। पूरे चुनावी प्रचार के दौरान बेबी देवी हाथ जोड़कर अपने पति के नाम पर वोट मांगती रहीं। जनता को उनके काम के बारे में बताती रहीं। डुमरी विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम उम्मीदवारों का कुल वोट करीब 28 हजार के पास था, जिसमें शेष पृष्ठ 11 पर



## जी 20 में भारत, अमेरिका, सऊदी व यूएई को रेलवे सौदे की घोषणा की उम्मीद

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, भारत, सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नेता शनिवार को एक प्रमुख संयुक्त बुनियादी ढांचा समझौते की घोषणा करने की उम्मीद कर रहे हैं, जो रेलवे के नेटवर्क के माध्यम से खाड़ी देशों को जोड़ेगा। एक मीडिया रिपोर्ट में यह कहा गया है। एक्सियोस की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह क्षेत्र के बंदरगाहों से शिपिंग लेन के माध्यम से भारत से भी जुड़ेगा।यह परियोजना उन प्रमुख पहलों में से एक है, जिसे व्हाइट हाउस मध्य पूर्व में आगे बढ़ा रहा है, क्योंकि क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ रहा है। मध्य-पूर्व चीन के बेल्ट एंड रोड विजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। एक्सियोस रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त रेलवे परियोजना उन प्रमुख परियोजनाओं में से एक होने की उम्मीद है, जिसे बाइडेन इस सप्ताह के अंत में नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान पेश करना चाहते हैं। यह तब आता है, जब बाइडेन प्रशासन सऊदी अरब के साथ एक मेगा-डील के लिए अपने राजनयिक प्रयास को पूरा करना चाहता है, जिसमें 2024 के अभियान से शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

### बाइक की टक्कर में दो विधुत कर्मी हुए घायल

**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के सोरडिहा मुख्य सड़क पर अनियंत्रित बाइक की आमने सामने की टक्कर से दो विद्युतकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिनकी पहचान पाण्डेय पुर निवासी प्रमोद वर्मा वही दूसरे का घाघुआ गांव निवासी विजय शुक्ला के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनो विधुत कर्मी बीमोड़ पावर सब स्टेशन से वापस विश्रामपुर आ रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही अनियंत्रित बाइक से इनकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई। जिसमें बाइक चला रहे विधुत कर्मी प्रमोद वर्मा के दांत टूट गये हैं।वहीं पीछे बैठे कर्मी विजय शुक्ला का एक पैर टूट गया है।जिन्हे स्थानीय लोगों ने सीएचसी विश्रामपुर में लाकर भर्ती करवाया। जहां चिकित्सक डॉ धीरज कुमार व ड्रेसर गौतम कुमार ने विजय शुक्ला की प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल मेदनीनगर रेफर कर दिया है। मौके पर भाजपा नेता मनीष गुप्ता,बिजली कर्मी सुनील कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

वेतन वृद्धि की मांग को लेकर सफाई कर्मियों ने किया हड़ताल

# बिना सुरक्षा सेफ्टी के कराया जाता है कार्य: सफाई कर्मी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने हड़ताल शुरू की है और शहर के सफाई कार्य को बंद कर दिया है। जिससे शहर के मुख्य बाजार एवं अन्य चौक - चौराहों पर गंदगी का अंबार लग गया है। सफाई कर्मियों ने मंगलवार सुबह से ही वेतन वृद्धि को लेकर नगर पंचायत कार्यालय पर जाकर नारेबाजी की। मौके पर सफाई कर्मियों ने कहा कि हमलोग दिन रात कोरोना जैसी वैश्विक बीमारी में भी शहर की सफाई रखने एवं जनता के हित में कार्य किया। वहीं अधिकारियों के द्वारा हर बार हमलोगों की मानदेय वृद्धि करने का आश्वासन दिया जाता है। परन्तु आज तक पांच वर्ष पूर्व के मात्र 7100 रुपए दिये जाते हैं। उसी पर हमलोग भरण पोषण करते हैं। हमलोग सरकारी एम्प्लाई नही हैं। डेली बेसिस पर कार्य कराया जाता हैं। लेकिन सरकार की मानक मजदूरी 412 रुपये है। जबकि इससे कम मानदेय मिलता हैं। सफाई कर्मी अर्जुन राम ने बताया कि हमलोग को नाला सफाई करने लिए हैंडगल्प्स और नोज मास्क भी नहीं दिया जाता हैं। जिससे हमलोगों की जान असुरक्षित है, वंहीं कर्मचारियों ने पीएफ की राशि की निकासी पर रोक लगाने का आरोप लगाया है। कर्मचारियों ने कहा कि हमलोग विकट परिस्थिति में भी अपना कमाया हुआ पैसा का निकासी नहीं कर पाते है। हालांकि यह हड़ताल स्थानीय स्तर पर ही की गयी है। हड़ताल करने वालों में मदन राम, राजू,बीरू डोम,रीता देवी, गीता देवी,माला देवी अंजू देवी, शिला देवी,लीला देवी, तुलसी राम, विनोद राम, कमलेश राम, योगेंद्र राम,शंकर राम,उदय राम आदि सभी सफाई कर्मी व चालक लोग मौजूद थे।


**क्या कहना हैं निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष का**

नगर अध्यक्ष शशी कुमार ने बताया कि मैं अपने कार्यकाल के प्रारम्भ में ही सभी का वेतन 5600 से 7100 बढ़ाया था। इसके बाद भी नगर पार्षदों के बोर्ड बैठक में निर्णय भी लिया हुआ है। इनलोगों की मांग जायज हैं। वर्तमान जो अधिकारी हैं, उन्हें इनके बातों को ध्यान में रखते हुए वेतन बढ़ोतरी करना चाहिए।

# बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी में 10 लोगों पर एफआईआर दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निर्देश पर हरिहरगंज कनीय विद्युत अभियंता धनंजय प्रसाद ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 10 लोगों को बिजली बिल बकाया होने, मीटर बायपास कर बिजली चोरी करने, घरेलू कनेक्शन करा कर कमर्शियल बिजली उपयोग कर अवैध विद्युत चोरी करते पाया गया। बिजली बिल का भुगतान नहीं करने के बावजूद बिजली का उपयोग करने वाले 10 लोगों के खिलाफ हरिहरगंज थाने में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। सभी 10 लोगों पर बिजली विभाग ने 2 लाख 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है। उनमें वनस्पति गांव के राजेश्वर सिंह, बिरजू पासवान, ललन भुइया, शंकर राम जबकि ममरखा गांव के विजय राम, प्रेमचंद राम, लखन सिंह, धीरेंद्र राम, रामबिलास मिस्त्री का नाम शामिल है। इस आशय की जानकारी विद्युत आपूर्ति प्रशाखा हरिहरगंज के कनीय अभियंता धनंजय प्रसाद ने शुक्रवार को दी। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज में कनेक्शन के हिसाब से दुगने बिजली का उपयोग बिजली कनेक्शन धारीयो के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कनेक्शन के हिसाब से बिजली का उपयोग किया जाए तो हरिहरगंज में बिजली आपूर्ति करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। इस अभियान में प्रधान विधुतज्ञ, दयानंद सिंह, नीतीश कुमार, मानव दिवस कमी जावेद आलम, वीरेंद्र पासवान मुख्य रूप से शामिल थे।



## प्रेमी युगल को पुलिस ने किया बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रेलवे स्टेशन से सूचना के आधार पर प्रेमी युगल को मोहम्मदगंज पुलिस ने शुक्रवार की अहले सुबह बरामद किया है। मालूम हो की बीते अगस्त माह में गढ़वा जिला के भवनाथपुर थाना अंतर्गत डगर गांव निवासी 20 वर्षीय विष्णु चंद्रवंशी मोहम्मदगंज थाना अंतर्गत कादलकुर्मी गांव योगेंद्र चंद्रवशी की 16 वर्षिय लड़की को भीम चूल्हा मंदिर से भगा ले गया था। इस संबंध में लड़की की मां कौशल्या देवी ने मोहम्मदगंज थाना में विष्णु चंद्रवंशी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बाद से पुलिस मोहम्मदगंज थाना प्रभारी अक्षय कुमार के नेतृत्व में लगातार प्रेमी युगल को बरामद करने के लिए छापेमारी की कारवाई में जुटी हुई थी। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह सफलतापूर्वक उक्त प्रेमी युगल को बरामद कर मामले में अभियुक्त विष्णु चंद्रवंशी को गिरफ्तार कर मेदिनीनगर जेल भेज दिया है।



### नावाडीह गांव के दो घरों में चोरी

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र बडण्डा पंचायत अंतर्गत नावाडीह गांव में गुरुवार की रात्रि दो घरों में चोरी की घटना हुई है। इसमें रामचंद्र रजवार के घर से चोरों को नगद पांच हजार रुपए ,जबकि प्रवेश मेहता के घर से चोरों ने एक बक्सा को ले जाकर सौ गज की दूरी पर खेत में तोड़ डाला। इसमें रखे नगद सहित जेवरात चोर निकालकर चंपत हो गए। भुक्तभोगी ने इस घटना की सूचना मोहम्मदगंज पुलिस को दे दी है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। मामले में छानबीन जारी है।

### पीएम आवास प्रखण्ड कोऑर्डिनेटर का एक दिन का मानदेय स्थगित

**पाटन।** बीडीओ पाटन ने प्रखण्ड समन्वयक पीएम आवास - शिवम जायसवाल को एक दिन का मानदेय स्थगित करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। बीडीओ मनोज तिवारी ने कार्यालय आदेश निर्गत कर कहा कि पीएम आवास कार्यो में उदासीन रवैया एवं बिना सूचना अनुपस्थित रहने एवं खोज बीन करने पर मोबाइल स्विच ऑफ रखने के आलोक में मानदेय स्थगित किया गया है। 24 घण्टा के अंदर स्पष्टीकरण भी माँगा गया है।

### शिलन्यास के 7 महीने के बाद भी रोड निर्माण अधूरा

**मनातू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चक पंचायत के ग्राम चक में मेन रोड से बिरजू मिस्त्री के घर तक पीसीसी रोड कार्य के शिलान्यास के 7 महीने बीत गए, पर निर्माण कार्य की शुरूआत अभी तक नहीं हुई है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है ग्रामीणों को बरसात के मौसम में खराब सड़क से होकर आना-जाना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के द्वारा निर्माण कार्य को यथाशीघ्र शुरू कराने की मांग की गई है। रोड का हाल बहुत दयनीय है। बरसात के दिनों में बहुत कीचड़ हो जाता है। जिससे ग्रामीणों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रोड निर्माण कार्य के स्वीकृत होने के बाद,ग्रामीण काफी खुशी के महौल में थे की आवागमन करने में सुविधा होगी। मगर निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से ग्रामीणों की उम्मीद धरी की धरी रह गई। क्योंकि बारिश के महीने में ही ग्रामीणों को दिक्कत होती है। आपको बता दें कि मुखिया निशाद अहमद के प्रयास से पीसीसी रोड को स्वीकृत कर शिलान्यास किया गया था। इस मामले में मुखिया निशाद अहमद ने बताया कि फंड में पैसा ही नहीं है, जैसे ही पैसा आएगा निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

### विधायक ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

**बिश्रामपुर।** प्रखंड के शंखा गांव में मुख्य सड़क से दुबे टोला को जोड़ने वाला एक किमी लंबा पीसीसी पथ बनेगा। लगभग एक करोड़ की लागत से बनने वाले इस पीसीसी पथ का शिलान्यास शुक्रवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने नारियल फोड़कर किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र के सभी ग्रामीण सड़कों का पक्कीकरण कराया जा रहा है। ताकि क्षेत्र का हर गांव प्रखंड व जिला मुख्यालय से सीधा जुड़ा रहे। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर विधान सभा में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। यह विस क्षेत्र जल्द ही झारखंड का सबसे विकसित क्षेत्र होगा। पूरे राज्य के लिए यह विस क्षेत्र एक उदाहरण बनेगा और यह सब यहां की जनता के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है। विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने कहा कि श्री चंद्रवंशी क्षेत्र के विकास हेतु सतत प्रयत्नशील रहते हैं। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### आपसी विवाद को लेकर मारपीट में तीन घायल, प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में प्रथम पक्ष के रामाधार पासवान व उसका पुत्र प्रभात पासवान घायल हुए हैं।जबकि दूसरे पक्ष में उमेश पासवान का नाम शामिल है। इस मामले में दोनों ओर से हुसौनाबाद थाना में लिखित शिकायत की गई है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि दोनों ओर से लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

# अगस्त-सितम्बर माह के राशन उठाव के बाद भी वितरण मात्र 15 प्रतिशत

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** पीएच अंतर्गत 27553, अंतरोद्वय - 1830 ग्रीन 2117 कार्ड धारी है। जिसके लिये 5350 क्विंटल चावल, 1376 गेंहू अगस्त एवं सितम्बर माह का आवंटन प्राप्त है। डीएसडी के माध्यम से चावल सभी डीलरों को दुकान पर पहुच चुका है। लेकिन डीलर वितरण नही कर रहे हैं। वितरण भी कर रहे तो दो माह के बजाय एक माह का ही राशन आने की बात कह वितरण कर रहे है। प्रभारी एमओ ने बताया है की दोनो माह का चावल सभी डीलरों के पास भेजा जा चुका है। अगस्त माह का चावल 101 डीलरों में से 52 को अगस्त माह ही भेजा गया है। लेकिन वितरण नही हुआ है। गेंहू एक दो दिनों में डीलरों के दुकानों में पहुच जाएगी। प्रभारी एमओ ने डीलरों के बैठक में निर्देश दिया है दोनों माह की राशन वितरण करे। लाभकों को ई पॉस मशीन की निकली पर्ची जरूर दें। ताकी कितना राशन किस माह की दी गई, कार्डधारी को मालूम हो। खाद्यान में कटौती तथा वितरण में लापरवाही बरतने की पुष्टि पाये जाने पर सख्त करवाई तथा प्राथमिकी दर्ज कराई जा सकती है। अगस्त माह में डीलरों को मिले चावल का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। चावल गोदाम में नही मिलने पर करवाई होगी। प्रभारी एमओ सखिचन्द दास पलामू जिले के 6 से अधिक प्रखंडो के प्रभारी बीसीओ है।

### डुमरी उपचुनाव में जीत पर पाटन में जश्न

**पाटन ।** डुमरी उप चुनाव की जीत होने पर पाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष रंजीत सिंह एवं झामुमो कार्यकताओं ने खुशी जताते हुए पाटन में जश्न मनाया। डुमरी उपचुनाव की जीत को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रणजीत सिंह ने जनता कि जीत बताया। उन्होंने कहा कि इस उप चुनाव की जीत यह संकेत देती है कि झारखंड में हेमंत सोरेन कि सरकार जनहित में कार्य कर रही है। वहीं इस जीत कि खुशी में पाटन बीससुत्री उपाध्यक्ष उमा शंकर सिंह ने कहा कि यह जीत सरकार का विरोध करने वालों के लिए सबक है। इस जीत की खुशी में सभी कार्यकताओं के बीच मिठाई बाँटी गई।

रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

# सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस सिगसिगी स्टेशन पर ठहराव की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** मुगलसराय रेल खंड के सिगसिगी रेलवे स्टेशन पर सिंगरौली - पटना एक्सप्रेस की ठहराव को लेकर रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति ने सिगसिगी रेलवे स्टेशन के दौरे पर पहुंचे मुगलसराय रेल खंड के डीआरएम राजेश गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति के सदस्यों ने सिंगरौली पटना एक्सप्रेस की सिगसिगी रेलवे स्टेशन पर दो मिनट के ठहराव की मांग की है। डीआरएम को दिए गए ज्ञापन में भाजपा नेता कुमार चौधरी ने बताया है कि सिंगरौली पटना एक्सप्रेस का ठहराव नहीं होने से विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई हेतु बाहर जाने में तथा बेहतर ईलाज हेतु बाहर जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सिगसिगी रेलवे स्टेशन पर एक भी एक्सप्रेस के ठहराव की सुविधा नहीं है। इससे पूर्व में भी इस विषय को लेकर रेलवे के अधिकारियों का ध्यानआकृष्ट कराया गया है। लेकिन अभी तक कोई सार्थक पहल नहीं की गयी। श्री चौधरी ने उक्त ट्रेन के ठहराव हेतु डीआरएम से आग्रह किया है ताकि यात्रियों के जीवन स्तर में सुधार हो साथ ही युवाओं को नये- नये अवसर मिल सके। वहीं मनोहर पासवान ने बताया की छ.उ गेट संख्या 97 के फाटक को फ्लाई ओवर ब्रिज में तब्दील किया जाए । पासवान ने बताया कि गांव के बीच में स्टेशन होने के कारण प्लेटफार्म नंबर 1 से 4 पर आने-जाने की कोई सुविधा नहीं है। इसलिए स्टेशन परिसर में प्लेटफार्म से बाहर का फुट ओवर ब्रिज का जो काम रुका हुआ है, जल्द से जल्द प्रारंभ किया जाए। ज्ञापन सौंपने वाले मे विक्रान्त कुमार, सतनारायण चंद्रवंशी प्रभात कुमार अरुण सोनी योगेन्द्र पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।



**कार्यलिय,कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के अतिअल्पकालीन ई.निविदा आमंत्रण सं०– WRD/MID/GUMLA-F$_2$-06/ 2023.24 Date:- 24.08.2023 जिसका पी.आर. सं०–305440 Minor Irrigation(23-24)D है, में तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित की जाती है:–

| | |
|---|---|
| Date of Publication of Tender on website | 08.09.2023 (9:00 AM) |
| Last date/Time for Submission of Bids online | 13.09.2023(up to 5:00 PM) |
| Last date for receipt of Bids Fee, Security and Other Documents. | 14.09.2023 (up to 3:00 PM) |
| Date of opening of e-tender | 15.09.2023 (2:00 PM) |

निविदा की अन्य शर्त्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

PR 306396 Minor Irrigation(23-24).D

**शपथ पत्र**

समक्ष,
नोटरी पब्लिक, लोहरदगा

मैं, सकलदेव उरांव पिता जैगी उरांव माता कुवारी उराईन ग्राम सढ़ाबे पोस्ट टाटी खरता थाना कैरो जिला लोहरदगा झारखण्ड एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान देता हूँ-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि पूर्व में मेरे पिता सोमरा उरांव थे तथा माता झुबु उरांव थी किन्तु दिनांक 05.02.1997 ई0 को पोसपुत्र (Adoption Deed) No. S. No. 218 Deed No. BK IV-8 के आधार पर अब मेरा नाम सकलदेव उरांव पिता जैगी उरांव माता- कुवांरी उराईन ग्राम सढ़ाबे पोस्ट टाटी (खरता) थाना कैरो जिला लोहरदगा हो गया है जो मेरा आधार कार्ड संख्या 6751 9738 8408 में दर्ज है तथा मेरा जन्म तिथि 01. 01. 1988 है।
3. यह कि उपरोक्त बातें सत्य एवं सही है।
यह शपथ पत्र आज दिनांक 15.07.2023 ई0 को लोहरदगा में सम्पादित किया गया।

शपथ पत्र संख्या 6727, दिनांक 30 अगस्त 2023

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढवा**

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–(1) कांड के प्रा0अभि0–दिलिप कुमार गुप्ता, पे0–स्व0 मंगरु प्रसाद गुप्ता, सा0–लमारी कला, थाना –काण्डी जिला–गढ़वा। भवनाथपुर थाना काण्ड संख्या–75/17,दिनांक–27.07.2017, धारा– 420/34 भा0द0वि0 के प्राथ0 अभि0– दिलिप कुमार गुप्ता, पे0–स्व0 मंगरु प्रसाद गुप्ता, सा0–लमारी कला, थाना–काण्डी जिला–गढ़वा के प्राथमिक अभियुक्त है। उक्त कांड में फिरार है। माननीय न्यायालय A.C.J.M Nagar Untari में आपके विरूध इश्तेहार निर्गत किया गया है, निर्गत इश्तेहार का तामिला 05.09.2023 को कराया गया। किन्तु आप अपने स्थाई पता सा0– लमारी कला, थाना– काण्डी जिला–गढ़वा से फिरार है, आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

PR.NO.306470 Police(23-24):D

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढवा**

**आवश्यक सूचना।**

**(नोटिस)**

नाम–(1) कांड के प्रा0अभि0– बबलू पसावान, पे0– रामजी पासवान, सा0– बिठगाँव, थाना– रौवर्टसगंज, जिला– सोनभद्र(उ0प्र0)। नगर उंटारी थाना काण्ड संख्या–49/2020, दिनांक–06.04.2020, धारा– 366(A) भा0द0वि0 के प्राथ0 अभि0– बबलू पसावान, पे0– रामजी पासवान, सा0– बिठगाँव, थाना– रौवर्टसगंज, जिला– सोनभद्र(उ0प्र0) के प्राथमिकी अभियुक्त है। उक्त कांड में फिरार है। माननीय न्यायालय A.C.J.M Nagar Untari में आपके विरूध इश्तेहार निर्गत किया गया है, निर्गत इश्तेहार का तामिला 18.08.2023 को कराया गया। किन्तु आप अपने स्थाई पता सा0– बिठगाँव, थाना– रौवर्टसगंज, जिला– सोनभद्र (उ0प्र0)से फिरार है, आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

PR 306469 Police(23-24)D

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डाल्टनगंज**
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in, eercdmedini@gmail.com)

**शुद्धि-पत्र**

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–26.08.2023 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से अल्पकालीन आमंत्रण सूचना सं0–01/2023–24 आमंत्रित की गई है, जिसका PR No. 305733 Road(23-24)#D है। अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज

PR 306478 Road(23-24)#D

**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
(Mail Id- db-chatra@jharkhandmail.gov.in) (E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत सिमरिया डाकबंगला परिसर एवं जबड़ा–रांची पथ पुराना स्वास्थ्य उपकेन्द्र के सामने दुकान निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

दुकान लीज/किराया पर लेने हेतु इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन की मांग की गयी थी। आवेदित लाभुक को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.09.2023 को अपराह्न 12.30 बजे जिला परिषद कार्यालय परिसर में लॉटरी का आयोजन किया जायेगा।

अतः आवेदक उक्त निर्धारित तिथि को यथा स्थान लॉटरी प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित किया जाय। अनुपस्थित रहने पर किसी भी तरह के आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.306386 District(23-24):D

झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालय : जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा।
पता:– जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, "आत्मा" लोहरदगा,

**कृषि उपादान व्यवसायियों को एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स (DAESI) में नामांकन लेने हेतु आवश्यक सूचना।**

राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज) हैदराबाद द्वारा संचालित कृषि उपादान व्यवसायियों हेतु (DAESI- Diploma in Agriculture Extension Services for Input Dealers) पाठ्यक्रम संचालित की जानी है।

लोहरदगा जिले के बीज/उर्वरक/कीटनाशक विक्रेता जो वैद्य अनुज्ञप्तिधारक है नामांकन हेतु आवेदन कर सकते है। पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु मैनेज हैदराबाद के वेबसाईट **www.manage.gov.in** से आवेदन प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है। या जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, "आत्मा" लोहरदगा **835302** से भी प्राप्त किया जा सकता है।

पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन पत्र निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/हाथों– हाथ के माध्यम से भी जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, "आत्मा" लोहरदगा 835302 को दिनांक 20.09.2023 के अपराहन् 5.00 बजे तक प्राप्त कराया जा सकता है नामांकन हेतु कुल अभ्यर्थीयों की संख्या **40** है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा:–

1. **DAESI** पाठ्यक्रम का विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र।
2. शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण–पत्र की छायाप्रति (अंक–पत्र, मूल प्रमाण पत्र)।
3. अनुज्ञप्ति (License) की छायाप्रति (बीज/उर्वरक/कीटनाशक)।
4. आधार कार्ड की छायाप्रति।
5. दो फोटोग्राफ पासपोर्ट साईज।
6. लाईसेंस धारी की **Input Dealer** को रू0 **10000/-** (दस हजार रूपया) मात्र एवं गैर–लाईसेंस धारी को रू0 **20000/-** (बीस हजार रूपया) मात्र का **Demand Draft** जो **Director SAMETI** के नाम से **Payable At Ranchi** को देय होगा संलग्न करना होगा। आवेदन पत्र रद्द होने या चयन ना होने की स्थिति में **Demand Draft** वापस कर दिया जाएगा।
7. **Demand Draft** को छोड़कर सभी दस्तावेजों पर आवेदनकर्त्ता द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।
8. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण है।
9. लाईसेंसधारी को प्राथमिकता दी जाएगी।

- अधिक जानकारी हेतु जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, "आत्मा" लोहरदगा 835302 से सम्पर्क किया जा सकता है
- विज्ञापन रद्द करने अथवा इसमें बदलाव करने का पूरा अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

ह0/–
जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 306404 Lohardaga(23-24)D

**NEWS इन ब्रीफ**

## डुमरी में प्रत्याशी की जीत से झामुमो में खुशी

**मेदिनीनगर।** झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने डुमरी में झामुमो प्रत्याशी की जीत की खुशी में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि डुमरी में हुए उपचुनाव में महगठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी को डुमरी की जनता ने शानदार जनादेश के साथ विजयी बनाया है। जिससे साफ पता चलता है कि माननीय मुख्यमंत्री श्र्हेमन्त सोरेन की जनकल्याणकारी नीतियों से जनता खुश है। साथ ही भाजपा आजसू और एआईएमआईएम जैसी बांटने वाली शक्तियों को डुमरी की जनता ने आइना दिखा दिया है। झारखंड में विकास की राजनीति चलेगी, तोड़ने की नहीं। पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो आज भी जनता के दिलों में जिंदा हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों का सम्मान जनता ने किया है, साथ ही इतने बड़े अंतर से झामुमो प्रत्याशी को चुनाव जीता कर उन्हें जनता ने सच्ची श्रद्धांजलि दी है। ज्ञात हो कि जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में झामुमो पलामू की टीम भी झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी जी के समर्थन में डुमरी गई थी और जोर शोर से उनका प्रचार किया था। साथ ही आज कार्यालय में सबों ने आतिशबाजी की और मिठाइयां बांटी। श्री सिन्हा ने कहा कि महागठबंधन प्रत्याशी को हर वर्ग का मत प्राप्त हुआ है, आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, अमीर गरीब सबों ने अपना समर्थन दिया है। महागठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी को झामुमो पलामू की तरफ से ढेरों बधाई, और डुमरी की जनता का ढेरों साधुवाद। इस शानदार जीत की खुशी में झामुमो कल जोर शोर से जुलूस निकाल कर जश्न मनाने की तैयारी में है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो व्यक्ति घायल



**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के खुरा गांव निवासी राजू चौधरी गुरुवार की शाम आकाशीय बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में राजू चौधरी ने बताया कि गुरुवार की शाम वह किसी काम से अपने घर के नजदीक खेत में गया था। इसी बीच उधर से घर लौटने के दौरान अचानक तेज बारिश होने लगी और अचानक आकाशीय बिजली गिर पड़ी।आकाशीय बिजली की झटके में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। वहीं दूसरी और चैनपुर थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव निवासी प्रमोद चौधरी भी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण व परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां इलाज के बाद भी उसकी गंभीर स्थिति बनी हुई है।

# आयुक्त ने चैनपुर कस्तूरबा विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

### शाहपुर मध्य विद्यालय में विद्यार्थियों को कच्चा अंडा दिये जाने पर जताई कड़ी नाराजगी
### प्रभारी प्रधानाध्यापक को शो-कॉज , वेतन रोकने, संयोजिका को बदलने का निर्देश

**स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय एवं लैब की क्रियाशील होने की जानकारी प्राप्त की**

**आयुक्त ने भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शिक्षा में गुणात्मक सुधार से बेहतर परिणाम मिलेगा। शिक्षा पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा मिले, इसके लिए शिक्षकों की नियुक्ति से लेकर विद्यालयों में मूलभूत सुविधा बढ़ायई जा रही है। बालिका शिक्षा से बेहतर समाज निर्माण हो सकेगा। यह बातें प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने कही। वे आज पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं राजकीय मध्य विद्यालय शाहपुर का औचक निरीक्षण कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक शिवेन्द्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी, जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित थे। इस औचक निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने विभिन्न कक्षाओं का जायजा लिया। छात्राओं, अध्यापिकाओं एवं वार्डन से बातचीत की। शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में पूछा।



स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय एवं लैब की क्रियाशील होने की जानकारी प्राप्त की।आयुक्त ने छात्राओं के लिए बनाए गए रसोईघर एवं खाना खिलाये जाने की व्यवस्था का भी जायजा लिया। रसोइया द्वारा बनाये गये दाल का स्वाद लिया। आयुक्त ने भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाने का निदेश दिया। छात्राओं को दरी पर बैठाकर खिलाए जाने एवं खाना खिलाये जाने वाले स्थान पर पर्याप्त लाइट नहीं रहने की व्यवस्था पर आयुक्त ने नाराजगी जताई। खाने वाले स्थान का विस्तार करने, कुर्सी टेबल एवं पंखा लगवाने का निदेश दिया। आयुक्त ने छात्राओं की पढ़ाई, खाने, रहने, स्वास्थ एवं सुरक्षा आदि में किसी प्रकार की कोई असावधानी नहीं बरतने का निदेश दिया। उन्होंने यहां तैनात सुरक्षा प्रहरी को रोटेशन वाइज दिन एवं रात में ड्यूटी कराने का निदेश दिया, ताकि छात्राएं सुरक्षित महसूस कर सकें। आयुक्त ने छात्राओं की नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए सिविल सर्जन को पत्र भेजकर समय-समय पर चिकित्सक को बुलाने एवं स्वास्थ्य कर्मी की तैनाती कराने का निदेश दिया। इस दौरान विद्यालय परिसर में पिछले करीब दो साल से निमार्णाधीन भवन को देख उन्होंने शिक्षा सचिव एवं भवन निर्माण विभाग के सचिव को पत्र भेजकर इस संबंध में अवगत कराने एवं भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।आयुक्त ने मध्याह्न भोजन दिए जाने में उदासीन रवैया को लेकर प्रभारी प्रधानाध्यापक को शो-कॉज करते हुए वेतन रोकने एवं संयोजिका को बदलने तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को हटाने का सख्त निदेश दिया। वहीं निकासी एवं व्यनन पदाधिकारी सत्येंद्र तिवारी को मूल विद्यालय में कार्य करने का निदेश दिया। उनके द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय, शाहपुर में निकासी एवं व्यनन पदाधिकारी के रूप में कार्य करने के संबंध में प्राथमिक शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर उचित मार्गदर्शन प्राप्त करने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया।

## आवारा पशुओं के जमावड़े से हमेशा बनी रहती है दुर्घटना की संभावना

### अज्ञात वाहन के धक्के से बछड़े की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गढ़वा रोड नई मोहल्ला पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक बछड़े की मौत हो गई। बताते चले की कुछ वर्षों से मेदिनीनगर शहर के मुख्य मार्गों, गली-मोहल्लों में आवारा पशुओं का जमावड़ा रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्गों पर झुंड बनाकर घूमते आवारा पशुओं के कारण हादसे भी हो रहे हैं।आवारा पशुओं के सड़कों पर जमावड़ा होने के कारण कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। शहर के मुख्य मार्गो पर पशु स्वछंद विचरण कर रहे हैं। वहीं इन पशुओं के सड़क पर कहीं भी खड़े अथवा बैठ जाने से जहां ट्रैफिक जाम के हालात निर्मित हो रहे हैं। बल्कि बीच सड़क पर अचानक लड़ने झगड़ने की वजह से राहगीर भी दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। आलम यह है कि बीते एक साल में करीब एक दर्जन



से अधिक लोग इन पशुओं की चपेट में आकर चोटिल हो चुके हैं। घनी आबादी वाले मेदिनीनगर शहर में वाहनों की तुलना में सड़कों की चौड़ाई पहले से ही बहुत कम है। ऐसे में दिन के समय अधिकांश सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है। वहीं इन सड़कों पर आवारा पशुओं के जमे रहने की वजह से समस्या और अधिक गहरा रही है। स्थिति यह है कि शहर में आवारा गाय, बैल और सांड बीच सड़क पर बैठे रहते हैं, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। लेकिन जिला प्रशासन इस ओर कतई ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे लोगों को इस समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। खास बात तो यह है कि आवारा पशुओं से हो रही परेशानी की शिकायत कई बार लोग नगर निगम के अफसरों से कर चुके हैं। लेकिन सुनवाई न होने से समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है, समस्या दिन पर दिन और गहराती जा रही है। वहीं दो पहिया वाहन चालक तो कई बार इन पशुओं की वजह से दुर्घटना का शिकार तक हो जाते हैं। बावजूद जिम्मेदार अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## पूर्व मेयर मिली डीसी से विकास योजनाओं पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने उपायुक्त पलामू से मिलकर निगम क्षेत्र में शहरी जलापूर्ति योजना फेज 2/3 तथा कोयल में मिनी बांध बांधकर शहर में पानी का लेयर बढ़ाने की बात रखी। जिसपर उन्होंने तत्काल जुडको के पदाधिकारी से मोबाइल पर बात कर बताया, शहरी जलापूर्ति योजना का कार्य दिसंबर तक शुरू हो जाने की पूरी संभावना है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा शहर में गिरते जल स्तर को बनाए रखने के लिए मिनी बांध की योजना पर जल्द सरकार से सहमति लूंगा। क्योंकि पलामू में दिन पर दिन बारिश भी कम हो रही है। प्रथम महापौर ने उपायुक्त पलामू से शहर के अंदर वीआईपी रिंग रोड रेडमा चौक से महात्मा गांधी मार्ग होते छमुहान, सर्किट हाउस, बिसफुट्टा पुल, बाईपास होते रेडमा चौक तक रोड का





चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण की बात रखी। जिस पर उपयुक्त पलामू ने जल्द कार्य करवाने का भरोसा दिया। पूर्व महापौर ने शाहपुर से नेउरा तक के मार्ग की दुर्दशा को बताते हुए दुरुस्त कराने की बात को भी रखा। चर्चा के क्रम में दिए गए अन्य प्रस्ताव में वूमेंस कॉलेज मार्ग में एक मिनी फ्लाईओवर बनाकर मुख्य फ्लाईओवर में जोड़ने की बात रखी, ताकि गढ़वा जाने वाली गाड़ियों से हो रहे शहर जाम से शहीद चौक को मुक्ति दिलाई जा सके। शहर के ट्रैफिक लाइट को दुरुस्त कराने, शहर के स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त कराने एवं विमेंस कॉलेज के सामने पूर्व सर्किल ऑफिस एरिया जो अब खाली पड़ा है में स्विमिंग पूल युक्त इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने पर सकारात्मक चर्चा की गई। प्रथम महापौर ने कहा उपायुक्त से वार्ता सकारात्मक रही।

## अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी





नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर ज्ञान विज्ञान समिति पलामू के जिला कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सुधीर कुमार सिंह एवं संचालन अजय साहू ने किया ।विचार गोष्ठी के मुख्य अतिथि ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि राज्य उपाध्यक्ष रामानुग्रह सिंह उपस्थित हुए। विचार गोष्ठी में अपने बातों को रखते हुए सुधीर सिंह ने कहा कि आज आज भी साक्षरता के दर में काफी प्रयास करने की जरूरत है महिला पुरुष का प्रतिशत का असमानता भी बहुत ज्यादा है । रामानुग्रह सिंह ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि आजादी के समय से ही गांधीजी ने स्वच्छता के महत्व को समझा। क्योंकि उनका मानना था कि जब तक लोक साक्षर नहीं होंगे। अपने हक और अधिकार को नहीं समझेंगे हमें आजादी नहीं मिल पाएगी । महात्मा गांधी भी साक्षरता को जीवन आधार मानते हुए सभी को इस दिशा में प्रयास करने का सलाह हमेशा दिया करते थे। आज जहां एक ओर हम चांद पर जाने का, सूरज पर पहुंचने की बात करते हैं । वही दूसरी तरफ हम सभी को साक्षर नहीं कर पाए । शिव शंकर प्रसाद ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि हम अपने देश को विकास के रास्ते पर तभी बढ़ा पाएंगे। जब इन 30 करोड़ लोगों को साक्षर करेंगे। आजादी के समय से ही गांव शहरों में पुस्तकालय की स्थापना इसी उद्देश्य से किया गया था कि लोग पढ़ लिख कर साक्षर बनेंगे। 1977 में भी प्रौढ़ शिक्षा इसके बाद 90 के दशक में साक्षरता अभियान इसी दिशा में किया गया प्रयास था। आज भी य 30 करोड़ संख्या हमें साक्षरता अभियान को पुन चालू करने का संदेश देता है। आज पुणे हमें अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर संकल्प लेने की जरूरत है। विचार गोष्ठी में पंकज श्रीवास्तव रंजय कुमार और स्वास्तिक सिन्हा ने भी अपनी बातों को रखें।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज, तैयारी पूरी

## मामलों के निस्तारण के लिए तेरह पीठ गठित : सचिव

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में दिन के 10:30 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगा। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 13 पीठों का गठन किया गया है। इसमें प्रथम पीठ में कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामले का निस्तारण कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता छाया सिंह करेंगे। दूसरे पीठ में विद्युत विभाग के मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार व अधिवक्ता अमिताभ चन्द सिंह करेंगे ।पीठ संख्या तीन में क्रिमिनल अपील क्रिमिनल रिवीजन एवं सिविल अपील के मामले का निस्तारण विनोद कुमार सिंह जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय एवं अधिवक्ता शशि भूषण करेंगे। पीठ संख्या चार में एम ए सी टी केस का निपटारा जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम अभिमन्यु कुमार वअधिवक्ता प्रदीप कुमार करेंगे। पीठ संख्या पांच में वन विभाग और उत्पाद विभाग के मामले का निस्तारण मुख्य



न्यायिक दंडाधिकारी निरुपम कुमार व अधिवक्ता वीणा मिश्रा करेंगी। पीठ संख्या छह में सिविल जज सीनियर डिवीजन के न्यायालय के मामले का निस्तारण ए सी जे एम आनन्द सिंह व अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्रा तथा पीठ संख्या सात में क्रिमिनल कंपाउंडेबल केस के मामले का निस्तारण शिखा अग्रवाल सिविल जज सीनियर डिवीजन व अधिवक्ता वीर विक्रम बक्स राय करेंगे ।पीठ संख्या आठ में सिविल केस जूनियर डिवीजन कोर्ट जे जे बोर्ड के मामले का निस्तारण रितु कुजूर प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट जे जे बोर्ड व अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय करेंगे ।पीठ संख्या नव में रेलवे कोर्ट से संबंधित मामले का निस्तारण रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार व अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा करेंगे। पीठ संख्या 10 में एन आई एक्ट से संबंधित मामले का निस्तारण चंदन कुमार गोस्वामी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी व अधिवक्ता संतोष तिवारी करेंगे । पीठ संख्या 11 में जिला उपभोक्ता फॉर्म से संबंधित मामले का निस्तारण उपभोक्ता फॉर्म के अध्यक्ष मोहम्मद नसरुद्दीन व सदस्य राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल करेंगे। पीठ संख्या 12 में प्री लिटिगेशन से संबंधित मामले का निस्तारण स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता व सदस्य महिमा श्रीवास्तव करेंगे तथा पीठ संख्या 13 में एग्जेक्युटिव व रेवेन्यू व लेबर विवाद से संबंधित मामले का निस्तारण एग्जेक्युटिव मजिस्ट्रेट कपिल देव ठाकुर व अधिवक्ता वीरेंद्र नाथ मिश्रा करेंगे। वही तीन न्यायिक अधिकारी व तीन अधिवक्ता को रिजर्व में रखा गया है। अमरेश कुमार जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश छह , संजय सिंह यादव सिविल जज सीनियर डिवीजन तीन व अमित गुप्ता एस डी जे एम व अधिवक्तओं में कुमार शिवाजी सिंह, हुसैन बारिश तथा अजय पांडेय शामिल हैं। वही एक हेल्प डेस्क बनायी गयी है, जिसमें पुष्कर राज अधिवक्ता और मुनेश्वर राम पीएलभी लोगों को जानकारी देंगे।

### कैम्पस प्लेसमेंट में 150 युवाओं को मिली नौकरी

**मेदिनीनगर।** ज्योति आईटीआई डालटनगंज में कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें 150 प्रशिक्षणार्थियों का चयन सुजुकी मोटर गुजरात के कंपनी में किया गया। संस्थान के सचिव ज्योति पांडे ने सभी चयनित युवाओं को बधाई दी। कहा कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। श्री पांडेय ने कहा कि हमारा उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ छात्रों को रोजगार से जोड़कर स्वावलंबी बनाना है। शिक्षा के साथ बहुमुखी विकास के लिए भी समय-समय पर संस्थान द्वारा विभिन्न तरह के रोजगार परक सेमिनार, वर्कशॉप, अतिथि व्याख्यान आदि का आयोजन किया जाता है, जो भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने एवं उचित निर्णय लेने में मददगार साबित होता है।

### अलग - अलग सड़क दुर्घटना में दो महिला घायल

**मेदिनीनगर।** सड़क दुर्घटना में गढ़वा निवासी संजय कुमार मेहता की पत्नी सुनीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में घायल महिला के पति संजय मेहता ने बताया कि सोमवार की शाम दोनों पति-पत्नी गढ़वा अपने घर से बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर के रेड़मा जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में सुनीता देवी बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद राहगीरों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया है। वहीं दूसरी और सतबरवा थाना क्षेत्र के ग्राम पोंची गांव निवासी अवधेश भुइया की पत्नी सविता देवी शुक्रवार की दोपहर बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच करें प्रशासन : कौशल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के आसेहार उच्च विद्यालय में आई सिटी लैब से लाखों रुपए के कंप्यूटर की चोरी हो गई चोरी की घटना का पता तब चला जब आईसीटी कंप्यूटर टीचर बच्चों को पढ़ाने के लिए 4 ता. को दिन में 10:45 बजे लैब को खोलने पहुंचे। जिसकी जानकारी उन्होंने स्कूल का शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक को दी। संबंधित थाना में सूचना देने के बाद पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की गई व संबंधित घटना पर सनहा दर्ज किया गया। स्कूल में लगातार चोरी की घटना पांचवीं बार हुई है। इसके पहले भी स्कूल से पंखा, एमडीएम के अनाज ,साइकिल वगैरह की चोरी हो चुकी है, लेकिन चोरों का उद्वेदन नहीं हो पाया। *पुलिस प्रशासन की लापरवाही के वजह से चोरी की घटना लगातार बढ़ती जा रही है। आम आदमी पार्टी नेता कौशल किशोर ने पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि उच्च स्तरीय कमिटी बनाकर मामले का उद्वभेदन करें और चोरी में सम्मिलित लोगों पर कठोर कार्रवाई करें। लैब से कंप्यूटर की चोरी होने से बच्चों के शिक्षा में रुकावट आई है जो बहुत ही दुखद है। पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन भी बनाया गया है, जिसे कल पांच सदस्य कमेटी मिलकर सौंपेंगे। उक्त निर्णय एक बैठक में लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत विकास कमेटी कमेटी आसेहर एवं प्रबंधन समिति के सदस्य भी मौजूद थे। इनके अलावा सुरेंद्र भुईया, राजदेव रवि, कैलाश मिस्त्री, हरिहर प्रसाद गुप्ता ,सरजू राम, दिनेश यादव ,अमरेश यादव, गणेश प्रजापति, विकेश शाह, झरी प्रजापति, राजेश्वर प्रसाद, विकास प्रसाद, पंकज कुमार, महेंद्र वर्मा सहीत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**अनुसंधान**

### रबी फसल पर रिसर्च व प्रयोग की बनी कार्य योजना

# पलामू में सेव की खेती करें किसान :डॉ. पीके सिंह

**वैज्ञानिकों के साथ अनुसंधान निदेशक ने प्रक्षेत्र भ्रमण कर देखी खेती व बगान**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** क्षेत्रीय अनुसंधान एवं प्रसार परामर्श दात्री समिति की शुक्रवार को हुई बैठक में रबी फसल के अनुसंधान एवं प्रयोगों पर चर्चा की गई। क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र चियांकी में आयोजित इस बैठक का उदघाटन बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक (अनुसंधान ) डा. पी के सिंह ने दीप जलाकर किया। बैठक की अध्यक्षता जेडआरएस चियांकी के सह निदेशक डा. अखिलेश साह ने की। बैठक में आगामी रबी फसल के लिए गेहूं, सरसो, तीसी व चना आदि फसलों पर रिसर्च एवं बीज उत्पादन का वर्क प्लान तैयार किया गया। बताया गया कि जेडआरएस प्रक्षेत्र के करीब 8-10 हेक्टेयर भूमि में रबी की फसल लगाई जायेगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए निदेशक डा. पीके सिंह ने घटते वषार्पात को देखते हुए कम पानी में तैयार होने वाली फसलों को लगाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि



कृषि वैज्ञानिक किसानों को भी वैसी फसलों की खेती के प्रति जागरूक करें जिसमें सिचाई की कम जरूरत पड़े। उन्होंने कहा कि जेड आर एस में कम पानी में लगाई गई फसलों को किसान देखें और उसका अनुकरण अपनी खेतों में करें।उन्होंने कहा कि पलामू के किसान सेव व अमरुद की खेती कर कम लागत में अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। जेड आर एस के सह निदेशक डा. अखिलेश साह ने जलवायु परिवर्तन पर चर्चा करते हुए किसानों से धान की सीधी बुआई एवं हाई ब्रीड धान लगाने पर जोर दिया,ताकि कम समय व पानी में फसल तैयार हो सके। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक डा. नरगिस कुमारी ने आँवला का बगान लगाने एवं इसमें अंतः फसल लगाकर दोहरी फायदा उठाने की बात कही। उन्होंने अरहर के साथ भी अंतः फसल लगाने की तकनीक पर चर्चा करते हुए इसके फायदे बताये। डा. मंटू जॉब ने कम पानी में फसल लगाने की तकनीक बताये।जेडआरएस के वैज्ञानिक ई. प्रमोद कुमार ने पॉली हाउस तकनीक की जानकारी दी। बताया कि इस तकनीक से विपरीत स्थिति में भी किसान सब्जी का उत्पादन कर सकते हैं। डा. अनिल कुमार ने दो नंबर की जमीन पर आम, अमरुद, बैर, बेल, आँवला के साथ शीशम एवं सागवान का बगीचा लगाकर अंतः फसल लगाने पर बल दिया। डा. अखलाक अहमद एवं यंग प्रोफेशनल अभिषेक पटेल ने भी कई जानकारियां शेयर की। बैठक में मृदा विज्ञान के वैज्ञानिक डा. वी के अग्रवाल, डा. सयत मिश्रा, केवीके पलामू के डा. सुधीर झा समेत बड़ी संख्या में अलग अलग जिलों के वैज्ञानिक व प्रगतिशील किसान उपस्थित थे। इस दौरान अनुसंधान निदेशक के साथ सभी लोगों ने जेड आरएस चियांकी का प्रक्षेत्र भ्रमण कर वैज्ञानिक तकनीक से की गई खेती और प्रयोगों को देखा।

### भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा में उमड़ी भीड़, पूर्व विधायक तिवारी बोले

# गढ़वा की जनता को लूट रहा बाहरी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

रमकंडा प्रखंड मुख्यालय स्थित कुरूमदरी मैदान में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी सहित अन्य नेताओं ने की। मौके पर तिवारी ने कहा कि वर्तमान विधायक गढ़वा को ईस्ट इंडिया कंपनी की तर्ज पर लूटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजा-महाराजा के सहयोग से बाहरी व्यक्ति द्वारा गढ़वा की जनता की गाढ़ी कमाई को लूटा जा रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। प्रखंड, अंचल और जिला कार्यालय में बिना पैसा का एक भी काम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने भैया जी के भ्रष्टाचार की पोल खोलने की शुरुआत की तो, उन्होंने मुझ पर मानहानि का केस दर्ज करा दिया। उन्होंने कहा कि वह केस से डरने वालों में से नहीं है। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के लोग बालू के लिए हाहाकार कर रहे हैं, जबकि भैया जी के संरक्षण में लाखों ट्रक बालू उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में कालाबाजारी किया जा रहा है। वर्तमान में भी बालू की कालाबाजारी जारी है। आम अवाम और गरीबों की जमीन ऑनलाइन कराने में अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक आनाकानी कर रहे है। वहीं भैया जी ने सैकड़ों एकड़ गैरमजरूआ जमीन की जमाबंदी अपने भाई और चहेतों के नाम पर करा दिया। उन्होंने कहा कि भैया जी भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर चुके है। राज्य सरकार अपना एक भी वादा को पूरा नहीं कर पाई। साल में पांच लाख लोगों को नौकरी, पढ़े लिखे बेरोजगारों को बेरोजगारी भता, महिलाओं को सालाना 72 हजार रुपये देने का वादा भूल गई। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रष्ट जनप्रतिनिधि को ग्रामीण गांव में घुसने नहीं दें। उन्होंने कहा कि मैं क्षेत्र के सभी गांवों का दौरा कर वर्तमान जनप्रतिनिधि के द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार का पदार्फाश करूंगा। पूर्व विधायक ने उपस्थित जनसमूह से 15 सितंबर को गढ़वा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सुरजी देवी, उप प्रमुख आरती देवी, भाजपा के जिला महामंत्री संतोष दुबे, सुरेंद्र विश्वकर्मा, प्रदीप पासवान, जितेंद्र चंद्रवंशी, मंगलमूर्ति तिवारी, उज्जवल चौबे, नीरज पाठक, परी पांडेय, युवा मोर्चा के महामंत्री विकास तिवारी, विक्की पसवान, रमण विश्वकर्मा, मुन्ना प्रसाद, पूरनमल प्रसाद, सोमलाल मुंडा, बिगनी देवी, बंधन उरांव, सिंगराम मुंडा, राम अवतार सिंह, राजेंद्र विश्वकर्मा, अमरेश प्रसाद, राजीव प्रसाद, मनीष प्रसाद, अर्जुन यादव, राजेश्वर यादव, रामलगन यादव, अनिता देवी, दिनेश लाल, रामगृही पांडेय, सरयू प्रसाद, अनूप यादव, ज्ञानरंजन पांडेय, अकलीम अंसारी, उषा देवी, बुधन भुईया, रामलाल भुईया, उमेश यादव, राजकुमार विश्वकर्मा, राजेश्वर बैठा, कमल किशोर, अवधेश प्रसाद, पारसनाथ माली, नंदलाल केशरी, मुकेश केशरी, सुदामा राम, मंटू दुबे, जमेदार सिंह, नंदलाल राम आदि उपस्थित थे।



#### विभिन्न दलों के कई लोग भाजपा में शामिल

कार्यक्रम के दौरान झामुमो, राजद सहित विभिन्न दलों को छोड़कर 500 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी को पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने पार्टी में शामिल कराया। भाजपा में शामिल होने वालों में फविनियानुस मड़की, पवन भेंगरा, सोमा कंडीर, कुवंर मुंडा, मुनि भेंगरा, सुकराम टूडी, सुनील कंडील, पतरस डोडराय, सुजीत कंडीर, राजदेव कोरवा, विजय कोरवा, नवीन टोपनो, सुमन डोडरा, चनेश कुमार, रामजी यादव, मंगल हंसदा, अनिल कुमार विश्वकर्मा, सत्येंद्र भुईया, दिनेश प्रसाद, हरिलाल भुईया, सदाम अंसारी, तमजेर आलम,गुलाम अंसारी, कुलाम अंसारी, गुलाब अंसारी, अजित कुमार पासवान, जितेंद्र पासवान, रामनाथ पासवान, संतोष भुईया, सुनील चौधरी, अजय पासवान, रामप्रवेश पासवान, साकेत प्रसाद केशरी, सुरेंद्र यादव, रूपेश यादव, शिवलाल भुईया, जितेंद्र भुईया, उपेंद्र भुईया, रूपेश केशरी, गौतम यादव, पिताबंर केशरी, मोहन केशरी, राजकुमार मोची आदि शामिल हैं।

## डुमरी उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की विजय पर आतिशबाजी, बंटीं मिठाइयां

**नवीन मेल संवाददाता। केतार/चिनिया/श्री बंशीधर नगर**



डुमरी विधानसभा उप चुनाव में इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी बेबी देवी के जीत के बाद केतार बाजार में इंडिया महागठबंधन कार्यकर्ताओं के द्वारा जश्न मनाया गया। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा कि डुमरी विधानसभा उप चुनाव में इंडिया महागठबंधन की जीत ने साबित कर दिया है कि नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान ही चलेगी। उन्होंने कहा कि देश में दस साल से मंहगाई, बेरोजगारी बढ़ गई है लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने रसोई गैस में दो सौ रुपये की छुट देकर जानता को लॉलीपाप दिखाने का काम किया है, जिससे डुमरी की जनता ने नकारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन की ही जीत होगी। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, राम बिचार साहू, बिंदु राम, उदय प्रसाद, जसमुदिन अंसारी, महेंद्र पाल, सुरेश प्रसाद, छोटन सिंह, राम नारायण राम, गोपाल विश्वकर्मा, परशु नाथ साह, ताजमूल अंसारी, यमुना प्रसाद, आयुब अंसारी, साकीर अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

वहीं चिनिया प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ताओं ने डुमरी उपचुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी की जीत का जश्न मनाया। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर यादव ने कहा कि डुमरी उपचुनाव में आजसू और बीजेपी गठबंधन ने धन बल का उपयोग किया लेकिन वहां की जनता ने मुहब्बत की दुकान खोल दी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, झामुमो नेता मोहम्मद फारूक, गंगेश्वर सिंह, नौशाद मंसूरी, जन्नत हुसैन, उदय यादव, हरिओम यादव, उमेश यादव, राकेश तूरी, हरीमाल सिंह, भूखन कोरवा, सहित दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

वहीं श्री बंशीधर नगर में झामुमो कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि डुमरी की जनता ने जननेता स्व. जगन्नाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया है। केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य सूर्यदेव मेहता ने कहा कि यह जीत असत्य पर सत्य की जीत है। 2024 में लोकसभा का परिणाम इंडिया गठबंधन के पक्ष में होगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, झामुमो नेत्री किरण देवी, अमरनाथ पांडेय, मुकेश सिन्हा, रमेश चंद्रवंशी, मनोज कुमार, मुन्ना खान,मुकेश सिन्हा, लालबाबू अंसारी, सहित बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

वहीं खरौंधी बाजार में झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा जश्न मनाया गया। इस मौके पर झामुमो जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष हिफाजत अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर, सचिव मिथलेश राम, विनोद यादव, विजय मेहता, बाबूलाल पासवान, जाकिर हुसैन, अजित यादव, सतेंद्र राम, राजा हुसैन आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### केतार में कृत्रिम गभार्धान केंद्र का हुआ उद्घाटन



**केतार।** केतार मुखिया प्रमोद कुमार एवं भर्मणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सत्यनारायण सिंह ने शुक्रवार को राजघाट के समीप कृत्रिम गर्भधान केंद्र का उद्घाटन फीता काट कर किया। इस अवसर पर मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि पिछले एक दशक से पशुपालन विभाग द्वारा कृत्रिम गर्भधान केंद्र बन कर तैयार था। लेकिन किसी जनप्रतिधि ने शुरूआत कराने की दिशा में पहल नहीं किया। लेकिन मेरे द्वारा विभाग के पदाधिकारियों से मिल कर इसे शुरू कराने के लिए अथक प्रयास किया गया। आज केतार के आम जनता एवं पशुपालकों की समस्याओं का समाधान के लिए यह केंद्र की शुरूआत कर दी गई है, जिससे आम जनता को पशुपालन विभाग से मिलने वाली योजनाओं और निशुल्क दवा का लाभ मिलेगा। इस मौके पर पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है। इस शिविर में भर्मण शील चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सत्यनारायण सिंह ने कहा कि आज कृत्रिम गभार्धान केंद्र की शुरुआत कर दी गई है, इस केंद्र में परामर्शी कार्यकर्ता के लोग कार्य करेंगे। आज केंद्र की शुरुआत के अवसर पर पशु चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया है। पिछले एक महीनों से पशुओ में विभिन्न प्रकार की बीमारी हो रही है, जिसको लेकर आज पशुपालको को निःशुल्क दावा वितरण किया गया है। साथ ही पशुपालकों को अपने पशुओं को देख रेख करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा की सरकार के द्वारा पशुधन योजना का लाभ आगामी शिविर में आवेदन के आधार पर दिया जाएगा। इस मौके पर बबलू सिंह, कामता प्रसाद, साकिर अंसारी, गुलकेश साह, सुरेंद्र पटेल, संतोष मेहता, नंदू मेहता उपस्थित थे।

### आदिवासी महासभा की जिला कमेटी की बैठक

**बड़गड़।** रंका प्रखंड अंतर्गत बिश्रामपुर में अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिला कमेटी की बैठक की गई, जिसमें जिले के धुरकी, चिनिया, रंका, रमकंडा, भंडरिय, बरगढ़ प्रखंडों से आए हुए 21 पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश मिंज ने कहा कि सभी कमेटी को सक्रिय होकर रचनात्मक कार्य में भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता के बीच आदीवासी राजनीति को ले जाएं। उन्होंने मणिपुर हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए सभी कमिटी सदस्यों को बधाई दी। महासभा के महासचिव सुनील किसपोट्टा ने कहा कि जिला कमेटी के नेताओं के पास स्पष्ट दृष्टिकोण होना चाहिए। अगर यह नहीं होगा तो संगठन आगे नहीं चल पाएगा। उन्होंने कहा कि जिला कमेटी को केंद्रीय कमेटी के एजेंडे और दिशा पर चलना चाहिए। केंद्रीय कमेटी सदस्य सुनील मिंज और फिलिप कुजूर ने भी अपना मंतव्य रखा। इस बैठक में सभी प्रखंडों में केंद्रित रूप में भादो एकादशी को राजी करम पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। उसके बाद खोरी करम पर्व टोला टोला, गांव गांव मनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश मिंज, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के महासचिव सुनील किस्पोट्टा, गढ़वा जिला अध्यक्ष चैतु सिंह, केंद्रीय कमिटी के सचिव फिलिप कुजूर, केंद्रीय कमिटी सदस्य सुनील मिंज, भंडरिया प्रखंड अध्यक्ष नीलम कुजूर, केशवर केरकेट्टा, सुशीला केरकेट्टा, रजनी लकड़ा, केंद्रीय कमेटी सदस्य कविता सिंह, दया किशोर मिंज, जगदीश कुजूर, त्योफिल लकड़ा, शिलानंद तिग्गा, सचिव कमलेश सिंह, बरगढ़ प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मिंज, अजय सिंह, अरुण सिंह, अंबिका सिंह मौजूद थे।

### अंतरास्ट्रीय साक्षरता दिवस पर निकाली रैली

**खरौंधी।** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को साक्षरता कर्मियों एवं स्कूल के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई, जबकि विभिन्न विद्यालयों में भी रैली निकालकर लोगों को साक्षरता के प्रति जागरूक किया गया। प्रखंड साक्षरता समिति खरौंधी द्वारा उच्च विद्यालय खरौंधी से रैली निकाली गई। रैली को विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव एवं प्रखंड समन्वयक रंजू गुप्ता ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बीआरपी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, पंकज कुमार, बीपीएम नवीन प्रकाश, शिक्षक नीरज कुमार द्विवेदी, अमरेश कुमार, मोतीचंद जायसवाल, राघवेंद्र विहारी, उदय प्रताप, गोविंद उरांव, शुभाष कुमार, मो. जमालुद्दीन, कामेश्वर प्रसाद सिंह, पंचायत साक्षरता कर्मी अशोक ठाकुर, सुशील यादव, पुनमलता, संध्या देवी, माया आजाद, उमाशंकर प्रसाद आदि उपस्थित थे। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां के बच्चों ने साक्षरता दिवस पर विद्यालय प्रांगण से रैली निकाली। रैली का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने किया। रैली में शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया।

### मेराल थाना क्षेत्र में युवक का फंदे से लटका मिला शव

**मेराल।** थाना क्षेत्र के रेजो गांव निवासी जितेंद्र बैठा के पुत्र पंकज कुमार (20) का शव फांसी के फंदे पर लटकता शव शुक्रवार को मेराल पुलिस द्वारा बरामद किया गया। गुरुवार की रात्रि से ही पंकज घर से गायब था। उसके परिजनों द्वारा रात में खोजबीन की जा रही थी। शुक्रवार सुबह करीब 6:00 बजे मृतक पंकज की चचेरी बहन की नजर घर से महज 200 मीटर की दूरी पर पुराना जर्जर पड़े पोल्ट्री फार्म में पंकज पर पड़ी तथा उसने इसकी जानकारी परिवार वालों को दी। घर के लोग जब वहां पहुंचे तो देखा कि पंकज का शव रस्सी के सहारे लटक रहा है। घटना की जानकारी तुरंत मेराल पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद एसआई जाहिद अंसारी, एएसआई सत्येंद्र चौबे पुलिस के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा पंचनामा के बाद शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा।

## अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारी जोरों पर

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा जिला फुटबाल संघ के द्वारा आयोजित झारखंड अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर तैयारी जोरों पर है। 10 सितंबर से आयोजित होने वाली प्रतियोगिता को लेकर स्थानीय रामा साहू उच्च विद्यालय के मैदान में तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसकी जानकारी देते हुय फुटबॉल संघ के अध्यक्ष सह आयोजन समिति के सचिव आलोक मिश्रा ने बताया कि सभी मैच रामा साहू के साथ नगरऊंटारी, धुरकी, चिनिया, रंका, रमकंडा, बड़गड, मझिआंव प्रखंडों में भी कराए जाएंगे। उद्घाटन मैच गढ़वा एवं चतरा के बीच खेला जाएगा। इसके उपरांत 11 सितंबर को जामताड़ा एवं खूंटी के बीच मैच खेला जाएगा। इसी दिन लातेहार और दुमका के बीच भी मैच होगा। लोहरदगा एवं देवघर के बीच मैच खेला जाएगा। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 12 सितंबर को गुमला एवं चक्रधरपुर, पलामू एवं साहेबगंज, कोडरमा एवं गिरिडीह, घाटशिला और हजारीबाग के बीच मैच खेला जायेगा। 13 सितंबर को विनर ऑफ एक बनाम बोकारो, विनर आफ दो बनाम रांची, विनर आफ तीन बनाम सरायकेला खरसांवा, विनर आफ चार बनाम गोड्डा के बीच मैच खेला जाएगा। 14 सितंबर को विनर आफ पांच बनाम चाईबासा, विनर आफ छह बनाम जामदेशपुर, विनर ऑफ साथ बनाम धनबाद, विनर ऑफआठ बनाम रामगढ़ मैच खेला जाएगा। 15 सितंबर को विनर आफ नव बनाम विनर आफ दस, विनर ऑफ 11 बनाम विनर ऑफ 12 के बीच मैच खेला जाएगा। साहिबगंज और कोडरमा गिरिडीह एवं घाटशिला हजारीबाग के बीच मैच खेला जाएगा। 13 सितंबर को विनर ऑफ वन बनाम बोकारो बीच मैच खेला जाएगा। इसी दिन विनर ऑफ 2 बनाम रांची मैच खेला जाएगा।



### खेलो झारखंड में बच्चों ने दिखाया दमखम

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी/रमना**

खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत उच्च विद्यालय में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, भाला फेंक सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड के लगभग 60 विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव ने किया। इसमें चयनित छात्र- छात्राओं को जिला एवं राज्य स्तर पर स्कूली एवं साक्षरता विभाग द्वारा भेजा जाएगा। प्रथम दिन 52 बच्चों का चयन किया गया। आयोजन में नवीन प्रकाश, बीआरपी राजेंद्र गुप्ता, पंकज कुमार, शिक्षक अमरेश राम, नीरज कुमार दुबे, मोतीचंद जायसवाल, अरविंद कुमार गुप्ता, गोविंद उरांव, मो. जमालुद्दीन, अरविंद साह, सुभाष ठाकुर, उदेश पर्सवान, मनीष कुमार, सीआरपी नीरज कुमार दुबे, बीआरसी कर्मी सोनू कुमार, अजित राम आदि ने महती भूमिका निभाई।



वहीं रमना जमा दो हाई स्कूल के स्टेडियम में प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ ललित प्रसाद सिंह ने किया। इसमें बालक एवं बालिका वर्ग के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड बिस सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, उप प्रमुख, मुखिया अजित पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि यशवंत पासवान, बीपीओ सुनीता कुजूर, बीआरपी नरेंद्र तिवारी, शिक्षक नंदकिशोर चौबे, मनोज सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, संजय मौर्य, विपुल पटेल, प्रताप यादव, नागेंद्र ठाकुर, गिरींद्र सिंह, अजय गुप्ता, अपर्णा कुमारी, सुषमा कुमारी आदि मौजूद थे।

## 'मरांडी के कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर/खरौंधी**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नगर उंटारी आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन रात काम कर रहे हैं। कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। उक्त बातें भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा 16 सितंबर को संकल्प यात्रा के चौथे चरण के अंतिम दिन प्रदेश अध्यक्ष का बाबा बंशीधर की नगरी में आगमन हो रहा है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष प्लस टू हाइस्कूल परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान विधानसभा के सभी 505 बूथों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के अलावे क्षेत्र की जनता मौजूद रहेगी। 25 हजार लोग जनसभा में मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि श्री बंशीधर नगर पहुंचने से पूर्व रमना में बाबू लाल मरांडी का भव्य स्वागत किया जाएगा। रमना में शहीद भगत सिंह के प्रतिमा को माल्यार्पण करने के बाद बहियार में स्व. रामबिलास पासवान और बाबा चौहरमल के प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। पाल्हे कला में भी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। भवनाथपुर मोड स्थित बजरंग बली मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना करने प्रदेश अध्यक्ष जाएंगे। इस दौरान संत शिरोमणि रविदास, बाबा साहेब, राममनोहर लोहिया और स्व गिरिवर पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण बाबूलाल मरांडी करेंगे। इस मौके पर अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, विधायक प्रतिनिधि लाल मोहन यादव, जितेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।




वहीं मंडल कार्यालय खरौंधी में शुक्रवार को बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्य रूप से निर्णय लिया गया कि आगामी 16 सितंबर के झारखंड के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बंशीधर नगर में प्रस्तावित कार्यक्रम में प्रखंड के सभी कार्यकर्ता उपस्थिति होंगे। मौके पर प्रखंड प्रभारी संजय यादव, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकृपाल द्विवेदी, विनोद सिंह, सुशील यादव आदि उपस्थित थे।

## सब कामनाओं को छोड़ श्रीराम को भजो : जीयर

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी महाराज ने कहा जो दिन आज है, वह कल नहीं रहेगा, चेतना है तो जल्दी चेत जा, देख मौत तेरी घात में घूम रही है। श्री राम के चरणों की पहचान हुए बिना मनुष्य के मन की दौड़ नहीं मिटती, लोग केवल भेष बनाकर दर-दर अलख जगाते हैं, परंतु भगवान के चरणों में प्रेम नहीं करते, उनका जन्म वृथा है। जो शांत, दांत, उपरत, तितिक्षु और समाहित होता है, वहीं आत्मा को देखता है और वही सबका आत्मरूप होता है। जिन्होंने काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर इन छह शत्रुओं को जीत लिया है, वे



पुरुष ईश्वर की ऐसी भक्ति करते हैं जिसके द्वारा भगवान में परम प्रेम उत्पन्न हो जाता है। जैसे प्रवाह के वेग में एक स्थान की बालू अलग-अलग - बह जाती है और दूर-दूर से आकर एक जगह एकत्र हो जाती है, ऐसे ही काल के द्वारा सब प्राणियों का कभी वियोग और कभी संयोग होता है। सरलता, कर्तव्यपरायणता, प्रसन्नता और जितेंद्रियता - तथा वृद्ध पुरुषों की सेवा – इनसे मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### शिकायत | ई-पॉश में अंगूठा लगवाने के बाद राशन देने में टालमटोल कर रहे डीलर

## खाद्यान्न वितरण में बरती जा रही अनियमितता

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

खाद्यान्न वितरण में अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगवाने के बाद डीलर द्वारा लाभुकों को खाद्यान्न नहीं दिये जाने की शिकायत एमओ चुनाराम हेंब्रम के साथ-साथ कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दी। लाभुकों की जानकारी पर डीलर की दुकान पहुंचे 20 सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन को लाभुकों ने मामले से अवगत कराया। मामला प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई गांव के डीलर पारसनाथ प्रसाद से जुड़ा है।



जानकारी के अनुसार शुक्रवार को डीलर के सैकड़ों लाभुक खाद्यान्न लेने को लेकर दुकान पर पहुंचे थे। इसी बीच दुकानदार के द्वारा बारी-बारी से सभी लाभुकों का ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगवा लिया गया। साथ ही उनमें किसी को रविवार तो किसी को उसके बाद खाद्यान्न देने की बात कहीं जाने लगी। कुछ लाभुक डीलर की बात से सहमत थे तो कुछ सहमत। लाभुकों की जानकारी पर डीलर की दुकान पर सबसे पहले पहुंचे 20 सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन ने लाभुकों की बातों को गंभीरता पूर्वक सुना और सभी को राशन को लेकर आश्वस्त कराया। उसके बाद उनके द्वारा और कई जनप्रतिनिधियों को बुला लिया गया। सभी लोग एक साथ होकर डीलर की दुकान पहुंच कर लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण शुरू कराया। इस दौरान उनके द्वारा सरकारी तराजू के अलावा एक गैर सरकारी तराजू के साथ-साथ कई वजनों की मात्रा में बटखरा भी देखा गया। इसी बीच चुनाराम हेंब्रम भी दुकान पर पहुंचे तराजू के साथ-साथ कई वजनों की मात्रा में बटखरा देख आश्चर्यचकित हो गए। मामले को लेकर उन्होंने डीलर को फटकार लगाई। साथ ही सरकारी तराजू को छोड़ सभी वस्तु वहां से अविलंब हटाने का निर्देश दिया। उसके बाद उनके द्वारा दूसरा दुकान का पड़ताल किया जाने लगा। वहां से हटे एमओ को घंटा भी नहीं बीता कि पुनः डीलर द्वारा अवैध तराजू व बटखारा के माध्यम कटौती कर लाभुकों के बीच राशन का वितरण करना शुरू कर दिया गया। इसकी जानकारी लाभुकों द्वारा पुनः एमओ तक बात पहुंचाई गई। इसके बाद पुनः उक्त दुकान पहुंचे सीओ ने दुकान में रखे अवैध तराजू और बटखरा को वहां से हटवाया। एमओ चोना ने कहा कि डीलर पारसनाथ द्वारा राशन वितरण में अनियमितता बरती गई है। उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### भवनाथपुर प्रखंड में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया

**भवनाथपुर।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर सभी पंचायत के मुखिया एवं वार्ड सदस्य तथा पंचायत के सभी प्रेरक के द्वारा रैली का आयोजन किया गया। बीडीओ सह अध्यक्ष प्रखंड साक्षरता समिति द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना की गई। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से ऊपर के असाक्षर महिला, पुरुष को पढ़ने लिखने के लिए प्रेरित करने और उन्हें साक्षर कर मुख्य धारा से जोड़ते हुए उन्हें स्वावलंबन बनाने का संकल्प लिया गया। मौके पर प्रखंड साक्षरता समिति के समन्वयक अरविंद तिवारी, पंचायत साक्षरता समिति के प्रेरक रमाशंकर पाठक, संजय यादव, अवध यादव, रफीक अंसारी, दीनानाथ राम, अंजू गुप्ता, रेखा देवी, रीना कुमारी, मोतीलाल पासवान आदि मौजूद थे।

# डुमरी उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत पर नेताओं-कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ/मनिका/बरवाडीह**







डुमरी उपचुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सह झारखंड सरकार की मंत्री बेबी देवी की जीत पर झामुमो, कांग्रेस, राजद एवं इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। पटाखे जलाकर आतिशबाजी कर खुशी मनाई। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. आमिर हयात, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव ने कहा कि ये जीत डुमरी की जनता की जीत है। डुमरी उपचुनाव में जिस तरह से एनडीए गठबंधन द्वारा सांप्रदायिक माहौल बना कर वोट मांगा जा रहा था। उसे वहां की जनता ने खारिज कर दिया। जनता ने सारे धर्म को साथ लेकर चलने वाले इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी को भारी मतों से जीत दिलाई। वहां की जनता ने ये संदेश दे दिया है कि ये तो अभी झांकी है, 2024 अभी बाकी है। कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मो जुबैर, मुन्ना खान, एससी प्रखंड अध्यक्ष गोविंद राम, छोटू, युवा प्रखंड अध्यक्ष टीपू, बिनोद भुइयां, राजेश यादव, दीपक कुमार, प्रमेस्वर गंझू समेत झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे।

मनिका प्रखंड मुख्यालय में भी डुमरी चुनाव के जीत की खुशी में इंडिया महागठबंधन के सभी नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई। थाना चौक से पचफेड़ी चौक तक जुलूस निकाल गया। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि इंडिया महागठबंधन पूरे देश में परचम लहराएगा। मौके पर झामुमो नेता बलवंत सिंह, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, अख्तर अंसारी, पूर्व मुखिया संजय सिंह, सरजू यादव, अरविंद यादव, मोहन ठाकुर, इदरीस अंसारी, विशाल पासवान, अमरदीप पासवान, अजय यादव, संदीप, ज्ञानचंद पासवान, सुरेंद्र यादव, तस्लीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

बरवाडीह में भी डुमरी विधानसभा उपचुनाव के इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी की जीत पर गठबंधन के सभी पार्टियों के सदस्यों द्वारा आतिशबाजी छोड़ते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई गई। इसमें झामुमो, कांग्रेस और राजद के नेता व कार्यकर्ता शामिल थे। इस मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, झामुमो पूर्व प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी, कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, अफजल अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, सुरेश मिश्रा, राजद अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव, दुखन सिंह, राजद जिला सचिव जगनरायण माली, समीउल्लाह अंसारी, अब्दुल मन्नान अंसारी, रणविजय सिंह, बिष्णु राम, सुरेश मिश्रा, अयोध्या प्रसाद यादव, अवधेश मेहरा, रविंद्र पासवान, अरूण सिंह आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### भाजपा मंडल की बैठक में विधायक हुए शामिल

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में शुक्रवार को भाजपा मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष बिक्रम कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजत की गई। जिसमे मुख्य रुप से भाजपा जिला अध्यक्ष, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास बैठक में शामिल हुए। बैठक में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अगामी 12 सितंबर को सिमरिया एवं चतरा मुख्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा सह सभा में प्रखंड के दस पंचायतों से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मोटर साइकिल से सिमरिया पहुंचने का संकल्प लिया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाडा मनाने को लेकर चर्चा की गई। वहीं मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सभी गांवों से मिट्टी संग्रह करने को लेकर कमिटी का गठन किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, अछेवट पाण्डेय, मंडल महामंत्री महेंद्र नायक, अश्विनी सिंह, रसिक शिरोमणि, अजय कुमार सिंह के अलावा दर्जनो भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

### यात्रा की तैयारी को लेकर भाजपा की हुई बैठक

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचवटी होटल में संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक शुक्रवार को हुई, जिसमे पार्टी के सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास एवं जिलाध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष देवकुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। जिसमें मुख्य रूप से 12 सितंबर को पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा में प्रखंड के 12 पंचायतों से भाजपा कार्यकर्ता द्वारा मोटर साइकिल एवं चार पहिया वाहन से कार्यक्रम में पहुंचने का संकल्प लिया गया। मेरी माटी मेरा देश के कार्यक्रम के तहत सभी गांवों से मिट्टी संग्रह करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में रामकुमार सिंह, बसंत नारायण सिंह, राजेंद्र राम, निरंजन सिंह, सतीश कुमार सिंह, सीताराम दांगी, संतोष दांगी, कपिल दांगी, दसरथ साव, कुमार राणा, नगिन कुमार सिंह, रामाधार राम, ज्ञानी यादव, सुधीर राय, सुरेंद्र सिंह, गोपाल सिंह व विजय सिंह आदि मौजूद थे।

### नॉर्थ कर्णपुरा के नये प्रमुख ने किया पदभार ग्रहण



**टंडवा(चतरा)।** एनटीपीसी लिमिटेड ने स्वप्नेंदु कुमार पांडा को नॉर्थ करनपुरा में परियोजना का नया प्रमुख नियुक्त किया है। जारी निर्देश में बताया गया है की अपने व्यापक अनुभव के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ श्री पांडा हमारा नेतृत्व करने और उसे मजबूत करने के लिए तैयार हैं। नॉर्थ करनपुरा क्षेत्र में श्री पांडा पहले महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे (प्रोजेक्ट्स) पतरातू में, अपनी नई भूमिका में ज्ञान और विशेषज्ञता का खजाना लेकर आए हैं। नॉर्थ करनपुरा क्षेत्र में परियोजनाओं का समग्र प्रबंधन और निष्पादन करेंगे और हमारे रणनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में हमारी टीम का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। श्री पांडा ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत इस अवसर के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं इस नई भूमिका को निभाने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं और अपने समर्पित लौगों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। नॉर्थ करनपुरा के टीम के साथ मिलकर काम करेंगे। आगे बढ़ते रहेंगे हितधारकों की अपेक्षाएं।

### गिद्धौर में कुत्ते के काटने से बच्ची हुई घायल

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय निवासी तिलक भुइंया की 8 वर्षीय पुत्री मनीषा कुमारी शुक्रवार को कुत्ते के काटने से गंभीर रूप से जख्मी हो गई। ग्रामीणों व परिजनों के तत्परता से घायल बच्ची को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां बच्ची को इलाज किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि कुत्ते व सांप काट देता है तो मरीज को स्वास्थ्य केंद्र में लाएं। कुते व सांप से जख्मी मरीजों के इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इंजेक्शन उपलब्ध है।

## ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की लापरवाही को बताया घटना का जिम्मेदार

# 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

थाना क्षेत्र के छेंचा पंचायत अंतर्गत टीकुआ टोला में बीती रात्रि अपनी सास के दशकर्म से लौट रहे अमाही निवासी अनेश राम की 11 हजार वोल्ट के गिरे तार की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के प्रति जमकर आक्रोश व्यक्त किया। विद्युत विभाग के लिखित आश्वासन के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु उठाने दिया गया। अनीश राम की मौत की खबर सुनकर उसकी पत्नी सनीता देवी, बच्चों और अन्य परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल था।



जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात्रि 10:30 बजे के करीब छेंचा पंचायत के अमाही टोला निवासी अनेश राम भुइंया (40) छेंचा पंचायत के ही टिकुआ टोला स्थित अपने ससुराल में अपनी सास की मौत के उपरांत गुरुवार को आयोजित दशकर्म कार्यक्रम से रात्रि को भोज खाकर अपनी पत्नी सनीता देवी एवं अपनी तीन बच्चियों को छोड़कर अपने घर रात्रि में जा रहा था। इसी बीच टिकिया टोला खेल मैदान के ऊपर से गुजर रहे 11000 विद्युत प्रवाहित लाइन का एक तार नीचे गिर गया था, जिसकी चपेट में आने से अनिश राम की तत्काल मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह 6 बजे खेल मैदान से गुजर रहे लोगों ने इसकी खबर अनीश राम के ससुराल वाले समेत उसकी पत्नी सनीता देवी को दी। घटना की खबर सुनते ही सुबह 6:00 बजे से ग्रामीणों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। घटना की सूचना पाकर सुबह 8 बजे के करीब बीडीओ राकेश सहाय, थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह, एसआई धर्मेंद्र सरदार, विधायक प्रतिनिधि विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, जिप सदस्य प्रतिनिधि शशि शेखर समेत काफी संख्या में ग्रामीण समेत विभिन्न राजनीतिक दल के लोग घटनास्थल पर पहुंचे हुए थे।

### पांच लाख मुआवजा व नौकरी का आश्वासन

विद्युत तार की चपेट में आने से युवक की मौत की खबर के बाद सुबह से ही ग्रामीण घटनास्थल पहुंचे हुए थे। पंचायत के उप मुखिया राणा प्रताप सिंह, अतुल कुमार सिंह, संजय सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश व्यक्त कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र में विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते कई जगहों पर तार लटके हुए हैं। इसी के चलते एक व्यक्ति की मौत हो गई। ग्रामीणों ने कनीय अभियंता वीरेंद्र चौधरी के परिजनों को 5 लाखा का मुआवजा, आश्रितों को विद्युत विभाग में अनुबंध के आधार पर अस्थायी नौकरी देने के लिखित आश्वासन के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु उठाने दिया।

### बीडीओ व विधायक ने दिया आर्थिक सहयोग

घटना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, विधायक पुत्र सह कांग्रेस कमेटी के स्टेट कोऑर्डिनेटरविजय बहादुर सिंह ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर घटना के प्रति शोक व्यक्त करते हुए सभी तरह का सहयोग देने की बात कही। वहीं मृतक के अंतिम संस्कार हेतु तत्काल नकद राशि भी प्रदान की। वहीं बीडीओ ने मृतक की पत्नी को विधवा पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा लाभ की राशि दिलाने की भी आश्वासन दिया।

# टंडवा थाना क्षेत्र में महिला की संदिग्ध हालात में मौत

## दहेज उत्पीड़न व हत्या का मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**



थाना क्षेत्र के सराढु गांव में शुक्रवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिसिथति में मौत हो गई। इस संबंध में मृतका के मायके वालों की लिखित शिकायत पर स्थानीय थाना में मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान का रही है।

जानकारी के अनुसार मृतका राजकिशोर दांगी की पत्नी सुहानी उर्फ मनीषा की मौत बीते रात्री हो गई। मृतका का पुत्र भी है। इस बाबत मृतका के पिता राजकुमार दांगी पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के बेलहर निवासी द्वारा टंडवा थाना में दिये गये आवेदन में मृतका के पति व सास-ससुर समेत छः लोगों पर दहेज के तौर पर चार लाख रुपए व मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उत्पीड़न करने एवं गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया गया है। वहीं बताया गया है कि साक्ष्य छुपाने के लिए आरोपियों ने मृतका के उपर जहरीले पाउडर डालकर आत्महत्या साबित करने का प्रयास किया है। जानकारी के अनुसार घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गये हैं। बहरहाल घटना के बाद पुलिस सूचना मिलते हीं घटनास्थल का जायजा लेते हुवे शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुवे सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर व्यापक अनुसंधान किया जा रहा। अपराधियों को पकड़ने के लिए सभ्री संभावित जगहों में छापेमारी की जा रही है।

### अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार



**बारियातु।** थाना क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा ग्राम निवासी अशोक साव पिता बिहारी साव कांड संख्या 34/23 के घर बारियातू पुलिस ने विधिवत इश्तेहार चिपकाया। पुअनि दिपक नारायण सिंह ने बताया कि लातेहार कोर्ट के निर्देशानुसार गांव पहुंच कर इश्तेहार चिपकाया गया।

# तमिलनाडु जा रहे मजदूर की ट्रेन से गिर कर मौत

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

नेतरहाट थाना क्षेत्र के ग्राम छगरही दुरूप के रहने वाले ननकू मुंडा पिता पूसा मुंडा (42) की तमिलनाडू जाने के क्रम मे रास्ते में ही ट्रेन से गिर जाने से मौत हो गई है। इस संबंध में नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत ने बताया कि घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। साथ ही शव लाने के लिए परिजनों को भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना गुरुवार की है। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र एवं दो पुत्री छोड़ गये हैं। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

तमिलनाडू में काम दिलाने के नाम पर डीपाटोली के रहने वाले रिजवान अंसारी मृतक समेत पांच अन्य लोगों को ले जा रहा था। परिजनों ने बताया कि मृतक ननकू मुंडा के साथ बितना मुंडा, सुरेश बृजिया, मनोज मुंडा एवं बोगा मुंडा को भी रिजवान अंसारी गत मंगलवार को ले गया था।

### रोजगार की खोज में प्रतिदिन दर्जनों मजदूर करते हैं पलायन

### घटती रहती है ऐसी घटना पर प्रशासन मूकदर्शक

प्रखंड में इस वर्ष औसत से काफी कम बरसात हुई है, जिस कारण अधिकांश किसान खेती भी नहीं कर पाये। वहीं आदिवासी बहुल क्षेत्र महुआडांड में कोई रोजगार भी नहीं है। बेरोजगारी अपने चरम पर है एवं रोजगार की खोज में पलायन करने वाले मजदूरों की संख्या में इस वर्ष इजाफा देखने को मिल रहा है। यही कारण है कि अधिकांश आदिवासी युवक, युवती और यहां तक कि नाबालिग भी घर के परिजनों का पेट पालने के लिए दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, केरल, तमिलनाडु आदि राज्यो में जाकर मजदूरी करने को मजबूर हैं। इस दरम्यान पूर्व में भी कई मजदूरों की मौत हो चुकी है।

# वज्रपात की चपेट में आई घर के बाहर काम कर रही महिला, घायल

**बरवाडीह।** प्रखंड के छेंचा पंचायत के टिकुआ टोला में शुक्रवार को बज्रपात की घटना में मंजू कुंवर नामक एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार घायल महिला अपने घर के पास अन्य दिनों की तरह कार्य कर रही थी, तभी एकाएक वज्रपात की घटना घटित हो गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर प्राथमिक उपचार किया गया, जहां पर चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन के द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन ने बताया कि वज्रपात की घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हुई है। उसके एक तरफ का शरीर का अंग काम नहीं कर रहा है। फिलहाल उसका इलाज किया जा रहा है। उसे जरूरत पड़ने पर बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच डाल्टनगंज रेफर किया जाएगा।

# राजेश्वर यादव की मूर्ति का अनावरण

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**




सिंजो एनएच 39 के समीप प्रांतीय यादव महासभा के द्वारा प्रखंड के राजनीतिक गुरु कहे जाने वाले स्वर्गीय राजेश्वर प्रसाद यादव की चतुर्थ पुण्यतिथि पर प्रतिमा स्थापित कर उसका अनावरण किया गया। इस मौके पर सभी राजनीतिक दलों के नेताओं और अन्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष सह अधिवक्ता वृंदबिहारी प्रसाद यादव ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर दास उपस्थित रहे। वही मनिका विधानसभा के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, ने संयुक्त रूप से मूर्ति का अनावरण किया। दास ने कहा कि राजेश्वर प्रसाद यादव का समाज में बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने सामाजिक ताना-बाना के साथ समाज को शिक्षा से जोड़ने का हर संभव प्रयास किया। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि यादव महासभा ने जो कार्य आज किया वह भारतीय जनता पार्टी के लोगों को करना चाहिए था। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, राजधानी प्रसाद यादव, जिप सदस्य बलवंत सिंह, समेत कई वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर राजद लक्ष्मण यादव, भाजपा नेत्री नीलम यादव, सपा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, अरुण यादव, बल्ली यादव, बलवंत यादव, संपतिया देवी, भाजपा नेता रघुपाल सिंह, महेश सिंह, अवधेश सिंह चेरो, राकेश दुबे, पंकज सिंह, बंसी यादव, ध्रुव कुमार पांडे, जिला मीडिया प्रभारी पंकज यादव, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, सुरेंद्र भारती, मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, अमरेंद्र कुमार यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, अंकित राज गोलू, प्रांतीय यादव महासभा के युवा जिला अध्यक्ष बच्चन यादव, ग्राम प्रधान मुनेश्वर यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात, दो मवेशी को सूंड से पटक किया घायल

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**



प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा व बेसरा गांव में बीती रात जंगली हाथियों ने दो मवेशी को सूंड से पटककर घायल कर दिया। वहीं कई किसानों की फसल को भी खाकर रौंद डाला। हाथियों ने मकरा ग्राम निवासी रंजीत कुमार सिंह पिता स्व छेदी सिंह की दुधारू गाय एवं बछड़े को अपने पैर से कुचलकर एवं दांत से चीरकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पीड़ित ने बताया कि जंगली हाथी रात करीब 2:00 बजे आ धमके और गाय को कुचलने लगे। गाय की आवाज सुनकर घर से बाहर निकले तो देखा कि हाथियों ने उत्पात मचा रखा है। गांववासियों के सहयोग से हाथियों को हटाया गया। गाय के घायल होने से पचास हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। इधर ग्राम बेसरा में कारू उरांव पिता स्व दूखु की भैंस मचान में बंधा हुई थी। हाथियों ने उसे भी कुचल कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। भैंस के शरीर का कई हिस्सों में हड्डी टूट गई है, जिससे वह उठने में असमर्थ हो गई है। इससे किसान को 25 हजार रुपये की क्षति हुई है। वही लाले उरांव पिता स्व मोतिया उरांव के खेत में लगी मक्का की फसल को भी नुकसान पहुचाया गया। इससे किसान को 10 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। हाथियों ने बेसराविद्यालय का दरवाजा का कुंडी तोड़कर एक बोरा चावल खाकर चट कर दिया। भुक्तभोगी गरीब किसानों ने वनविभाग से ग्रामीण क्षेत्र से जगली हाथियों को भागने के साथ उचित मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

## परेशानी: आधा किलोमीटर से पानी लाने को विवश लोगों ने मुखिया से लगाई गुहार

# हरिजन तुरी टोला में गहराया पानी का संकट

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

सदर प्रखंड के सांसग पंचायत के समीप हरिजन तुरी टोला में इन दिनों पानी का संकट बढ़ता जा रहा है। लोग पानी पाने के लिए दरबदर के ठोकरे खाने को विवश हो रहे हैं। जल नल योजना के तहत हरिजन टोला में बोरिंग निर्माण कार्य कराया गया था। इसके बावजूद भी लोगों को पानी के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



लोग मजबूर होकर आधा किलो मीटर से पानी लाने को विवश हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण है कि ठेकेदार द्वारा जैसे तैसे बोरिंग कर रफूचक्कर हो जाना। ग्रामीण थक हार कर इस समस्या को लेकर पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति के पास गए और अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि हरिजन टोला में पानी की सुविधा नहीं होने के कारण हम लोगों को पानी पीने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 20 घरों में जो नल जल का कनेक्शन दिया गया था उसमें एक भी बूंद पानी नहीं निकल रहा। ग्रामीणों की समस्या को सुनने के बाद पंचायत समिति नसबुलेन आलम मुखिया प्रतिनिधि मंगलदेव उरांव ने लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि हम आप लोगों को विश्वास दिलाते हैं कि आपकी समस्या का समाधान अविलंब कर दिया जाएगा। इस विषय में पेयजल विभाग के अधिकारी से बात कर आपकी समस्याओं का निदान करने का प्रयास किया जाएगा।

### पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त कार्रवाई, दो ट्रैक्टर जब्त; मामला दर्ज

# पत्थर-बालू के अवैध खनन के खिलाफ डीएमओ ने चलाया छापामारी अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
अवैध खनन को लेकर जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद की अगवाई में शुक्रवार की अहले सुबह जिले के विभिन्न बालू घाट और पत्थर खदान लीज एरिया में औचक छापामारी किया गया। पुलिस और खनन विभाग की टीम को देखते ही अवैध खनन और बालू दोहन करने वाले माफिया में हड़कंप मच गया। कुडू, कैरो और सेन्हा थाना इलाके में छापामारी की भनक लगते ही बालू माफिया भागने में सफल रहे। छापामारी के दौरान सेन्हा थाना क्षेत्र के कोरांबे पहाड़ एरिया में छापामारी किया गया।



इस दौरान दो अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर को मौके पर जब्त किया गया। सेन्हा थाना में ट्रैक्टर जप्त कर डीएमओ राजा राम प्रसाद ने प्राथमिकी दर्ज किया है। बताया गया कि अवैध पत्थर खनन के आरोप में कोरामबे गांव निवासी ट्रैक्टर मालिक एतवा उरांव और गोरा टोली निवासी उमेश तिवारी के विरोध मामला दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि, जिले के विभिन्न प्रखंडों समेत शहरी क्षेत्र में विभिन्न नदी घाट से बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन की लगातार शिकायत मिल रही थी। विभिन्न प्रखंडों में पत्थर के अवैध उत्खनन की भी सूचना मिली थी। इसको लेकर सघन छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान बालू माफिया फरार हो गए। जबकि सेन्हा थाना क्षेत्र के कोरामबे पहाड़ में पत्थर का अवैध उत्खनन और परिवहन करते दो ट्रैक्टर को जप्त किया गया। खनन अधिनियम के तहत इसमें शामिल आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

# शिक्षिका ने जांच के नाम पर निजता का हनन करने का आरोप लगाया

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भंडरा कि गणित विषय की पूर्णकालिक शिक्षिका जयंती कुमारी ने जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भंडरा की प्रभारी सपना सिंह पर निजता का हनन करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि 5 सितंबर को सपना सिंह विद्यालय में बच्चों से खतरनाक काम करने की मामला को जांच करने के क्रम में मेरा निजी मोबाइल को लेकर 2 घंटे तक अपने कब्जे में रखी और मोबाइल का व्हाट्सएप के डिलीटेड मैसेज को एक्टिव कर मेरा व्यक्तिगत मैसेज को देखा गया तथा कई आवश्यक फोटो एवं वीडियो को डिलीट कर दिया गया।

शिक्षिका के द्वारा व्यक्तिगत, प्राइवेसी मैसेज फोटो एवं वीडियो को क्षति पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। इसके साथ ही मोबाइल से छेड़छाड़ करने एवं निजता का हनन करने का भी आरोप लगाया गया है। शिक्षिका ने जांच के बहाने निजता का हनन करने वाले पर पदाधिकारी को दिए आवेदन में कार्रवाई करने की मांग की है।

## जल सहिया ने मुखिया पति पर लगाया धमकी देने का आरोप

**भंडरा।** प्रखंड के भौरों पंचायत के जल सहिया ललिता देवी ने मुखिया पति पर पद से हटाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। जल सहिया ने बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा को आवेदन देते हुए मुखिया पति पर करवाई की मांग की है। जल सहिया ने अपने आदेवन मे बीडीओ को बताया की मुखिया पति जग जीवन उरांव द्वारा पंचायत मे नादेप टेंक बनवाया गया है। जिसका कार्य सही से नही किया गया है। जल सहिया ने बताया की मेरे द्वारा जांच कराने पर नादेप टेंक मानक अनुरूप नही बना है। कही नादेप की उंचाई सही नहीं है तो कभी नादेप जगह जगह दरार पड़ा है। इसके बाद मुखिया पति द्वारा मुझसे दबरदस्ती से उपयोगिता प्रमाण पत्र मे हस्ताक्षर कराने की बात कही जा रही है। मेरे द्वारा उपयोगिता मे हस्ताक्षर नहीं करने पर मुझे पद से हटाने की धमकी दी। जल सहिया ने बीडीओ से मामले की उचित जांच करने की मांग की है।

# कुपोषित बच्चों को भेजा जाएगा पोषण उपचार केंद्र



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिला समाज कल्याण अंतर्गत आयोजित हो रहे कार्यक्रम पोषण माह में लोहरदगा जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 6 माह से लेकर 6 वर्ष के बच्चों का उम्र के अनुसार ऊंचाई और वजन का माप किया गया। मापन और वृद्धि की जांच की गई। जिससे कुपोषित बच्चों के आंकड़ों की जानकारी प्राप्त हो सके। जो बच्चे कुपोषित की श्रेणी में आएंगे। वैसे बच्चों को पोषण उपचार केंद्र भेजा जाएगा एवं साथ ही उनके घर जाकर उनके परिवार के सदस्यों को कुपोषण से दूर होने की जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोहरदगा जिला को कुपोषण मुक्त बनाना है।

# डुमरी उपचुनाव : बेबी देवी की जीत पर झामुमो ने मनाया जश्न

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो/भंडरा**
झारखंड के डुमरी उप चुनाव में इंडिया गठबंधन की झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) प्रत्याशी मंत्री बेबी देवी के जीत पर कैरो प्रखण्ड के मुख्य चौक में इंडिया गठबंधन दल के कार्यकर्ताओं ने एक दुसरे को लड्डू खिलाकर खुसी का इजहार किया।

मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी ने कहा कि झारखंड में हुए उप चुनाव में डुमरी विधान सभा क्षेत्र की जनता ने साबित कर दिया है आज भी जनता जेएमएम के साथ साथ है। डुमरी विधान सभा में पार्टी की यह लगातार जीत इस बात का सबूत है कि स्व जगरनाथ महतो क्षेत्र की जनता के हित में काम करते थे। क्षेत्र की जनता बेबी देवी को जीत कर स्व जगरनाथ महतो को सच्ची श्रंद्धांजलि देने का काम किया और





झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शासन में विकास पर मोहर लगाने का काम किया। इस जीत से हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूती मिली है। आने वाले लोक सभा और विधान सभा चुनाव में झारखंड में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। झारखंड की जनता एन डी ए गठबंधन को धूल चटाने का काम करेगी। मौके पर जे एम एम के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जमील अख्तर अंसारी, समीरुदीन अंसारी, अख्तर अंसारी, बिपिन उरांव, रिजवान अंसारी, तबारक अंसारी, हिदायत खान, कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव मुर्शिद आलम, कोआर्डिनेटर प्रदेश यूथ कांग्रेस सोसल मीडिया झारखंड प्रदेश अल्ताफ अंसारी, मुस्लिम अंसारी, जोरावर खान, सुमित उरांव, सुधीर उरांव उपस्थित थे।

भंडरा में भी डुमरी उपचुनाव में आई एन डी आई ए गठबंधन की उम्मीदवार बेबी देवी की भारी मतों से जीत पर भंडरा झामुमो कार्यकर्ताओं ने प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी की नेतृत्व में जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई देकर मिठाई खिलायी। मौके पर बीस सूत्री सदस्य अब्दुल कुदुस, अमरेश रथ, प्रखंड उपाध्यक्ष तबरेज अंसारी, मीडिया प्रभारी विनोद उरांव, उदरगी पंचायत अध्यक्ष खुर्शीद अंसारी, नसीम मिरदहा, एतवा उरांव,सोमरा उरांव, सोनू खान, मुबारक अंसारी, जुल्फान अंसारी, रियाज अंसारी, संकर उरांव, सुहैल अमीन, रफीक अंसारी सहित झामुमो के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चयनित युवाओं को आईआईएम रांची देगी प्रशिक्षण




**लोहरदगा।** नीति आयोग अवार्ड मनी से स्वीकृत लोहरदगा जिला के रोजगार/स्वरोजगार प्रक्षेत्र में कार्यरत स्वयं सहायता समूह/उत्पादक समूह के 30 सदस्यों को सामग्रियों के मार्केटिंग से संबंधित प्रशिक्षण कार्य की परियोजना स्वीकृत है। जिसके अन्तर्गत चयनित प्रशिक्षणार्थियों को आईआईएम रांची के द्वारा आर-सेटी लोहरदगा में प्रशिक्षण दिया जाना है। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम उपायुक्त, लोहरदगा एवं निदेशक आईआईएम रांची की उपस्थिति में दिनांक 11.09.2023 को 11:30 बजे पूर्वाह्न से आर सेटी लोहरदगा में निर्धारित की गयी है।

# बीडीओ ने की मनरेगा की समीक्षा, दिए दिशा निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें प्रखंड में चल रही मनरेगा योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान उपस्थित बीपीओ सभी पंचायत सचिवों एवं रोजगार सेवकों से चल रही योजनाओं की पंचायतवार एवं ग्रामवार एक-एक जानकारी लेते हुए योजना कार्यों में युद्धस्तर पर तेजी लाकर उसे जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बीडीओ ने सभी सचिवों को मनरेगा के तहत बन रहे वृक्षारोपण, टीसीबी, मेड़बंदी,पशु शेड का कार्य अविलंब पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। इसके अलावे चल रहे नये योजना कार्यों में तेजी लाकर उसे यथाशीघ्र पूर्ण कराने का कड़ा निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर, सहायक अभियंता तनुश्री, कनीय अभियंता रविशंकर भगत, शिवशंकर उरांव रोजगार सेवक हेमंत कुमार, बीरबल महली, राम उरांव, झुनिया उरांव, रविंद्र लकड़ा उपस्थित थे।

## व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**लोहरदगा।** व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न सुलहनीय मामलों का निष्पादन किया जाएगा। सुलह योग्य आपराधिक वाद, एनआई एक्ट धारा 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस), मोटर-दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद, पारिवारिक/ वैवाहिक वाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद, सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद, बैंक रिकवरी से संबंधित वाद, राजस्व वाद, मनरेगा, बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद, बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद, सेवा से संबंधित वाद, वन विभाग से संबंधित वाद, उत्पाद से संबंधित वाद, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद, नीलाम वाद, दाखिल खारिज मामले समेत अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

# दो फरार वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
थाना क्षेत्र के डांडू,बदला एवं एकागुड़ी ग्राम में छापेमारी कर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है की लोहरदगा न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में एस आई गणेश कुमार यादव द्वारा दलबल के साथ वारंटीयों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया.इस संदर्भ में एस आई गणेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि डांडू निवासी बालक अंसारी के पुत्र जाकिर अंसारी व बदला निवासी सुखसागर पांडेय के पुत्र रुद्रप्रताप पांडेय अलग अलग थाना कांड में संलिप्त थे. जो फरार होने के कारण ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की अदालत से जारी वारंट के आलोक में दोनो वारंटीयों को सेन्हा थाना क्षेत्र के अलग अलग ग्राम से देर रात गिरफ्तार किया गया. वही गिरफ्तार दोनों को मेडिकल जांचोपरांत लोहरदगा न्यायालय में प्रस्तुत कर शुक्रवार को जेल भेजा गया।

## संक्षिप्त

### सिद्धो कानू युवा खेल क्लब की बैठक आयोजित

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यकय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय सिद्धो कानू युवा खेल क्लब के गठन को लेकर विभिन्न गांव में गठित क्लब के सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह, प्रमुख, सीताराम रजक, उज्जवल सिंह, चितरंजन शर्मा के अलावे अन्य कर्मी उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड स्तरीय सिद्धो कानू युवा खेल क्लब का गठन करते हुए प्रमोद कुमार यादव को अध्यक्ष, संतोष कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष व राजू भोक्ता को सचिव मनोनीत किया गया। वहीं 10 सदस्य टीम में सुभाष राम, मनीष दांगी, प्रीतम भोक्ता, भोला ठाकुर, रोहित कुमार, सुरेश कुमार भारती, शैलेंद्र कुमार यादव सहित अन्य को रखा गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि यह गठन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के तत्वाधान में की गई है। गठित टीम के सदस्यों को रजिस्ट्रेशन करवाने का निर्देश संबंधितों को दिया गया।

### मनरेगा लोकपाल ने पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ की बैठक, योजनास्थल का किया निरीक्षण



**पत्थलगड़ा(चतरा)।** मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान शुक्रवार को पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के तहत पत्थलगड़ा प्रखंड पहुंचीं। इस दौरान सर्वप्रथम प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड बीडीओ मोनी कुमारी, बीपीओ राजेश्वर कुमार, पंचायत सचिव व मनरेगा कर्मी के साथ बैठक कर प्रखंड में मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की जानकारी संबंधितों से लेते हुवे मनरेगा में कम उम्र के बच्चों के लेबर कार्ड नहीं बनाने का निर्देश दिया। साथ ही 18 से कम उम्र में लेबर कार्ड बनने पर संबंधित रोजगार सेवक व पंचायत सेवक के विरुद्ध नियमसंगत कार्रवाई की बात कही। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मनरेगा में डोभा, तालाब, टीसीब, मेढबंदी व अन्य कामों में बच्चों से बाल मजदूरी नहीं करवाएंगे। उन्होंने बताया कि योजनाओं से संबंधित शिकायत मिली है, ऐसे में कर्मी अपने कार्य में सुधार लाएं। अनियमितता से संबंधित शिकायत नहीं आनी चाहिए। पंचायत सचिवालय सिंघानी के प्रांगण में लोकपाल, बीडीओ, मुखिया राधिका देवी के द्वारा आम का पौधा लगाया गया। साथी पंचायत सचिवालय के निरीक्षण की, उसके बाद पंचायत बरवाडीह ग्राम बेलहर पिंटू सिंह के मनरेगा पार्क का भी निरीक्षण किया। वहां से पंचायत नवाडीह डमौल के ग्राम जगरनाथी में टीसीबी योजना में कार्य कर रहे मजदूरों से मिली। मनरेगा कर्मी को निर्देश दिए कि योजना स्थल पर छाया करना, घंडा में पानी, मेडिसिन, अन्य सामग्री उपलब्ध रखेंगे। इस दौरान पंचायत सचिव मोहम्मद असलम, पंचायत सचिव श्वेता कुमारी, पंचायत सचिव राकेश प्रसाद, लखन यादव, रोजगार सेवक टेनारायण रजक, पुणकेश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर राजन कुमार, प्रमोद कुमार, मनरेगा मजदूर आदि शामिल थे।

# इमर्जिंग फ्यूचर संस्थान में मनाया गया शिक्षक दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
इमर्जिंग फ्यूचर संस्थान लोहरदगा में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। संस्थान के विद्यार्थियों ने संस्थान के डायरेक्टर विकास सर और शिक्षिका नेहा कुमारी तथा प्रियंका कार्तिक को तिलक लगाकर एवं पुष्प देकर स्वागत किया। विकास सर्राफ एवं सभी शिक्षकों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर फूल एवं दीप प्रज्वलित कर डॉक्टर साहब को सम्मान से याद किया तथा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्थान के डायरेक्टर विकास सर्राफ और शिक्षिका नेहा कुमारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर राधाकृष्णन जी की जीवन पर प्रकाश डाला एवं गुरु शिष्य के बीच के मजबूत एवं आपसी विश्वास के रिश्तों पर ध्यान दिलाया। विद्यार्थियों की ओर से भी विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सुनीता कुमारी ने अपने नृत्य से सभी का मन मोह लिया एवं अभिषेक कुमार ने अपनी जानदार कविता से जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण जी की महिमा का शानदार उल्लेख किया। एसएससी जीडी में उत्तीर्ण विद्यार्थी अनूप बैठा को डायरेक्टर विकास सर्राफ के द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच संचालक अभिषेक एवं खुशी प्रजापति तथा सभी विद्यार्थियों का योगदान रहा।

### बैठक : योजना को अच्छे से धरातल पर उतारने का निर्देश

# मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी पहुंचीं कुडू, विकास योजनाओं की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी शुक्रवार को कुडू पहुंची। इस दौरान प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में बैठक करमनरेगा योजनाओं समीक्षा की। बैठक में कुडू प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मनरेगा लोकपाल ने प्रखंड की पंचायतों में चल रही सभी मनरेगा योजनाओं के कार्य प्रगति की जानकारी ली।

इसके साथ ही उन्होने मनरेगा योजनाओं को अच्छे से धरातल पर उतारने तथा मस्टर रोल के अनुसार मजदूरों की उपस्थिति आदि की बात कही। समीक्षा बैठक के पश्चात मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी ने ग्राम पंचायत टाटी में विनोद उरांव,




मालती उरांव, रंजीत उरांव एवं अन्य तीन बिरसा हरित ग्राम योजना एवं ग्राम पंचायत कोलसिमरी में मनरेगा के तहत निर्मित अमृत सरोवर का भौतिक निरीक्षण किया और सम्बंधित रजिस्टर और अभिलेख की जांच की। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अरबिंद रौशन सहित कनीय अभियंता, पंचायत सचिव खैरुल खान सहित अन्य पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

**दीपक गुप्ता की नियुक्ति को दी मंजूरी :** नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने उदय कोटक के इस्तीफे के बाद कोटक महिंद्रा बैंक के अंतरिम प्रबंध निदेशक और सीईओ के रूप में दीपक गुप्ता की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद।

eemidhus-cemr-jhr@nic.in

### ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-03/2023-24

पत्रांक– हुसैनाबाद, दिनांक–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | मोहलनिया नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण ग्राम– दमारो, प्रखण्ड–नावाबाजार, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | 63.218 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 16.09.2023 (11:00 AM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.10.2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 05.10.2023 (11:00 AM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 04.10.2023 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर । (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, राँची। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 306390 (District) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद।

eemidhus-cemr-jhr@nic.in

### ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-06/2023-24

पत्रांक– हुसैनाबाद, दिनांक–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | अमरौती नाला पर चेकडैम निर्माण ग्राम–गुआसरई प्रखण्ड–पाण्डू, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | 70.932 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 16.09.2023 (11:00 AM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.10.2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 05.10.2023 (11:00 AM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 04.10.2023 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर । (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, राँची। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 306387 (District) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद

eemidhus-cemr-jhr@nic.in

### ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-07/2023-24

पत्रांक– हुसैनाबाद, दिनांक–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | उत्तरवारा नाला पर चेकडैम निर्माण ग्राम–घासीदाग प्रखण्ड–विश्रामपुर, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | 70.165 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 16.09.2023 (11:00 AM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.10.2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 05.10.2023 (11:00 AM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 04.10.2023 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर । (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, राँची। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders .gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 306385 District(23-24)#D

## कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा

### वित्तीय वर्ष 2021–22 में पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित आवश्यक सूचना

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2022–23 का **Status "Pending at DNO Officer"** है, आवेदन पेंडिंग होने पर पेंडिंग होने का कारण दिया गया है। अपने Login id एवं Password का उपयोग करते हुए संबंधित कागजात की मूल प्रति को पोर्टल पर दिनांक 15 सितम्बर 2023 तक निश्चित रूप से अपलोड/सुधार करते हुए अपने आधार न0 को बैंक खाता से लिंक/सक्रिय (Active) करा लें। चूंकि पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान **PFMS** के माध्यम से **Aadhar Enabled DBT** द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।

उक्त तिथि के पश्चात् ई–कल्याण पोर्टल बंद हो सकता है, जिस कारण से छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट (https://resident.uidai.gov.in/bank-mapper) से अथवा ई–कल्याण पोर्टल में (Services & Schedule→ Student Services & Schedule (Post-Matric → Check status of your AADHAAR linked bank account number Click Here) लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी
लोहरदगा।

PR.NO.306414 Lohardaga(23-24):D

## MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

### e-Procurement Notice

**Very Short Tender Reference No.WRD/MID/LOHARDAGA/F2-13/2023-24**
**Date –06/09/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 09/09/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 16/09/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 19/09/2023up to 3.00 PM |
| 4. | Date of opening of Tender | 20/09/2023up to 1.00 PM |
| 5. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | (1) Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga till 19.09.2023 up to 3:00 pm |
| 6. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 7. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 8. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

**Details of Works :-**

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost ( in Lac) | Cost of BOQ( in Lac) | Earnest Money ( in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Kisko. | Construction of Bridge on KasiyadihNala near Kasiyadih School at Vill – Kasiyadih. | 43.11000 | 0.05000 | 0.86500 | 06Months |

**Note: -Only e-Tender will be accepted**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Lohardaga.**

PR 306437 (Lohardaga)23-24*D

## उपायुक्त का कार्यालय, (समाज कल्याण शाखा) लातेहार।

### (निविदा)

### सूचना संख्या – 03/2023–24

वित्तीय वर्ष 2023–24 में लातेहार जिला अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 3–6 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (हूडी) का क्रय/आपूर्ति निर्धारित दर पर करने हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक 30.09.2023 को अपराह्न / पूर्वाहन 03.00 बजे तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, लातेहार में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक 03.10.2023 को अपराह्न/ पूर्वाहन 12.30 बजे जिला स्तरीय क्रय/निविदा समिति के सदस्यों के समक्ष खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि गर्म पोशाक – हूडी के नमूने के साथ भाग लेंगे।

| Sl. | Particulars | Specification |
|---|---|---|
| 01 | Sweater Quality | Unisex |
| 02 | Colour | Maroon |
| 03 | Material (Blend Composition) | Acrylic – 100% (±2%) |
| 04 | Yarn | High Bulk Yarn |
| 05 | Neck Type | Hoodie |
| 06 | Sleeve | Full regular sleeve |
| 07 | Weight | 225 gm & above |
| 08 | Shrinkage or elongation on Washing (max) | 4% or Better |
| 09 | Colour fastness to Light | 4% or Better |
| 10 | Colour fastness to Washing | Change in colour 3 or Better, Stain on Adjacent Fabric 3 or Better |

विवरणी

| क्र0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.09.2023 |
| 2. | निविदा जमा करने का स्थान | जिला समाज कल्याण कार्यालय, लातेहार |
| 3. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | 30.09.2023 को अपराह्न/पूर्वा0 03.00 बजे तक |
| 4. | निविदादाताओं का जिला क्रय समिति के साथ बैठक एवं निविदा खोलने की तिथि | 03.10.2023 को अपराह्न 12.30 बजे (निविदादाता या उनके प्रतिनिधि हूडी के नमूने के साथ बैठक में भाग लेंगे) |

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट पर एवं https://www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR 306452 Women, Child Development & Social Security(23-24)D

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लातेहार। उप विकास आयुक्त, लातेहार। उपायुक्त, लातेहार।

## कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा।

### वित्तीय वर्ष 2022–23 में पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित आवश्यक सूचना।

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2022–23 का Status "Approved by DLC Officer" (Student Login में "Pending by DLC Officer") है वे आवेदन में दिये गये आधार संख्या को अपने बैंक खाता के साथ दिनांक **15 सितम्बर 2023** तक निश्चित रूप से लिंक करा ले। कुछ आवेदन से संबंधित आधार असक्रिय (Inactive) होने के कारण भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे आवेदक अपना आधार को दिनांक **15 सितम्बर 2023** तक सक्रिय (Active) करा लें। **पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।**

उक्त तिथि के पश्चात् Mapping/आधार Active कराने वाले छात्रों को वर्ष 2022–23 का छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट (https://resident.uidai.gov.in/bank-mapper) से अथवा ई–कल्याण पोर्टल में (Services & Schedule→ Student Services & Schedule (Post-Matric → Check status of your AADHAAR linked bank account number **Click Here**) लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी
लोहरदगा।

PR 306416 (Lohardaga) 23-24 (D)

## मुकेश अंबानी भारत को दुनिया का चिपमेकर बनाएंगे

**नई दिल्ली।** देश में सेमीकंडक्टर प्लांट लगाने को लेकर एक बार फिर संभावनाओं का दौर परवान चढ़ने लगा है। गुरुवार को खबर आई थी कि कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरर फॉक्सकॉन के साथ मिलकर भारत में चिप फैक्ट्री लगाने की योजना बना रहा है। अब आज रिलायंस के भी इस सेक्टर में कूदने की खबरें आ रही हैं। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार अरबपति मुकेश अंबानी के ग्रुप ने भी सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग में संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दी है।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

### आवश्यक सूचना (नोटिस)

**नाम–(1)** कांड के प्रा0अभि0– उपेन्द्र उराँव उर्फ रंजन उराँव, पे0– अर्जुन उराँव, सा0– गरबाँध, थाना– नगर उंटारी, जिला– गढ़वा। नगर उंटारी थाना काण्ड संख्या–28/2020, दिनांक–21.03.2022 के प्राथ0 अभि0– उपेन्द्र उराँव उर्फ रंजन उराँव, पे0– अर्जुन उराँव, सा0– गरबाँध, थाना– नगर उंटारी, जिला– गढ़वा के प्राथमिकी अभियुक्त है। उक्त कांड में फिरार है। माननीय न्यायालय A.C.J.M Nagar Untari में आपके विरूध इश्तेहार निर्गत किया गया है, निर्गत इश्तेहार का तामिला 18.08.2023 को कराया गया। किन्तु आप अपने स्थाई पता सा0– गरबाँध, थाना– नगर उंटारी, जिला– गढ़वा से फिरार है, आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 306468 Police(23-24).D

## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

### मत्स्य जीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों के लिए आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित जाता है कि लातेहार जिला अन्तर्गत स्थानीय, प्रखण्ड स्तरीय/ जलाशय स्तरीय मत्स्य जीवी सहयोग समिति को को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड राँची के राज्यादेश सं0 12 रा0 (वि0)/दिनांक 06.07.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में लातेहार जिले को मत्स्य जीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों के लिये नाव का भौतिक लक्ष्य प्राप्त है, जो निम्न हैं–

| क0 | सामग्री नाम | भौतिक लक्ष्य | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 01 | नाव की आपूर्ति (लघु शीर्ष 796 जनजातीय क्षेत्र उप योजना) | 02 | अनुमानित लागत– 33000/– सरकार द्वारा अंशदान राशि– 30000/– प्रति नाव होगी एवं शेष राशि मत्स्य जीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों के द्वारा स्वंय वहन किया जाएगा। |

इच्छुक मत्स्य जीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों को नाव हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन **दिनांक 14.09.2023 के अपराह्न 4.00 बजे** तक कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समिति के सभी कागजातों के साथ स्वीकार किया जाएगा।

**नोट–** आवश्यकतानुसार निदेशक मत्स्य, झारखण्ड, रांची के द्वारा तत्संबंधी निर्गत होने वाले के दिशा निर्देश के अधीन होगा।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि– **14.09.2023 अपराह्न 4.00 बजे तक।**
आवेदन जमा करने का स्थान– **जिला मत्स्य कार्यालय,लातेहार।**
आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार

PR 306464 Fish(23-24)#D

## MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

### e-Procurement Notice

**Very Short Tender Reference No. WRD/MID/LOHARDAGA/F2-12/2023-24**
**Date –06/09/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 09/09/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 16/09/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 19/09/2023up to 3.00 PM |
| 4. | Date of opening of Tender | 20/09/2023up to 1.00 PM |
| 5. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | (1) Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga till 19.09.2023 up to 3:00 pm |
| 6. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 7. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 8. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

**Details of Works :-**

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost ( in Lac) | Cost of BOQ( in Lac) | Earnest Money ( in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Kuru. | Construction of P.C.C. Road from NagraTand to Sukumar atvill –Sukumar. | 35.43898 | 0.05000 | 0.71000 | 03Months |

**Note: - Only e-Tender will be accepted**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Lohardaga.**

PR.NO.306419 Lohardaga(23-24):D

## कार्यालयः–जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार

Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: drhslatehar3@gmail.com.

राज्य योजना अन्तर्गत झाखण्ड राज्य के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करानें के निमित "चलन्त ग्राम क्लीनीक" के संचालन–प्रबंधन हेतु अनुबंध आधारित पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

### विज्ञापन सं0–03/2023(DHS)

झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) जो सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं, इन आदिम जनजाति समुदाय के परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध करानें हेतु आदिम जनजाति समुदाय बाहुल्य आबादी वाले समस्त ग्रामों एवं जिलों में आवासित लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करानें के लिए **"चलन्त ग्राम क्लीनिक"** स्थापित कर संचालित किये जानें की योजना की स्वीकृति विभागीय स्तर से प्रदत्त है। **इस क्रम में लातेहार जिले के लिए कुल 02 (दो) "चलन्त ग्राम क्लीनक" के संचालन की स्वीकृति प्राप्त है।**

उपरोक्त आलोक में लातेहार जिला अन्तर्गत **"चलन्त ग्राम क्लीनक" के संचालन–प्रबंधन हेतु** स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड के अधीन नीचे अंकित जिला स्तरीय अनुबंध आधारित रिक्त पदों पर Walk in Interview के आधार पर चयन/नियुक्ति हेतु निम्नवत् रूप से विज्ञापन प्रकाशित किया जाता हैः–

01. **"चलन्त ग्राम क्लीनक"** योजना के तहत लातेहार जिले के अंतर्गत 02 (दो) **"चलन्त ग्राम क्लीनक" के संचालन–प्रबंधन हेतु** रिक्तयों/मासिक परिलब्धि/शैक्षणिक योग्यता आदि का विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0 | पद का नाम | संख्या | | | कुल | अनुमानित मासिक परिलब्धि | शैक्षणिक योग्यता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | ST | SC | | | | |
| 01 | आयुष चिकित्क | 01 | 01 | 0 | 02 | 21000.00 | Bachelor in Ayurved/ Homoeopath/ Unani with working knowledge of Computer | Walk in Interview के अधार पर |
| 02 | चिकित्सा सहायक | 01 | 01 | 0 | 02 | 15000.00 | B.Sc Nursing/GNM or B.Sc Community Health or Bachelor/Diploma in Pharmacy from recognize university/institution. | |

नोटः–

- इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु **दिनांक–16.09.2023** को सिविल सर्जन कार्यालय, लातेहार के कार्यालय वेश्म में अपनें सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/अनुभव/पहचान पत्रों की मूल एवं छाया प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें। उपायुक्त महोदय, लातेहार के निदेशानुसार साक्षात्कार की प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी।
- उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, शर्तें, अर्हता आदि का अवलोकन लातेहार जिले के अधिकृत वेबसाईट http://latehar.nic.in पर की जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार

PR 306418 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D

# डुमरी उपचुनाव का जनादेश

***झारखंड*** में डुमरी विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी की जीत का व्यापक असर राज्य की राजनीति पर पड़ने की संभावना है। आने वाले चुनाव का यह टेलर है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है कि जनादेश ने बतला दिया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जलवा अभी भी बरकरार है। ऐसे तो उपचुनाव का अपना एक गणित होता है। उसी गणित की पाठशाला में भूगोल की पढ़ाई हुई है। कारण यह क्षेत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार में शिक्षा मंत्री रहे जगरनाथ महतो के निधन से रिक्त हुई थी। यहां जेएमएम प्रत्याशी और राज्य की उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी को बड़ी जीत का मिलना यह दर्शाता है कि दिवंगत महतो को यहां की जनता ने श्रद्धांजलि के फूल चढ़ाकर एक बड़ी जवबदेही दी है। अब आने वाले दिनों में बेबी देवी को यह दिखाना है कि वह कैसे श्री महतो के अधूरे कार्य को अंजाम देती हैं। आई.एन.डी.आई.ए. को पहले उपचुनाव में शानदार सफलता मिलने से कांग्रेस, जेएमएम और आरजेडी के नेताओं-कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। हालांकि अभी चुनाव आयोग की ओर से चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। 19वें राउंड तक आई.एन.डी.आई.ए. प्रत्याशी बेबी देवी 76763 मत मिले, वहीं आजसू पार्टी प्रत्याशी यशोदा देवी को 68395 वोट मिले। इस तरह से बेबी देवी इन पंक्तियों के लिखने तक 8368 वोटों के अंतर से आगे चल रही हैं। ऐसे में जीत पक्की है।

**आई.एन.डी.आई.ए. को पहले उपचुनाव में शानदार सफलता मिलने से कांग्रेस, जेएमएम और आरजेडी के नेताओं-कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। हालांकि अभी चुनाव आयोग की ओर से चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।**

डुमरी-33 विधानसभा सीट पर मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में हुए उप चुनाव में 64 फीसदी से अधिक मतदान हुआ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार में शिक्षा मंत्री रहे जगरनाथ महतो के निधन से रिक्त हुई डुमरी-33 विधानसभा सीट पर मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में हुए उप चुनाव में 64 फीसदी से अधिक मतदान हुआ। कुल 24 चरणों में मतगणना सम्पन्न हुई। इसके लिए 70 से अधिक अधिकारियों को तैनात किया गया था। मतों की गिनती के लिए 16 टेबल बनाये गये थे। पांच सितंबर को हुए मतदान में 2.98 लाख मतदाताओं में से लगभग 65 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। सुबह 8 बजे मतगणना शुरू होने पर सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती हुई। मतगणना को लेकर 25 सहायक, 25 सुपरवाइजर और 25 माइक्रो ऑब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति मतगणना केंद्र के अंदर की गई थी। मतगणना के पहले जेएमएम प्रत्याशी और मंत्री बेबी देवी ने गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की। मंत्री बेबी देवी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर नावाडीह में पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने भजन में भाग लेने के साथ करताल बजाती नजर आईं। जेएमएम की बेबी और आजसू पार्टी की यशोदा देवी समेत 6 प्रत्याशी 5 सितंबर को डुमरी उपचुनाव के लिए 64.84 प्रतिशत मतदाताओं की ओर से अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया था। उपचुनाव में जेएमएम की बेबी देवी, आजसू पार्टी की यशोदा देवी, एआईएमआईएम के मोबिन रिजवी समेत छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। बहरहाल इस चुनाव का मैसेज अच्छा जाये,प्रदेश में सुख शांति का वातावरण रहे।

# 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' से भी 'इन्हें' दिक्कत है





विकास सक्सेना

***आम*** चुनाव के लिए अभी से पक्ष और विपक्ष की बिसात बिछ चुकी है। लगातार दो लोकसभा चुनाव में करारी हार से बौखलाई कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने मिलकर एक नया गठबंधन तैयार किया है। इसका नाम आईएनडीआईए 'इंडिया' रखा है। बात यह है कि सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के मकसद से बना यह गठबंधन तीन बैठकें हो जाने के बाद भी न तो अपना नेता तय कर सका है, न नीति और न कार्यक्रम। केंद्र सरकार के खिलाफ माहौल तैयार करने के लिए मुद्दे तलाश पाने मे नाकाम विपक्षी नेता जो पहले संघ, भाजपा और मोदी के खिलाफ बयानबाजी करते थे अब वे सनातन हिन्दू धर्म, उसके प्रतीकों, संस्कृति और धर्म साहित्य के साथ भारत तक के विरोध में खड़े दिखाई दे रहे हैं। हालांकि सनातन भारतीय संस्कृति से उनकी घृणा कोई नई नहीं है, लेकिन अब तो कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेता 'प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया' के स्थान पर 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' लिखे जाने पर आपत्ति जता रहे हैं। इससे नई बहस शुरू हो गई है। दरअसल लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने की जुगत में लगे विपक्षी दल सरकार के खिलाफ माहौल बनाने के लिए मुद्दे नहीं खोज पा रहे हैं। वे महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे उठाने की कोशिश तो कर रहे हैं लेकिन इन मुद्दों पर जिन राज्यों में कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों की सरकारें हैं उनका प्रदर्शन कई भाजपा शासित राज्यों के मुकाबले खराब है। इसके अलावा मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान जिस तरह की महंगाई और भ्रष्टाचार को देश के लोगों ने देखा है उसकी वजह से विपक्षी नेताओं की बातें आम लोगों को खास प्रभावित नहीं कर पा रही हैं। विपक्ष के नेताओं और तमाम बुद्धिजीवियों का मानना है कि हिन्दू समाज के मतदाताओं के जातीय पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर मतदान करने की वजह से भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावो और कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की है। इसीलिए हाथरस कांड को आज तक याद दिलाया जाता है ताकि भाजपा को दलित विरोधी साबित किया जा सके। ब्राह्मणों को भाजपा से दूर करने के लिए विकास दुबे जैसे दुर्दान्त अपराधी की भी ब्राह्मण पहचान उकेरने का प्रयास किया जा रहा है। मुजफ्फरनगर के एक स्कूल की विकलांग शिक्षिका ने परिजनों के कहने पर एक छात्र को दूसरे छात्र-छात्राओं से थप्पड़ लगवा दिये थे। इस घटना का वीडियो पीटने वाले छात्र के चाचा ने बनाया और वह खुद छात्र को मारने के लिए उकसा रहा था लेकिन इसके बावजूद भाजपा पर साम्प्रदायिक वातावरण खराब करने का आरोप मढ़ने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तक ने इस घटना को साम्प्रदायिक रंग देकर समाज में नफरत फैलाने का प्रयास किया। मोदी हटाओ के सूत्र वाक्य से एकजुट हुए विपक्षी दलों को लग रहा है कि हिन्दू वोटों में बंटवारा किये बिना भाजपा को हरा पाना संभव नहीं है। इसीलिए विपक्षी दलों के तमाम नेता लगातार इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं जिससे हिन्दू समाज में जातीय विद्वेष बढ़ जाय। बिहार के शिक्षामंत्री चंद्रशेखर और समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरित मानस की चौपाई का उदाहरण देते हुए इसके खिलाफ जमकर अनर्गल

**बिहार के शिक्षामंत्री चंद्रशेखर और समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरित मानस की चौपाई का उदाहरण देते हुए इसके खिलाफ जमकर अनर्गल बयानबाजी की।**

**इन दिनों**

बयानबाजी की। हालांकि तमाम मानस मर्मज्ञ विद्वानों ने अवधी भाषा में लिखी इस चौपाई का अर्थ स्पष्ट किया लेकिन वे उसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। इनके उकसावे का नतीजा यह निकला कि जिस रामचरित मानस का हिन्दू समाज के लगभग प्रत्येक परिवार में पूरी श्रद्धा के साथ पाठ किया जाता है उसे कुछ लोगों ने फाड़ा और जलाया। स्वामी प्रसाद मौर्य तो हिन्दू समाज के खिलाफ जहर घोलते-घोलते इतना आगे चले गए कि उन्होंने हिन्दू धर्म को ही धोखा बता दिया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने तो सनातन हिन्दू धर्म की तुलना कोरोना, मलेरिया और डेंगू बुखार से करते हुए यहां तक कह दिया कि इसका विरोध नहीं करना चाहिए बल्कि इसका उन्मूलन यानी खत्म करना होगा। धर्मनिरपेक्षता के नाम पर सनातन धर्म, संस्कृति, साहित्य और उसके प्रतीकों के विरोध में अनर्गल बयानबाजी करते आए इन नेताओं ने 'सिर तन से जुदा जैसे नारों' से बेखौफ होकर हिन्दू समाज में बंटवारा करने के लिए लंबा जाल बुना है। मगर वह अपने ही जाल में उलझ रहे हैं। मोदी के हर फैसले का विरोध करने की जिद में वे सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक तक के सबूत मांगकर सेना के पराक्रम को नकारने का प्रयास करते हुए यहां तक कह देते हैं कि 300 आतंकी मारे गये या 300 दरख्त गिरे। इसी तरह रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जब लड़ाकू विमान राफेल की आपूर्ति प्राप्त करने के लिए फ्रांस पहुंचकर भारतीय परम्परा के अनुसार पूजा अर्चना की तब भी इन नेताओं ने उनकी आलोचना की। हमारी संसद के नये भवन के निर्माण की सेंट्रल बिस्टा परियोजना का विरोध किया जाता है और जब बीते मई महीने में इसके उद्घाटन के लिए भव्य समारोह का आयोजन किया गया तो इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के स्थान पर विपक्षी दलों ने इसका बहिष्कार करने का फैसला लिया। संसद में भारतीय सांस्कृतिक परम्परा के प्रतीक सेंगोल की स्थापना का विरोध किया गया। इस कार्यक्रम के जरिये भी जातीय विद्वेष का बढ़ाने के लिए अनुष्ठान कराने वाले पुजारियों की जाति पर सवाल उठाये गये लेकिन ये दांव उन नेताओं पर ही उल्टा पड़ गया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भले ही देश और दुनिया में घूमकर यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि संघ, भाजपा और मोदी ने देश को नफरत का बाजार बना दिया है और वे इसमें मोहब्बत की दुकान खोले बैठे हैं। लेकिन वे खुद और उनके साथी जिस तरह के बयान देते हैं उनसे देश में नफरत का माहौल बन रहा है। उनके गठबंधन की साथियों के साथ उनकी पार्टी के नेता भी देश की सांस्कृतिक विरासत से इस हद तक घृणा करते हैं कि सरकार के फैसलों का विरोध करने के लिए कांग्रेस के एक नेता ने सड़क पर गोहत्या कर दी। वामपंथी दलों से जुड़े लोग सनातन संस्कृति के प्रति नफरत का इजहार करने के लिए बीफ पार्टियों का आयोजन करते हैं। भारत की एकता और अखण्डता को चुनौती देते हुए 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' जैसे देश विरोधी नारे लगाये जाते हैं और अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इनका भी बचाव करने की शर्मनाक कोशिश की जाती हैं। चंद्रयान 3 का विक्रम जिस स्थान पर चंद्रमा की सतह पर उतरा उसका नाम 'शिवशक्ति' रखने का विरोध सिर्फ इसलिए किया जा रहा है क्योंकि शिव और आदि शक्ति सनातन धर्म के प्रतीक हैं।

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा दिति व अदिति की*

***विश्व*** के प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद में कश्यप ऋषि का उल्लेख केवल एक बार हुआ है। जबकि यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद में इनका उल्लेख कई बार हुआ है। अन्य वैदिक ग्रंथों, पुराणों एवं उपनिषदों में आये विवरणों में कश्यप ऋषि प्रमुख पात्र हैं। इन्हें सृष्टि में अत्यंत प्राचीन काल का बताया गया है तथा इन्हें परम धार्मिक एवं रहस्यात्मक दर्शाया गया है। ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार कश्यप ऋषि ने 'विश्व-कर्म-भौवन' नामक राजा का अभिषेक कराया था। ऐतरेय ब्राह्मण ने कश्यपों का सम्बन्ध जनमेजय से बताया है। शतपथ ब्राह्मण में प्रजापति को कश्यप कहा गया है। महाभारत एवं पुराणों में असुरों की उत्पत्ति तथा वंशावली के वर्णन में कहा गया है कि ब्रह्माजी के सात मानस पुत्रों में से एक मरीचि थे जिन्होंने अपनी इच्छा से कश्यप नामक प्रजापति पुत्र उत्पन्न किया। भागवत पुराण तथा मार्कण्डेय पुराण के अनुसार कश्यप ऋषि की बारह पत्नियां थीं किंतु कुछ ग्रंथों में आये उल्लेख के अनुसार कश्यप ने दक्ष प्रजापति की 17 पुत्रियों से विवाह किया। दक्ष की इन पुत्रियों से जो सन्तानें उत्पन्न हुईं उसका विवरण इस प्रकार है- कश्यप की पत्नी अदिति से आदित्य अर्थात देवताओं ने जन्म लिया। दिति से दैत्यों ने जन्म लिया। दनु से दानव उत्पन्न हुए। काष्ठा से अश्व आदि पशु उत्पन्न हुए। अनिष्ठा से गन्धवों की उत्पत्ति हुई। सुरसा से राक्षस जन्मे। इला से वृक्षों ने जन्म लिया। मुनि से अप्सराएं उत्पन्न हुईं। क्रोधवशा से सर्प, सुरभि से गौ और महिष, सरमा से श्वापद अर्थात हिंसक पशु, ताम्रा से श्येन अर्थात गिद्ध, तिमि से यादोगण अर्थात जल-जन्तु उत्पन्न हुए। कश्यप की पत्नी विनता से गरुड़जी और अरुण, कद्रू से नाग, पतंगी से पक्षी और यामिनी से शलभ अर्थात कीड़े उत्पन्न हुए।

*(क्रमशः)*

# कोटा को किसकी नजर लग गई


डॉ. रमेश ठाकुर

***चोटी*** की प्रतियोगी परीक्षाएं अगर पास करनी हो, तो जेहन में अव्वल ख्याल राजस्थान का 'कोटा शहर' ही आता है। क्योंकि कोटा शहर शिक्षा का 'महाकुंभ' जो बन गया है। वहां से शिक्षा लेकर बच्चे अपने सपनों को पंख लगा रहे हैं। पर, दुर्भाग्य है कि 'शिक्षा नगरी' का खिताब हासिल कर चुका ये शहर गुजरे कुछ समय से 'आत्महत्या' के लिए चर्चाओं में हैं। हालात ऐसे बन गये हैं कि वहां चारों तरफ फैले अदृश्य मौत के खौफ ने बच्चों को भयभीत कर दिया है । डर के चलते अभिभावक अपने बच्चों को वापस बुलाने लगे हैं। डिप्रेशन में आकर 19-22 वर्ष आयु के छात्र मौत को गले लगा रहे। बीते आठ माह के भीतर 23 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। ये घटनाएं तत्कालिक नहीं है, सिलसिला सालों से बदस्तूर जारी है। कोटा में हर वर्ष लगभग 15 से 20 घटनाएं घटनाएं घट रही हैं। प्रत्येक सुसाइड की घटना में पुलिस अपनी जांच-पड़ताल के बाद एक ही तर्क देती है कि बच्चे पढ़ाई का दबाव झेल नहीं पाने के कारण ऐसा कदम उठाते हैं? पुलिस-प्रशासन का तर्क कई मायनों में वाजिब भी दिखता है। अगर वास्तव में आत्महत्याओं का मूल कारण यही है, तो उसमें सीधे-सीधे शिक्षण संस्थाएं ही दोषी मानी जायेंगी। क्योंकि कोचिंग संस्थान अब छात्रों के बौद्धिक स्तर को ध्यान में रखकर शिक्षा ग्रहण नहीं करवाती। इतना प्रेशर डालती है कि अच्छे से अच्छा छात्र भी डिप्रेशन में चला जाए। बहरहाल, इस कृत्य में कोचिंग संस्थानों के साथ-साथ अभिभावक भी बराबर के भागीदार हैं। छात्रों पर दोनों का संयुक्त रूप से एक जैसा प्रेशर होता है। ऐसी अनहोनी घटनाओं के पीछे मनोचिकित्सकों का मानना होता है कि बदलते दौर में जब बच्चों उम्र खेलकूद की होती है, तब उनके समक्ष गला-काट प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करना, नार्मल स्कूलों की जगह कोचिंग संस्थानों के टफ स्टीड पैटर्न को झेलना, सामने वाले से बेहतर करने का घनघोर दबाव और उसके बाद शिक्षक-पेरेंट्स का बच्चों पर उम्मीद से ज्यादा उम्मीद करना? सही मायनों में देखें तो सुसाइड केसों के मूल और तात्कालिक कारण यही हैं। इन कारणों को शिक्षक-अभिभावक भलीभाँति जानते भी हैं, लेकिन इग्नोर कर देते हैं। कोटा में छात्रों द्वारा लगातार आत्महत्याओं की घटना के बाद राज्य सरकार और स्थानीय शिक्षण संस्थाओं पर लापरवाही व रक्षा-सुरक्षा न करने के आरोप लग रहे हैं। आरोप लगने भी चाहिए? आखिर दोनों की सर्वप्रथम जिम्मेदारियां बनती हैं। हुकूमत और शिक्षण संस्थान आत्महत्या वाली घटनाओं से अपनी नजरें क्यों फेरती हैं? उसका भी कारण पानी की तरह साफ है। सरकार का टैक्स रूपी मुनाफा कमाना और शिक्षण संस्थाओं का छात्रों से मुंह मांगी फीस का सवाल जो होता है? आंकड़े दस्तीक करते हैं कि कोटा में सालाना 5 हजार करोड़ का शिक्षा के नाम पर बाजार होता है जिसमें सरकार को 700 करोड़ का टैक्स प्राप्त होता है। प्रत्येक छात्र से एक लेकर तीन लाख फीस वसूली जाती है। ढाई से तीन लाख नये छात्र हर वर्ष कोटा पहुंचते हैं। कोटा में सरकार द्वारा 23 हॉस्टल पंजीकृत हैं, अपंजीकृतों की तादाद इससे कहीं ज्यादा है। दस हजार से ज्यादा कोचिंग संस्थाएं फैली हैं जो अपनी कमाई का एक तिहाई हिस्सा सरकार को देती हैं। इसके अलावा दूसरे तरीकों से पुलिस-प्रशासन, नगर निगम व अन्य विभागों को चढ़ावे के रूप में दिया जाता है। कुल-मिलाकर शिक्षा की आड़ में धंधा कैसे पनपता है, उसका सजीव उदाहरण इस समय कोटा बना हुआ है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस वक्त करीब पांच लाख छात्र मेडिकल, जेईई, इंजीनियरिंग व अन्य विभिनन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां कर रहे हैं। लेकिन इनकी सुरक्षा पूरी तरह रामभरोसे है। अभी कुछ महीनों पहले दिल्ली के मुखर्जी नगर में दर्दनाक हादसा हुआ था।


**डिप्रेशन में आकर 19-22 वर्ष आयु के छात्र मौत को गले लगा रहे। बीते आठ माह के भीतर 23 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। ये घटनाएं तत्कालिक नहीं है, सिलसिला सालों से बदस्तूर जारी है।**

**शिक्षा जगत**

## फोटो की दुनिया



**फेसबुक वॉल से**




# दूसरों से प्रेम करें व खूद से भी


ललित गर्ग

***प्रत्येक*** व्यक्ति अपने जीवनपथ, कार्यक्षेत्र में सफलता के सपने संजोता है। पर, सबके सब सपने सच में नहीं बदलते। अथक परिश्रम के पश्चात भी यदि सफलता न मिले तो निराश-हताश होना स्वाभाविक है। निराशा का गहरा कुहरा व्यक्ति के मनोबल और विश्वास को कमजोर बना देता है। वह हीनभावना से ग्रस्त हो जाता है। ऐसी स्थिति से उबरने के लिए जेनकाऊल ने कहा- स्मरण रखो- 'आने वाला दिन आज की अपेक्षा अधिक उल्लासपूर्ण होगा। दिन के बाद रात आती है, तो रात के बाद उजली सुबह भी जरूर आएगी। उसके पूरे-परे उपयोग की तैयारी करो।' इसका अर्थ है- आशा और विश्वास की दीवार को कभी मत दरकने दो। यह आशावादी दृष्टिकोण सफलता का पहला सोपान है। व्यक्तित्व का शक्तिशाली घटक है। निराशा एवं अनिश्चितता के दौर में हम ऐसी सभी चीजों से दूर भागने लगते हैं, जिनसे हमें असुविधा होती है। हम समय ऐसे कामों में बिताने लगते हैं, जो हमारे लिए बेहतर विकल्प नहीं होते। अपनी बेचौनियों को धैर्य से जीते हुए सही दिशा में चलने के बजाय हम आसान रास्तों की ओर दौड़ने लगते हैं। कहते हैं कि डर कर फैसले करने के बजाय सही राह की प्रतीक्षा करना ही सही होता है। जीवनयात्रा में व्यक्ति अनेक खट्टे-मीठे अनुभवों से गुजरता है। वह कभी फिसलता भी है, गिरता भी है, गलतियां भी करता है, किन्तु हर चूक उसे चेताती है, हर ठोकर ठीक चलने का सबक सिखाती है, हर असफलता सफलता के द्वार खोलती है। इस प्रकार वह प्रत्येक घटना से बोध पाठ पढ़ता है और परिपक्वता के साथ-साथ अनुभव प्रवण भी बनता जाता है। उन अनुभवों से प्रेरणा लेकर जो निरंतर आगे बढ़ते रहते हैं, वे अपने व्यक्तित्व की स्वतंत्र पहचान बना लेते हैं और दूसरों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन जाते हैं। लेखक व प्रोफेसर मॉरी शेजवाट्र्ज ने अपनी किताब 'ट्यूसडेज विद मॉरी' में लिखा है, 'अपने आसपास मैं रोज सैकड़ों लोगों को देखता हूं। इनमें से कई हैं, जो सफल हैं, व्यस्त हैं, पर इतने थके हुए दिखते हैं जैसे अधमरे हों। मैं मानता हूं कि वे उस रास्ते पर नहीं चल रहे, जिन पर उन्हें चलना चाहिए।' सही रास्ता वो है, जो आपको आशावादी बनाये, संतोष दे, आपको मुस्कराने की वजह दे। इन सबके लिए आपको सफल, अमीर या शक्तिशाली बनने की बजाय संवेदनशील एवं करुणाशील बनने की जरूरत है। संवेदनशीलता का अर्थ है दूसरों की कठिनाइयों को जानने समझने की क्षमता। भौतिक/आर्थिक विकास की दिशा में निरंतर प्रतिस्पर्धात्मक दौड़, औद्योगिक विकास, मोबाइल संस्कृति का बढ़ता प्रभाव, सोशल मीडिया का बढ़ता वर्चस्व- इन सब कारणों से आज का मनुष्य अधिक आत्मकेन्द्रित होता जा रहा है। करुणा और संवेदनशीलता के स्त्रोत सूख रहे हैं। विश्व की भौगोलिक सीमाएं सिमट रही हैं, दूरिया मिट रही हैं किन्तु मनुष्य-मनुष्य के बीच बिन्ध्याचल खड़े हो रहे हैं। संवादहीनता बढ़ रही है। संवेदनशीलता समाप्त हो रही है। मानव-मानस मरुस्थल बन रहा है। ऐसी स्थिति में भावनात्मक रिश्ते ही संबंधों की धरती पर स्नेह-सौहार्द की हरियाली उगा सकते हैं। अमेरिकी लेखक और मोटिवेशनल स्पीकर ब्रिएना विएस्ट भावनात्मक बुद्धि पर अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उनके अनुसार जब निजी स्तर पर हमारा दर्शन सिर्फ यही रह जाए कि हम बिना कोई प्रश्न पूछे वही करने लगें, जो हमें कहा जाए, तो इसका अर्थ है कि हम उपभोक्तावाद या अपने अहं या किसी के प्रति अंध श्रद्धा का शिकार हो रहे हैं या किसी ऐसे की इच्छा का पोषण कर रहे हैं, जो हमें नियंत्रित करना चाहता है। जबकि सफल एवं सार्थक जीवन के लिये हमें स्व-अनुभव एवं प्रयोग की भूमि पर चलना होगा। स्व-अनुभव संपदा का अर्जन और समाज के व्यापक हित में उसका नियोजन करने वाले व्यक्ति सहज ही सर्वत्र सम्मानित एवं सफल मान जाते हैं।

**दिन के बाद रात आती है, तो रात के बाद उजली सुबह भी जरूर आएगी। उसके पूरे-परे उपयोग की तैयारी करो।' इसका अर्थ है- आशा और विश्वास की दीवार को कभी मत दरकने दो।**

**प्रेम भाव**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# ये फूड ना खाने से जल्दी चली जाती हैं आंखों की दृष्टि

हेल्दी और बैलेंस्ड डाइट बहुत महत्वपूर्ण है। इससे आंखों को जरूरी न्यूट्रिशन मिलता है और मोतियाबिंद जैसी बीमारी से बचाव होता है। लेकिन लोग पोषण की जगह अपने पसंद पर ज्यादा ध्यान देते हुए फूड को चुनते हैं। इस वजह से कई सारे आवश्यक पोषक तत्व छूट जाते हैं और जवानी में ही आंखों की दृष्टि जा सकती है। आंखों के लिए 7 फूड बहुत ज्यादा जरूरी हैं, इनके अंदर नजर तेज करने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स की भरमार होती है।

**हेल्दी आंखों के लिए कौन से एंटीऑक्सीडेंट्स चाहिए?**

विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन ई, ल्यूटिन, जेक्सैंथिन, बीटा कैरोटीन, जिंक, ओमेगा 3 फैटी एसिड।

आंखों की कमजोरी कैसे पहचानें? अगर आपकी आंखों से पानी आता है, दूर या पास का देखने में दिक्कत होती है, सिर दर्द, रोशनी के आसपास सतरंगी गोलाकार दिखना, ड्राई आई और आई पेन नजर कमजोर होने का लक्षण हैं।



**तेज आंखों के लिए खाएं अंडा :** आंखों के लिए अंडा सुपरफूड माना जाता है। इसमें ल्यूटिन, जेक्सैंथिन, विटामिन ए और जिंक होता है। एनसीबीआई का शोध कहता है कि ये एंटीऑक्सीडेंट्स उम्र बढ़ने के बाद भी मोतियाबिंद समेत कई आई डिजीज से बचाने का काम करते हैं।

**बादाम :** ड्राई फ्रूट आपकी आंखों के टॉनिक हैं। बादाम खाने वालों की आंखें लंबे समय तक शार्प रहती हैं। बुढ़ापे में भी ये लोग दूर और पास का साफ-साफ देख सकते हैं। क्योंकि, बादाम के अंदर विटामिन ई की भरमार क्वांटिटी होती है, जो कि मैकुलर डिजनरेशन और कैटरेक्ट का खतरा कम करता है।

**गाजर :** बरसों से सभी जानते हैं कि गाजर खाना आंखों के लिए कितना फायदेमंद है। यह शाकाहारी खाद्य पदार्थ विटामिन ए और बीटा कैरोटीन देता है, जो आंखों की सतह को हेल्दी रखता है। इसकी वजह से आई इंफेक्शन और आंखों के अन्य रोग भी दूर रहते हैं।

**सैल्मन मछली :** सैल्मन मछली एक फैटी फिश होती है, जो हेल्दी फैट्स की सप्लाई करती है। ओमेगा 3 फैटी एसिड आंखों के रेटिना को मजबूत बनाता है और आई फंक्शन को बेहतर रखता है आप इसे ग्रिल्ड करके हर्ब्स, नींबू, नमक और मिर्च के साथ टेस्टी बनाकर खा सकते हैं।

**संतरा :** संतरे के अंदर मौजूद विटामिन सी आंखों की नसों को हेल्दी बनाने के काम आता है। यह पोषक तत्व मोतियाबिंद से लड़ने के साथ नजर तेज रखने में मदद करता है। आंखों के लिए यह बहुत बढ़िया फल है, जो हाइड्रेट करने का काम भी करता है।

**केल :** केल एक हरी पत्तेदार सब्जी है, जो पालक की तरह दिखती है। यह आंखों के लिए बहुत ज्यादा फायदेमंद है और कई सारे विटामिन और मिनरल देती है। इसे बच्चों को खिलाने पर उन्हें आंखों का चश्मा चढ़वाने की जरूरत महसूस नहीं होगी।

**डेयरी प्रॉडक्ट्स :** बचपन से ही दूध, दही, पनीर खाने के लिए कहा जाता है, क्योंकि यह आपके हर अंग को हेल्दी बना सकते हैं। इन फूड्स में विटामिन ए, जिंक और अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो नाइट विजन बढ़ाने के भी काम आते हैं। आप रोज सुबह या रात में एक गिलास दूध पीकर इन्हें पा सकते हैं।

❖ सुरेंद्र अग्रवाल

# इन हसीन जगहों पर बितायें क्वालिटी टाइम

सितंबर के महीने में देश के लगभग हर हिस्से में बारिश का मौसम खत्म होने वाला होता है। बारिश का मौसम खत्म होने के साथ ही भारत की कई जगहों की खूबसूरती बेहद बढ़ जाती है। ऐसे में आपको भी अपने पार्टनर के साथ भारत की इन बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर करना चाहिए। सितंबर के महीने में देश के लगभग हर हिस्से में बारिश का मौसम खत्म होने वाला होता है। बारिश का मौसम खत्म होने के साथ ही भारत की कई जगहों की खूबसूरती बेहद बढ़ जाती है। कपल्स के लिए भी सितंबर का महीना काफी ज्यादा रोमांटिक होता है। क्योंकि इस महीने में हर तरफ हरियाली ही हरियाली दिखाई देती है। ऐसे में सितंबर में कप्लस ऐसी जगहों की तलाश करते हैं, जहां पर वह अपने पार्टनर के साथ यादगार और रोमांटिक पल बिता सकें। ऐसे में आपको भी अपने पार्टनर के साथ इन बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर करना चाहिए। इन जगहों पर आने के बाद आपका यहां से वापस जाने का मन नहीं होगा।



**लोलाब घाटी :** उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में स्थिति वैली में तो आप कई बार घूमने के लिए जा चुके होंगे। लेकिन अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ सितंबर में घूमने का प्लान बना रहे हैं। तो बता दें कि आपको लोलाब घाटी को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यह जम्मू-कश्मीर की एक ऐसी जगह है, जो इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती है। इस घाटी की खूबसूरती का अंदाजा आप इस बात से भी लगा सकते हैं कि यह कुछ ही मिनटों में किसी को भी अपना दीवाना बना सकती है। बर्फीली चोटियां, नदी हरे-भरे घास के मैदान और झील के बीच में मौजूद लोलाब घाटी में बेहद मनमोहक दृश्य देखने को मिलेंगे।

**रायगढ़ :** महाराष्ट्र में घूमने की बात होती है तो हम सभी की लिस्ट में पंचगनी, खंडाला, लोनावाला या मरेथान का नाम सबसे ऊपर रहता है। लेकिन सितंबर के महीने में आप अपने पार्टनर के साथ रायगढ़ को एक्सप्लोर कर सकते हैं। मुंबई से करीब 95 किलोमीटर की दूरी पर मौजूद रायगढ़ महाराष्ट्र के हसीन पहाड़ों के बीच में मौजूद एक बेहद हसीन जगह है। सितंबर के महीने में रायगढ़ में चारों ओर हरियाली ही हरियाली दिखाई देती है। वीकेंड पर यहां यादगार पल बिताने के लिए कई कपल्स पहुंचते हैं। रायगढ़ में मधे घाट वॉटरफॉल रायगढ़ फोर्ट और दिवेआगर बीच जैसी बेहतरीन जगहों को अपने पार्टनर के साथ एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**एबॉट माउंट :** उत्तराखंड में आप सभी मसूरी, नैनीताल, रानीखेत और कौसानी तो एक ना एक बार जरूर गए होंगे। लेकिन अगर आप भी सितंबर में उत्तराखंड की हसीन वादियों में खोना चाहते हैं, तो आपको एबॉट माउंट पहुंचना चाहिए। कपल्स के लिए उत्तराखंड की हसीन वादियों में मौजूद एबॉट माउंट जन्नत से कम नहीं है। एबॉट माउंट समुद्र तल से लगभग 7 हजार से भी अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। इसे जॉन हेरोल्ड एबॉट ने बसाया था। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ लोहाघाट, एबॉट माउंट चर्च, एबॉट माउंट और चिनेश्वर वॉटरफॉल जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**करसोग :** पार्टनर संग घूमने के लिए हिमाचल प्रदेश में एक से एक बेहतरीन और हसीन जगहें मौजूद हैं, लेकिन इस बार आपको अपने पार्टनर के साथ करसोग जरूर एक्सप्लोर करें। यह एक बेहद मनमोहक जगह है। करसोग में हसीन पहाड़, खूबसूरत झरनों और घास के मैदान देख वापस जाने का मन नहीं होगा। कपल्स के लिए यह जगह किसी जन्नत से कम नहीं है। सितंबर में यहां की खूबसूरती काफी मनमोहक होती है। हिमाचल के मंडी जिले में करसोग पड़ता है।

**डोडीताल :** अगर इस सितंबर आप भी अपने पार्टनर के साथ ऋषिकेश के आसपास स्थित किसी हसीन और रोमांटिक जगह घूमने की सोच रहे हैं। तो आपको डोडीताल निराश नहीं करेगी। ऋषिकेष से 94 किमी दूर यह जगह कप्लस के लिए जन्नत है। डोडीताल में पार्टनर के साथ ग्याली और चौलादूनी जैसी बेहतरीन जगह पर रोमांटिक पल बिता सकते हैं। वहीं शहर से 10 किमी दूर आप यमुनोत्री धाम भी घूम सकते हैं। मान्यता के अनुसार डोडीताल को भगवान गणेश का जन्म स्थान बताया जाता है।


❖ अनन्या मिश्रा

# सनातन धर्म पर श्री अरविंद की दृष्टि...

– आलोक तुलस्यान

धर्म ऊपर उठेगा। जब कहा जाता है कि भारतवर्ष महान होगा तो उसका अर्थ होता है सनातन धर्म महान होगा। जब कहा जाता है कि भारतवर्ष बढ़ेगा और फैलेगा तो इसका अर्थ होता है सनातन धर्म बढ़ेगा और संसार पर छा जायेगा। धर्म के लिये और धर्म के द्वारा ही भारत का अस्तित्व है। धर्म की महिमा बढ़ाने का अर्थ है देश की महिमा बढ़ाना। मैंने तुम्हें दिखा दिया है कि मैं सब जगह हूँ, सभी मनुष्यों और सभी वस्तुओं में हूँ, मैं इस आंदोलन में हूँ और केवल उन्हीं के अंदर कार्य नहीं कर रहा जो देश के लिये मेहनत कर रहे हैं। बल्कि उनके अंदर भी जो उनका विरोध करते और मार्ग में रोड़े अटकाते हैं। मैं प्रत्येक व्यक्ति के अंदर काम कर रहा हूँ और मनुष्य चाहे जो कुछ सोचें या करें, पर वे मेरे हेतु की सहायता करने के अतिरिक्त और कुछ नहीं कर सकते। वे भी मेरा ही काम कर रहे हैं; वे मेरे शत्रु नहीं बल्कि मेरे यंत्र हैं। तुम यह जाने बिना भी कि तुम किस ओर जा रहे हो, अपनी सारी क्रियाओं के द्वारा आगे बढ़ रहे हो। तुम करना चाहते हो कुछ और पर कर बैठते हो कुछ और। तुम एक परिणाम को लक्ष्य बनाते हो और तुम्हारे प्रयास ऐसे हो जाते हैं जो उससे भिन्न या उल्टे परिणाम लाते हैं। शक्ति का आविर्भाव हुआ है और उसने लोगों में प्रवेश किया है। मैं एक जमाने से इस उत्थान की तैयारी करता आ रहा हूँ और अब वह समय आ गया है। अब मैं ही इसे पूर्णता की ओर ले जाऊँगा।

यही वह वाणी है जो मुझे आपको सुनानी है। आपकी सभा का नाम है। 'धर्मरक्षिणी सभा'। अस्तु, धर्म का संरक्षण, दुनिया के सामने हिंदू धर्म का संरक्षण और उत्थान-यही कार्य हमारे सामने है। परंतु हिंदू धर्म क्या है? वह धर्म क्या है जिसे हम सनातन धर्म कहते हैं? वह हिंदू धर्म इसी नाते है कि हिंदू जाति ने इसको रखा है, क्योंकि समुद्र और हिमालय से घिरे हुए इस प्रायद्वीप के एकांतवास में यह फला-फूला है, क्योंकि इस पवित्र और प्राचीन भूमि पर इसकी युगों तक रक्षा करने का भार आर्य जाति को सौंपा गया था। परंतु यह धर्म किसी एक देश की सीमा से घिरा नहीं है, यह संसार के किसी सीमित भाग के साथ विशेष रूप से और सदा के लिये बंधा नहीं है। जिसे हम हिंदू धर्म कहते हैं वह वास्तव में सनातन धर्म है, क्योंकि यही वह विश्वव्यापी धर्म है जो दूसरे सभी धर्मों का आलिंगन करता है। यदि कोई धर्म विश्वव्यापी न हो तो वह सनातन भी नहीं हो सकता। कोई संकुचित धर्म, सांप्रदायिक धर्म, अनुदार धर्म कुछ काल और किसी मर्यादित हेतु के लिये ही रह सकता है। यही एक ऐसा धर्म है जो अपने अंदर विज्ञान के आविष्कारों और दर्शनशास्त्र के चिंतनों का पूवार्भास देकर और उन्हें अपने अंदर मिलाकर जड़वाद पर विजय प्राप्त कर सकता है। यही एक धर्म है जो




मानवजाति के दिल में यह बात बिठा देता है कि भगवान हमारे निकट हैं, यह उन सभी साधनों को अपने अंदर ले लेता है जिनके द्वारा मनुष्य भगवान के पास पहुँच सकते हैं। यही एक ऐसा धर्म है जो प्रत्येक क्षण, सभी धर्मों के माने हुए इस सत्य पर जोर देता है कि भगवान हर आदमी और हर चीज में हैं तथा हम उन्हीं में चलते-फिरते हैं और उन्हीं में हम निवास करते हैं। यही एक ऐसा धर्म है जो इस सत्य को केवल समझने और उस पर विश्वास करने में ही हमारा सहायक नहीं होता बल्कि अपनी सत्ता के अंग-अंग में इसका अनुभव करने में भी हमारी मदद करता है। यही एक धर्म है जो संसार को दिखा देता है कि संसार है वासुदेव की लीला। यही एक ऐसा धर्म है जो हमें यह बताता है कि इस लीला में हम अपनी भूमिका अच्छी-से-अच्छी तरह कैसे निभा सकते हैं, जो हमें यह दिखाता है कि इसके सूक्ष्म से सूक्ष्म नियम क्या हैं, इसके महान-से-महान विधान कौन से हैं। यही एक ऐसा धर्म है जो जीवन की छोटी-से छोटी बात को भी धर्म से अलग नहीं करता, जो यह जानता है कि अमरता क्या है और जिसने मृत्यु की वास्तविकता को हमारे अंदर से एकदम निकाल दिया है।

यही वह वाणी है जो आपको सुनाने के लिये आज मेरी जबान पर रख दी गयी थी। मैं जो कुछ कहना चाहता था वह तो मुझसे अलग कर दिया गया है और जो मुझे कहने के लिये दिया गया है उससे अधिक मेरे पास कहने के लिये कुछ नहीं है। जो वाणी मेरे अंदर रख दी गयी थी केवल वही आपको सुना सकता हूँ। अब वह समाप्त हो चुकी है। पहले भी एक बार जब मेरे अंदर यही शक्ति काम कर रही थी तो मैंने आपसे कहा था कि वह आंदोलन राजनीतिक आंदोलन नहीं है और राष्ट्रीयता राजनीतिक नहीं, बल्कि एक धर्म है।

**(प्रसिद्ध उत्तरपाड़ा उद्बोधन से).**

# माइग्रेन की समस्या होने पर हो जायें सावधान



माइग्रेन, सिरदर्द की समस्या होने पर व्यक्ति कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। बता दें कि माइग्रेन को साइकोसोमेटिक डिसऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है। माइग्रेन की समस्या कई गंभीर बीमारियों का कारण बनती है। माइग्रेन, सिरदर्द की समस्या होने पर व्यक्ति कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। बता दें कि माइग्रेन को साइकोसोमेटिक डिसऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है। इसका मतलब होता है कि मानसिक स्वास्थ्य समस्या की वजह से शारीरिक लक्षण भी हो सकते हैं। माइग्रेन सामान्य सिरदर्द से काफी ज्यादा अलग होता है। माइग्रेन की समस्या होने पर व्यक्ति के एक तरफ का सिर बहुत तेज दर्द होता है, मिलती-उल्टी और प्रकाश आदि से अति संवेदनशीलता का अनुभव हो सकता है। हालांकि माइग्रेन एक कॉमन समस्या है, लेकिन अगर इसका समय से इलाज ना करवाया जाए, तो ये सामान्य सी समस्या गंभीर रोगों को बढ़ाने वाली भी हो सकती है। माइग्रेन के कारण व्यक्ति को अन्य तरह की स्वास्थ्य संबंधी जोखिम हो सकते हैं। ऐसे में अगर आप भी माइग्रेन से परेशान हैं, तो इसके जोखिमों को नजरअंदाज करने की गलती नहीं करनी चाहिए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको माइग्रेन से होने वाली अन्य स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**हृदय रोगों का खतरा :** एक रिपोर्ट के अनुसार, जिन लोगों को अक्सर माइग्रेन का अटैक होता है। उन लोगों में स्ट्रोल का हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा होता है। युवा आबादी में माइग्रेन की समस्या काफी कॉमन है और इसे स्ट्रोक के बढ़ते जोखिम के रूप में देखा जा रहा है। एक शोध में पाया गया है कि जिन लोगों को माइग्रेन की समस्या ज्यादा है। उनमें हृदय रोगों का जोखिम भी काफी ज्यादा पाया गया है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो माइग्रेन हृदय रोगों का जोखिम बढ़ाने वाली हो सकती है। माइग्रेन की समस्या होने पर यह रक्त वाहिकाओं को भी नुकसान पहुंचा सकता है। जिससे हृदय संबंधी रोगों का खतरा बढ़ जाता है।

**हार्ट अटैक का खतरा :** जिन लोगों को माइग्रेन की समस्या होती है, उन लोगों में दिल का दौरा पड़ने या हृदय गति से संबंधी रोग होने की आशंका अधिक होची है। माइग्रेन की समस्या से पीड़ित व्यक्ति को अन्य लोगों की तुलना में दिल का दौरा पड़ने का जोखिम ज्यादा होता है। सभी लोगों में माइग्रेन के जोखिम अलग-अलग प्रकार का हो सकता है। आवश्यक नहीं है कि माइग्रेन हर किसी के लिए गंभीर रोग का कारण बनें।

**माइग्रेन की समस्या को ना करें अनदेखा :** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, आमतौर पर मानसिक स्वास्थ्य विकारों से जोड़कर माइग्रेन की समस्या को देखा जाता रहा है। यानी कि अगर किसी व्यक्ति को डिप्रेशन या स्ट्रेस की समस्या रही है। तो उसे माइग्रेन होने का खतरा अधिक रहता है। माइग्रेन की समस्या अक्सर साइकोसोमेटिक है। इसलिए अगर आपको सामान्य इलाज से राहत नहीं मिल रही है। तो आपको फौरन किसी मानसिक स्वास्थ्य एक्सपर्ट की सलाह लेनी चाहिए।

## सूडोकु नवताल- 6817

✶✶✶✶☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6816 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**09 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.23 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | तुला | 08.34 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 10.49 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 13.05 बजे से |
| गुरु | मेष में | मकर | 15.10 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 16.56 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.29 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 20.00 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 21.40 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | मिथुन | 23.38 बजे से |
| | | कर्क | 01.51 बजे से |
| | | सिंह | 04.08 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 252 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 19.19 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** आर्द्रा 14.26 बजे को समाप्त। **योग** व्यतीपात 22.35 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 06.21 बजे तदनन्तर विष्टि 19.19 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 23.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 05° 30' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871731 **जूलियन दिन** 2460196.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सफर **तारीख** 23

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7879



**बाएँ से दाएँ**

1.पेड़,दरख्त-2
3.प्रार्थना,पूजना-4
6.आदर्श,पैमाना-3
8.त्वचा,चमड़ी,खाल-2
10.सड़ने की प्रक्रिया,गलन-3
12.देव,देवता-2
13.चलने का ढंग-2
14.प्रशंसा,गुणगान-3
16.आरामदायक-5
17.कक्ष,रूम-3
19.हिंदू कलैंडर का एक महीना, भाद्रवा-2
20.500 कागजों की गड्डी-2
21.कबाड़,खराब वस्तु-3
24.मजा,मस्ती-2
26.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
28.शोरगुल,-4
29.तह,परत-2

**ऊपर से नीचे**

2.माफी-2
3.झूठी शान,घमंड-3
4.गर्दन से नीचे का शरीर,देह-2
5.अपराध,गुनाह-2
7.रग,नाड़ी-2
8.सूत कातने का यंत्र-3
9.एकाएक-4
11.शीश झुकाए हुए-5
12.भोर,प्रातः-3
15.ननद का पति-4
16.विश्राम,राहत-3
18.रोगी,बीमार-3
22.उच्चतम-3
23.गरबा,नृत्य-2
24.मृत्यु-2
25.रास्ता,मार्ग-2
27.आनंदित,मौजी-2

**शब्द पहेली -7878 का हल**



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष राशि :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मिथुन राशि :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें।

**कर्क राशि :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**सिंह राशि :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक संपत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें।

**कन्या राशि :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी।

**तुला राशि :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक राशि :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनु राशि :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मकर राशि :** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

**कुंभ राशि :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**मीन राशि :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।




## NEWS इन ब्रीफ

### हनुमानगढ़-जयपुर हाइवे पर हादसा, पांच की मौत, 18 घायल

**चूरू।** हनुमानगढ़-जयपुर हाइवे पर सरदारशहर स्थित साडासर और सावर के बीच गुरुवार देरशाम हुए सड़क हादसे में पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई। इनमें चार महिलाएं और एक पुरुष है। हादसे में 18 लोग घायल हैं। इनमें से सात को हालत गंभीर होने पर बीकानेर रेफर किया गया। हादसा बोलेरो और ट्रक के बीच हुई टक्कर से हुआ। भानीपुरा थानाधिकारी गौरव खिड़िया ने बताया कि हादसे में कमला देवी (55) पत्नी भगवता राम रायका, अन्नाराम (35) पुत्र रत्नाराम रायका, संतोष (35) पत्नी तुगनाराम प्रजापत, मोनिका (10) पुत्री ओमप्रकाश रायका, सरोज (28) पत्नी देवीलाल रायका की मौके पर ही मौत हो गई। ये राजासर पंवरान रायका की ढाणी के रहने वाले थे।

### बीएसएफ के हत्थे चढ़ा तस्कर, लाखों का सोना जब्त

**दक्षिण दिनाजपुर।** जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के रायगंज सेक्टर के अंतर्गत सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 61वीं बटालियन की बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) हिली के सीमा प्रहरियों ने सत्ताईस लाख रुपए के सोने के बिस्कुट के साथ एक तस्कर को पकड़ा है। पकड़े गए तस्कर का नाम परितोष सरकार (24) है। बीएसएफ ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, परितोष को संदिग्ध अवस्था में हिली बाजार के सामान्य क्षेत्र से पकड़ा गया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 27 लाख 86 हजार से अधिक मूल्य के 4 पीस सोने के बिस्कुट बरामद किए गए जो काले कार्बन टैप से लपेटे हुए थे।

### एयर होस्टेस हत्या मामले में आरोपी ने की आत्महत्या

**मुंबई।** अंधेरी के पवई इलाके में एयर होस्टेस की हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपित विक्रम अटवाल ने शुक्रवार सुबह पुलिस लॉकअप में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए कूपर अस्पताल में भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इस आत्महत्या मामले की छानबीन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले एयर होस्टेस रूपल ओगारे की हत्या उनके अंधेरी स्थित आवास पर कर दी गई थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन के पूर्व जताया भरोसा, कहा

# समावेशी विकास की होगी पहल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन के पूर्व यह विश्वास व्यक्त किया है कि शिखर सम्मेलन मानव-केंद्रित और समावेशी विकास में एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि वे आशा करते हैं कि अगले दो दिनों में विश्व नेताओं के साथ उनकी सार्थक चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि भारत प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए मानव-केंद्रित तरीके पर भी बहुत जोर देता है। वंचितों, पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की सेवा करने के गांधीजी के मिशन का अनुकरण करना महत्वपूर्ण है।



प्रधानमंत्री ने जी20 से जुड़ी अपनी गतिविधियों की जानकारी एक्स पर आज दी। उन्होंने बताया कि भारत को 09-10 सितंबर को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में 18वें जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करते हुए खुशी हो रही है। यह भारत द्वारा आयोजित किया जाने वाला पहला जी20 शिखर सम्मेलन है। वे अगले दो दिनों में विश्व नेताओं के साथ सार्थक चर्चा की आशा करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे सांस्कृतिक लोकाचार में निहित, भारत की जी20 प्रेसीडेंसी थीम, 'वसुधैव कुटुंबकम- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' हमारे विश्व दृष्टिकोण के साथ गहराई से मेल खाती है कि पूरी दुनिया एक परिवार है। भारत की जी20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्य-उन्मुख रही है। हमने ग्लोबल साउथ की विकासात्मक चिंताओं को सक्रिय रूप से आवाज दी।

उन्होंने कहा कि मित्रता और सहयोग के बंधन को और गहरा करने के लिए कई नेताओं और प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों के साथ वे द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। उन्हें विश्वास है कि हमारे मेहमान भारतीय आतिथ्य की गर्मजोशी का आनंद लेंगे। राष्ट्रपतिजी 9 सितंबर को रात्रिभोज का आयोजन करेंगी। 10 तारीख को नेता राजघाट पर गांधीजी को श्रद्धांजलि देंगे। समापन समारोह में, उसी दिन, जी20 नेता एक स्वस्थ 'एक पृथ्वी' के लिए 'एक परिवार' की तरह मिल कर एक स्थायी और न्यायसंगत 'एक भविष्य' के लिए अपने सामूहिक दृष्टिकोण को साझा करेंगे।

उन्होंने बताया कि जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान, वे 'एक पृथ्वी', 'एक परिवार' और 'एक भविष्य' पर सत्र की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें विश्व समुदाय के लिए प्रमुख चिंता के कई मुद्दों को शामिल किया जाएगा। इनमें मजबूत, टिकाऊ, समावेशी और संतुलित विकास को आगे बढ़ाना शामिल है। हम सतत भविष्य के लिए एसडीजी, हरित विकास समझौते की प्रगति में तेजी लाना चाहते हैं और 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थानों को मजबूत करना चाहते हैं। हम तकनीकी परिवर्तन और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे जैसे भविष्य के क्षेत्रों को अत्यधिक प्राथमिकता देते हैं। हम लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने और विश्व शांति सुनिश्चित करने के लिए भी सामूहिक रूप से काम करेंगे।

# जी-20 के अवसर पर रात्रि भोज में खड़गे को निमंत्रण नहीं

### कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण , लेकिन वे नहीं जाएंगे

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जी -20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर 9 सितंबर 2023 को आयोजित रात्रिभोज में शामिल होने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष व राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को आमंत्रित नहीं किया गया है। जबकि इसमें शामिल होने के लिए विदेशी मेहमानों समेत देश के कई दिग्गज नेताओं तथा मुख्यमंत्रियों तक को आमंत्रण भेजा गया है। जिसके कारण कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने और जरूरी कार्य में व्यस्त होने की बात कह आने से मना कर दिया है। इनमें कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन हैं। कर्नाटक में भाजपा से तालमेल कर लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में लगी जेडीएस के नेता व पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा ने स्वास्थ्य खराब होने के कारण रात्रिभोज में आने में असमर्थता जताई है ।वैसे जेडीएस को भाजपा लोकसभा की 4 सीटें दे रही है ,जबकि जेडीएस मांग रही है 7 सीट। इसके कारण भी देवगौड़ा को रात्रि भोज में नहीं आने की बात से जोड़ा जा रहा है।



भारत की जी20 अध्यक्षता पर पूर्व प्रमुख सचिव नृपेंद्र मिश्रा ने कहा

# बहुपक्षीय संगठनों को प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

भारत ने दिसंबर 2022 में जी20 की अध्यक्षता ग्रहण की - एक ऐसा समय, जब दुनिया जलवायु आपातकाल का सामना कर रही थी, महामारी के प्रभाव से जूझ रही थी और बढ़ते ध्रुवीकरण, भू-राजनीतिक संघर्ष और शक्ति संतुलन के बीच विभाजित थी। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्रगति की असफलता से स्थिति और गंभीर हो गयी, जिनके कारण सरकारों तथा नीति निमार्ताओं को अतिरिक्त बोझ का सामना करना पड़ा। इस जटिल परिदृश्य में, बहुपक्षीय संगठनों को अपनी भूमिका को प्रभावी बनाने के लिए चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जो अंतरराष्ट्रीय संबंधों को विकसित और मजबूत करने में एक सतत संघर्ष के रूप में सामने आया। समय बीतने के साथ, राष्ट्रों के अलग-अलग रास्तों ने ब्रिक्स, क्वाड, आसियान जैसे विभिन्न बहुपक्षीय मंचों के गठन को प्रेरित किया है, जो एक तरफ तो क्षेत्रीय सहयोग को सुविधाजनक बनाते हैं, वहीं दूसरी तरफ विभाजित बहुपक्षीय व्यवस्था की जटिलताओं को बढ़ाते हैं।

इन व्यापक संकटों की पृष्ठभूमि में, बहुपक्षीय संगठनों में सुधार और सुदृढ़ीकरण की तत्काल आवश्यकता हो गयी है। इस प्रयास में, न केवल बहुपक्षीय संगठनों को उनकी भूमिका के लिए मजबूती देना, बल्कि वैश्विक राजनीति और शक्ति संतुलन को अच्छी तरह से समझना भी शामिल हैं। आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग के एक प्रमुख मंच के रूप में, जी20 विकसित, उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के व्यापक आयाम का प्रतिनिधित्व करता है तथा मजबूत बहुपक्षीय संवादों के माध्यम से दुनिया की सबसे गंभीर चुनौतियों का समाधान करने से जुड़ी अपनी महत्वाकांक्षा की जिम्मेदारी लेता है, जिनसे सभी सदस्य देश लाभान्वित होते हैं।अपनी अध्यक्षता के दौरान, भारत ने बहुपक्षीय कूटनीति के भरोसेमंद भविष्य की दिशा में वैश्विक चचाओं को आगे बढ़ाने के लिए खुद को समर्पित करते हुए, इस एजेंडे को अपनी महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में से एक के रूप में प्रमुखता दी है।

पूरे वर्ष के दौरान, इस एजेंडे के विभिन्न घटकों पर ठोस प्रगति हासिल की गई। जर्मनी की अध्यक्षता के तहत, जी20 विदेश मंत्रियों की वार्षिक बैठक की शुरूआत की गयी थी। अपनी स्थापना के बाद से ही यह बैठक एक प्रथागत कार्यक्रम रही है, लेकिन भारत ने व्यापक विचार-विमर्श करने के बाद तैयार किये गए जी20 विदेश मंत्रियों के परिणाम दस्तावेज और अध्यक्षीय सारांश (एफएमएम ओडीसीएस) को




अपनाने वाले पहले देश होने की उपलब्धि हासिल की है। सदस्य देशों के लिए, इस व्यापक दस्तावेज में प्रासंगिक महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया है, जिनमें बहुपक्षीय संगठनों को मजबूत करना, आतंकवाद का मुकाबला करना और वैश्विक स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करना शामिल हैं। यह उपलब्धि विदेश मंत्रियों के सहयोग से एक ऐसी मजबूत बहुपक्षीय प्रणाली बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, जो सभी देशों के हितों को पूरा करती हो।

इसके अलावा, भारत ने संयुक्त राष्ट्र के भीतर सुधारों से संबंधित चर्चाओं को प्रभावी ढंग से पुनर्जीवित किया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित इसके प्रमुख अंगों के पुनर्गठन पर विशेष रूप से अपना ध्यान केंद्रित किया। एफएमएम ओडीसीएस में सुधार के इन प्रयासों पर जोर दिया गया, जो संयुक्त राष्ट्र में ज्यादा देशों के प्रतिनिधित्व और समकालीन संरचना को बढ़ावा देने के प्रति भारत के समर्पण को दशार्ता है। वैश्विक वास्तविकताओं का निरंतर विकास और वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को आज की जरूरतों के साथ जोड़ने के महत्व को रेखांकित करता है। इसके अतिरिक्त, वर्तमान में जारी संघर्षों के विघटनकारी प्रभाव ने परिषद के संचालन में बाधाएं पैदा की हैं, जिनसे व्यापक सुधारों की तत्काल आवश्यकता को बल मिला है, ताकि इसकी प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके। भारतीय अध्यक्षता ने बहुपक्षीय संगठनों को मजबूत करने के प्रयासों को परिश्रमपूर्वक आगे बढ़ाया। भारतीय अध्यक्षता के मार्गदर्शन में एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह (आईईजी) की स्थापना के साथ बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) में सुधार किये जाने को गति मिली। आईईजी का मिशन एमडीबी को मजबूत करने और एमडीबी इकोसिस्टम को अद्यतन करने के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा तैयार करने से जुड़ी सिफारिशें प्रदान करना था, ताकि 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने में इसकी दक्षता सुनिश्चित की जा सके।

# विधानसभा उपचुनाव: त्रिपुरा और उत्तराखंड में भाजपा, यूपी में सपा; पश्चिम बंगाल में टीएमसी की हुई जीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर 5 सितंबर को हुए उपचुनाव के लिए शुक्रवार को वोटों की गिनती की बाद रिजल्ट घोषित कर दिए गए। बीजेपी ने त्रिपुरा की दोनों सीटों पर कब्जा जमा लिया है। वहीं उत्तराखंड की बागेश्वर सीट एक बार फिर से बीजेपी की झोली में आ गई है। बीजेपी उम्मीदवार पार्वती दास ने इस सीट पर 2400 वोटों से जीत हासिल की है। केरल की पुथुपल्ली सीट पर कांग्रेस ने एक बार फिर से कब्जा जमा लिया है। पश्चिम बंगाल की धूपगुड़ी सीट पर तृणमूल कांग्रेस के निर्मलचंद राय ने बीजेपी की तापसी राय को पराजित कर दिया है। झारखंड के डुमरी विधानसभा क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा की बेबी देवी ने ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) की यशोदा देवी को हरा दिया है। उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सुधाकर सिंह ने बीजेपी के दारा सिंह चौहान को पराजित कर दिया है। केरल में पुथुपल्ली निर्वाचन क्षेत्र में हुए उपचुनाव में विपक्षी गठबंधन यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के उम्मीदवार चांडी ओमन ने जीत हासिल कर ली है। चांडी ओमन कांग्रेस के दिवंगत नेता ओमन चांडी के बेटे हैं और शुरूआती रुझानों में ही वह अपने प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे निकल गए थे। वह 37719 वोटों से जीत गए हैं।

चुनाव आयोग के मुताबिक, बीजेपी ने त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले की धनपुर और बोक्सानगर विधानसभा सीटें जीत ली हैं। करीब 66 फीसदी अल्पसंख्यक मतदाताओं वाली बोक्सानगर सीट पर बीजेपी ने कब्जा जमा लिया है। धनपुर में बिंदु देबनाथ को जीत मिली है। वहीं बोक्सानगर में बीजेपी के तफज्जल हुसैन ने 30,237 वोटों से जीत हासिल की। पश्चिम बंगाल की धूपगुड़ी सीट पर तृणमूल कांग्रेस के निर्मलचंद राय ने बीजेपी की तापसी राय को 4309 वोटों से पराजित कर दिया है। निर्मलचंद राय को 97,613 और तापसी राय को 93,304 वोट मिले हैं। झारखंड के गिरिडीह जिले की डुमरी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार बेबी देवी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन की यशोदा देवी को 17,153 वोटों से हरा दिया।





### 'यात्रीज' की चाहत खन्ना को आई रघुबीर यादव के साथ बिताए जामिंग सेशन की याद

पारिवारिक ड्रामा फिल्म 'यात्रीज' में अभिनय करने वाली अभिनेत्री चाहत खन्ना ने कहा कि उन्हें फिल्म में अपने सह-अभिनेता रघुबीर यादव के साथ बिताए गए जैमिंग सेशन की याद आ रही है। अनुभवी अभिनेता रघुबीर ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) से पढ़ाई की है और वह गायन में भी माहिर हैं। अनुभवी अभिनेता के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए चाहत ने कहा, यह बहुत प्रतीक्षित है, मैं उन्हें एक अभिनेता के रूप में प्यार करती हूं, साथ ही उन्हें एक व्यक्ति के रूप में जानने के बाद मैंने सीखा है कि वह एक अद्भुत व्यक्ति होने के साथ एक महान गायक भी हैं। मुझे उनकी याद आती है। पैक-अप के बाद उनके ठुमके लगाने के सत्र, जिसका हम सभी ने आनंद लिया और इंतजार किया। फिल्म में सीमा पाहवा भी हैं। फिल्म 6 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। इसमें चाहत ने सोनम का किरदार निभाया है, जो एक आधुनिक महिला है, जिसके दिल में बिल्कुल भी प्यार नहीं है।




### कंगना रनौत ने फिल्म 'जवान' के लिए शाहरुख की तारीफ की



शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' कमाई के मामले में पहले दिन हिट रही। शाहरुख खान अभिनीत इस मल्टीस्टारर फिल्म की कई सेलिब्रिटीज तारीफ कर रहे हैं। फिल्म अभिनेत्री कंगना ने भी 'जवान' के लिए शाहरुख की तारीफ की है। कंगना रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में कहा, 90 के दशक का परम प्रेमी लड़का बनने से लेकर दर्शकों के साथ फिर से जुड़ने के लिए चालीस से पचास के दशक तक लंबे संघर्ष और अंत में 60 साल की उम्र में भारत के सुपरहीरो के रूप में उभरना, वास्तविक जीवन में सुपर हीरो है। मुझे वह समय याद है जब लोगों ने उन्हें नजरअंदाज किया, उनकी पसंद का मजाक उड़ाया लेकिन उनका संघर्ष उन सभी अभिनेताओं के लिए एक मास्टर क्लास है, जो बड़े करियर का आनंद ले रहे हैं।

### 'राब्ता' म्यूजिक वीडियो में जुबिन, अदा शर्मा के बीच जबरदस्त रोमांस...

प्लेबैक सिंगर जुबिन नौटियाल ने अब एक इमोशनल रोमांटिक ट्रैक 'राब्ता' पेश किया है। जुबिन 'रातां लंबियां', 'तुम ही आना', 'मानिके' और कई अन्य ट्रैक के लिए जाने जाते हैं। 'राब्ता' गाने में एक दिल छू लेने वाला म्यूजिक वीडियो भी है, जिसमें अभिनेत्री अदा शर्मा के साथ जुबिन नौटियाल की रोमांटिक जोड़ी दिखाई गई है। संगीत वीडियो की शुरूआत जुबिन के घर में बैठकर गिटार बजाने से होती है। इस दौरान उनकी मां पास आती हैं और एक महिला से मिलने के लिए कहती हैं, जिसे उन्होंने उनकी (जुबिन) संभावित पत्नी (अदा शर्मा) के रूप में चुना है। कुछ ना-नुकर के बाद जुबिन नौटियाल मुलाकात के लिए तैयार हो जाते हैं। दोनों नजरें मिलते ही तुरंत क्लासिक बॉलीवुड अंदाज में जुड़ जाते हैं। दोनों साथ में समय बिताते दिखने लगते हैं। वीडियो में दोनों का रोमांटिक पक्ष दिखाया गया है। दोनों एक-दूसरे से बात करते, घूमते, साथ बैठकर चाय पीते दिखते हैं। उनकी केमिस्ट्री काफी अच्छी दिखने लगती है। वीडियो के अंत में दोनों एक-दूसरे से इतने मोहित हो जाते हैं कि उनके लिए समय रुक जाता है। जैसे ही दोनों दिवाली मनाते हैं, बस एक-दूसरे को देखते हैं और मुस्कुराते हैं। आवाज जुबिन नौटियाल की है। लेखक जुनैद और कंपोजिशन करने वाले चिरंतन भट्ट हैं।



जी-20 वायु सेना ने रोका "त्रिशूल" अभ्यास, एयर पेट्रोलिंग करेंगे लड़ाकू विमान

# सम्मेलन के दौरान हवाई क्षेत्र की सुरक्षा में रहेंगे मुस्तैद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए देश की राजधानी दिल्ली में दुनिया के 20 ताकतवर देशों के नेताओं का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। सुरक्षा के मद्देनजर भारतीय वायु सेना ने चीन और पाकिस्तान बॉर्डर पर 04 सितम्बर से चल रहे अभ्यास "त्रिशूल" पर रोक लगा दी है। सिर्फ एक्सरसाइज त्रिशूल में शामिल विमानों के उड़ान और संचालन पर रोक लगाई गई है, जबकि अन्य नियमित उड़ानें जारी रहेंगी। जी-20 की सुरक्षा के लिए मिराज-2000 और राफेल जैसे लड़ाकू विमान एयर पेट्रोलिंग करेंगे। राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हवाई क्षेत्र की सुरक्षा जिम्मेदारी भारतीय वायु सेना की होगी, जिसके लिए दिल्ली और उसके आसपास बड़ी संख्या में रक्षात्मक और हमलावर हथियारों को पहले ही तैनात किया गया है। शिखर सम्मेलन में शामिल होने तमाम वैश्विक नेता राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली आने लगे है, जिन्हें कड़ी सुरक्षा घेरे में रखा गया है। आसमानी सुरक्षा के लिए दिल्ली और उसके आसपास बड़ी संख्या में रक्षात्मक और हमलावर हथियारों को तैनात किया गया है। जी-20 की सुरक्षा के लिए मिराज-2000 और राफेल जैसे लड़ाकू विमान एयर पेट्रोलिंग करेंगे। शिखर सम्मेलन की तैयारियों के बीच वायु सेना ने 04 सितम्बर से चीन और पाकिस्तान बॉर्डर पर सैन्य अभ्यास शुरू किया था, जिसे "त्रिशूल" नाम दिया गया। वायु सेना ने 14 सितंबर तक चलने वाला यह अभ्यास लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और पंजाब सहित उत्तरी क्षेत्र में ऐसे समय शुरू किया था, जब जी-20 शिखर सम्मेलन की हवाई सुरक्षा करने की जिम्मेदारी भी वायु सेना के ही पास है। शिखर सम्मेलन को देखते हुए वायु सेना ने अपना हवाई अभ्यास "त्रिशूल" बीच में ही रोक दिया है। इस अभ्यास में राफेल, मिराज-2000 और सुखोई-30 सहित चिनूक और अपाचे सहित भारी-लिफ्ट परिवहन विमान भी भाग ले रहे थे। "त्रिशूल" में शामिल विमानों के उड़ान और संचालन पर रोक लगा दी गई है, जबकि अन्य नियमित उड़ानें जारी रहेंगी। वायु सेना ने दिल्ली के आसमान की सुरक्षा के लिए आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम और एंटी-एयरक्राफ्ट गन जैसी वायु रक्षा प्रणालियों को भी तैनात किया है। हवाई सुरक्षा से जुड़े वायु सेना के एक अधिकारी ने बताया कि दुश्मन के विमानों या ड्रोनों को मार गिराने के लिए सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणालियों को भी दिल्ली के आसपास के स्थानों पर ले जाया गया है। इस दौरान भारतीय वायु सेना जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए देश भर के हवाई क्षेत्र पर नजर रखने के लिए अपने फाल्कन अवाक्स विमान का संचालन शुरू करेगी। इसके अलावा दिल्ली के आसमान की सुरक्षा के लिए राफेल और अन्य लड़ाकू विमानों को उन्नत हवाई अड्डों पर तैनात किया जा रहा है।



# जयपाल सिंह मुंडा अवार्ड से 75 विभूतियों को किया जायेगा सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** उम्मीद फाउंडेशन की ओर से राज्य स्तर पर लगातार दूसरे साल जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार 2023 का आयोजन तीन जनवरी 2024 को होगा। इस पुरस्कार कार्यक्रम में खेल, कला, पत्रकारिता जगत के विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलखो और आयोजन समिति प्रमुख निरंजन भारती ने शुक्रवार को करमटोली स्थित धुमकुडिया में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती प्रत्येक वर्ष तीन जनवरी को पूरे देश में मनाई जाती है। उनकी जयंती पर उम्मीद फाउंडेशन की ओर से प्रत्येक वर्ष जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार का आयोजन किया जाता है। पुरस्कार समारोह में इस बार 75 विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा। ₹जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार₹ के लिए आवदेन आंमत्रित है। इस वर्ष के लिए नामांकन 30 नवंबर तक स्वीकार किए जाएंगे, जिसमें एक खेल से अधिकतम दो खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। रितेश उरांव ने बताया कि पुरस्कार में भाग लेने के लिए इच्छुक खिलाडी, पत्रकार, कला संस्कृति से जुड़े विभुत्ति, समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शख्सियत इत्यादि अपना समुचित विवरण व्हाट्सअप नंबर 9431399089 पर भेज सकते हैं। उरांव ने कहा कि प्राप्तकर्ताओं का चयन उम्मीद फाउंडेशन की ओर से गठित एक समिति की ओर से किया जाता है। खिलाड़ियों को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल क्षेत्र में शानदार और सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनके सक्रिय खेल कार्यकाल और सेवानिवृत्ति के बाद दोनों के लिए उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाता है।

# स्वतंत्रता सेनानी नागरमल मोदी के निवास स्थान से पवित्र मिट्टी प्राप्त की गई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राष्ट्रीय अभियान मेरी माटी-मेरा देश के तहत शुक्रवार को प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी नागरमल मोदी के बड़ालाल स्ट्रीट स्थित निवास स्थल से उमेश गोपीनाथ जादव और मेजर संजय मेहरोत्रा ने पवित्र मिट्टी प्राप्त की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों और आजादी की लड़ाई में गुमनाम हुए शहीदों को श्रद्धांजलि देना है। नागरमल मोदी का सार्वजनीक जीवन 1894 से 1953 तक विस्तृत है। इस बीच वह देष की स्वतंत्रता से मुक्ति एवं समाज में व्यापत विसंगतियों, कुरीतियों, असंगतियों के निवारण के लिए संघर्ष करते रहे थे। नागरमल मोदी देष की स्वतंत्रता, स्वदेशी वस्तुओं का प्रचार - प्रसार और समाज में सुधार के लिए समर्पित रहे थे। छोटानागपुर में असहयोग आंदोलन की शुरूआत स्वतंत्रता सेनानी नागरमल मोदी के आह्वान पर पांच दिनी हड़ताल (17 से 21, नवम्बर, 1920) से आरम्भ हुआ था। टाना भक्तों को कांग्रेस से जोड़ने में नागरमल मोदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा था। 1905 से 1947 तक नागरमल मोदी जी अनेक बार रांची, हजारीबाग, पटना, जयपुर तथा कलकता के जेलों में कैद रहे थे। नागरमलजी देश के पहले वस्त्र व्यवसायी थे। जिन्होंने जुलाई 1905 में अपने फर्म से विलायतीव स्त्रों की होली जलाते हुए घोषणा की थी कि अब मेरा फर्म सिर्फ स्वदेषी वस्त्रों का ही कार्य व्यापार करेगा। वह दो बार गुमला, सिमडेगा निर्वाचन क्षेत्र से विधायक भी रहे। इस अवसर पर वरीष्ठ अधिवक्ता विरेन पोद्दार, अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष रतन मोर, नवनीत मोदी, रोहित मोदी, राजीव मोदी, अर्णव मोदी, अपूर्व मोदी, शेषांक मोदी, अर्चना मोदी, ममता मोदी, कान्ता मोदी, षिल्पा मोदी, रोहिणी केजरीवाल, सुधीर लाल, गौतम मोदी,अधिवक्ता प्रदीप मोदी, रवि मोदी, प्रदीप नेवटिया, अनविका केजरीवाल सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभा को उमेश गोपीनाथ जादव और मेजर संजय मेहरोत्रा द्वारा सम्बोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन आशीष (मीनू) मोदी द्वारा दिया गया।

# डीआईजी ने कोर्ट का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** डीआईजी अनूप बिरथरे ने शुक्रवार को रांची के सिविल कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। सिविल कोर्ट पहुंचकर उन्होंने कोर्ट की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी ली। साथ ही सुरक्षाकर्मियों को कई दिशा-निर्देश भी दिए। डीआईजी ने सिविल कोर्ट कैंपस के सभी प्रवेश और निकास द्वार पर आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखने और कोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सिविल कोर्ट टीओपी प्रभारी भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जमशेदपुर सिविल कोर्ट में एक पेशकार पर कोर्ट परिसर में ही धारदार हथियार से हमला हुआ था। इस घटना पर संज्ञान लेते हुए हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को अदालतों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया है।


## समाहरणालय, गढ़वा
(परिवहन शाखा)

सूचना सं.......................
दिनांक..........................

**त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022 में अधिग्रहित छोटी वाहनों के वाहन स्वामियों/चालकों के लिए आवश्यक सूचना।**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन – 2022 में अधिग्रहित छोटी वाहनों के भाड़ा भुगतान हेतु भाड़ा की गणना की जा रही है। निर्वाचन समाप्ति के लगभग 15 माह से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी आज तक कुछ वाहन स्वामियों/चालकों द्वारा लॉग बुक जमा नहीं किया गया है तथा कुछ वाहन स्वामियों द्वारा लॉगबुक जमा किया गया है लेकिन उनके द्वारा बैंक से संबंधित जानकारी दर्ज नही की गयी है। उक्त परिस्थिति में वाहनों के भाड़ा की गणना/भुगतान करना सभंव नहीं हो पा रहा है।

अतः ऐसे वाहन स्वामियों जिनका वाहन पंचायत निर्वाचन–2022 में अधिग्रहित की गई थी, को सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के 5 दिनों के अंदर अपने वाहन का लॉग बुक/बैंक खाता विवरणी जिला परिवहन कार्यालय, गढ़वा में जमा करना सुनिश्चित करेंगे जिससे की वाहन के भाड़ा की गणना/भुगतान किया जा सके। निर्धारित समय सीमा के अंदर लॉगबुक/बैंक खाता विवरणी जमा नहीं कराने की स्थिति में आपके वाहन के भाड़ा भुगतान पर विचार नहीं किया जाएगा।

इसे अत्यावश्यक समझें।

ह0/–
जिला परिवहन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 306476 (Transport) 23-24 (D)


## पृष्ठ एक के शेष

**अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा...**
सोने के 57 ग्राम आभूषण और रंगा करीब 350 ग्राम बरामद किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त दो पल्सर बाइक और लुटेरों का एक मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद किया है। बरामद फोन को एसआईटी खंगाल रही है ताकि गिरोह में शामिल अन्य लुटेरों के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित हो। एसडीपीओ ने आगे बताया कि गिरफ्तार आवला नागराज व सूरज राव जाजपुर ओडिशा, सिद्धांत कुमार व कैलाश राव हुगली पश्चिम बंगाल, सुब्बा राव प्रधान जखापुरा उड़ीसा व टी मारकोंडा दास सोरडा का रहने वाला है। वर्तमान में यह सभी बिहार के गया रेलवे स्टेशन के समीप भाड़े के मकान में रह रहे थे।

**पलामू में अपराधियों ने की युवक को...**
कुमार सिंह, टाइगर मोबाइल का जवान संतन कुमार, शारीक इरशाद घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। वहीं घटनास्थल से पुलिस को एक बाइक और एक 315 का पिस्टल बरामद हुआ है। इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। अपराधियों की पहचान के लिए पुलिस दीपक जनरल स्टोर में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रही है। वहीं फंटूश के मौत के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**हर बेघर को देंगे मकान...**
योजनाओं से जोड़ने का काम किया गया है।

**आज भी कई चुनौतियां हैं, लेकिन हमारे कदम नहीं रुकेंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी हमारे सामने कई चुनौतियां हैं। आदिवासी दलित और पिछड़े लोग दशकों से हासिये पर रहे हैं। आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, बौद्धिक और राजनीतिक रूप से कमजोर होने की वजह से इन्हें नजरअंदाज किया जाता रहा है । अब जब ये आगे बढ़ रहे हैं तो कुछ ताकते इन्हें रोकने की नापाक कोशिश कर रही है। लेकिन, हमने इन्हें मजबूत करने का जो संकल्प ले रखा है, उससे नहीं डिगेंगे। चाहे परिस्थितियों कैसी भी हो, इन्हें मजबूत करने के रास्ते पर चल पड़े हैं और कदम नही थमेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा जिस तरह यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के तहत सभी बुजुर्गों दिव्यांगों एकल महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है , उसी तरह अब सभी बेघर को पक्का मकान देने का निर्णय सरकार ने लिया है। बहुत जल्द अबुआ आवास योजना की शुरूआत होगी , ताकि लोगों के अपने घर का सपना साकार हो सके।

**अभिभावक सिर्फ बच्चों के पढ़ाई पर ध्यान दें, खर्च की चिंता नहीं करें**
मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा की बेहतरी पर सरकार का विशेष जोर है। इस सिलसिले में उत्कृष्ट विद्यालय खोले गए हैं । छात्रवृत्ति राशि में बढ़ोतरी की गई है। बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना चलाई जा रही है । प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से लेकर मेडिकल-इंजीनियरिंग जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकार सहायता दे रही है। बच्चों का बेहतर भविष्य बने, इस दिशा में हम कम कर रहे हैं। हमारा अभिभावकों से कहना है कि वे अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ाएं, खर्च की चिंता नहीं करें। सरकार मदद करेगी।

**मानकी- मुंडा व्यवस्था को कर रहे मजबूत**
मुख्यमंत्री ने कहा कि मानकी- मुंडा पारंपरिक व्यवस्था जनजाति समुदाय की मजबूत कड़ी है। यह समाज के पुरोधा हैं। इस व्यवस्था को हम और मजबूती दे रहे हैं, ताकि समाज को इनका लाभ ज्यादा से ज्यादा मिल सके। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उनके बीच मोटरसाइकिल वितरित की।

**95 योजनाओं की रखी गई आधारशिला, 31 का उद्घाटन**
-मुख्यमंत्री ने 406 करोड़, 11 लाख, 58 हजार 3 सौ रुपए की लागत से 126 योजनाओं का उद्घाटन - शिलान्यास किया। इसमें 367 करोड़ 99 लाख 15 हजार रुपए की लागत वाली 95 योजनाओं की नींव रखी गई । वहीं, 38 करोड़ 12 लाख 43 हजार 3 सौ रुपए की 31 योजनाओं का उद्घाटन हुआ।
- 25 लाभुकों के बीच 23 लाख 35 हजार 636 रुपये की परिसंपत्तियां बांटी गई। जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया गया कि चालू वित्तीय वर्ष 2023- 24 में 7 लाख 38 हजार 962 लाभुकों के बीच 282 करोड़ 27 लाख 35 हजार 4 सौ रुपए की परिसंपत्तियां वितरित की जा चुकी हैं।
-पश्चिमी सिंहभूम जिले के विभिन्न प्रखंडों में 91 आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास।
-मनोहरपुर और जगन्नाथपुर के आईटीआई में हॉस्टल का शिलान्यास।
-छह स्वास्थ्य उप केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास।
- टोंटो और झींकपानी में स्टेडियम निर्माण का शिलान्यास।
- मझगांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण तथा चाईबासा सदर में 50 बिस्तरों की क्षमता वाले क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का शिलान्यास।
-चाईबासा सदर के बिरसा मुंडा इंडोर स्टेडियम में एयर कंडीशंड जिम का उद्घाटन।
- तांतनगर और गोयलकेरा प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, पर्यवेक्षक और अन्य कर्मचारियों के आवास निर्माण तथा प्रखंड परिसर के विकास संबंधी कार्य का उद्घाटन।
-बंदगांव, गोईलकेरा, सोनुवा, नोवामुंडी, चाईबासा सदर, तांतनगर, चक्रधरपुर और खूंटपानी में सोलर कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन।
- विभिन्न प्रखंडों में आठ धुमकुड़ियां हाउस निर्माण का उद्घाटन।
-चक्रधरपुर और बंदगांव में 33/11 केवी विद्युत शक्ति उप केंद्र का उद्घाटन।

**18 आईपीएस अफसरों का तबादला...**
में सरोजनी लकड़ा, एमेल्डा एक्का, सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडेय, विजय आशीष कुजूर अब भी डीएसपी के ही पद पर काम कर रहे हैं।वहीं छह एसपी स्तर के अधिकारी चंदन कुमार झा, अनुरंजन किस्पोट्टा, अमित रेणू, आनंद प्रकाश, सुभाष कुमार जाट, अंबर लकड़ा पहले से वेटिंग फार पोस्टिंग थे। अब जमशेदपुर एसएसपी प्रभात कुमार, गढ़वा एसपी अंजनी झा के अलावे लोहरदगा, कोडरमा, गुमला, जामताड़ा, रांची सिटी एसपी के वर्तमान एसपी भी वेटिंग फार पोस्टिंग हो गए हैं। वैसे पुलिस पदाधिकारी जिनका पदस्थापन प्रभावित हुआ है, उन्हें पुलिस मुख्यालय में योगदान देना होगा।

**मिशन 2024 के पहले...**
एआईएमआईएम के उम्मीदवार अब्दुल मोमिन रिजवी को सबसे ज्यादा वोट करीब 24 हजार मिले थे। पिछली बार की तरह इस बार भी ओवैसी अपने उम्मीदवार का प्रचार करने डुमरी आए थे लेकिन उनके उम्मीदवार की करारी हार हुई। इस बार मुस्लिम वोटरों ने जेएमएम पर भरोसा जताया और खुलकर बेबी देवी के पक्ष में वोट किया। रांची जमीन घोटाले में ईडी के तीन-तीन समन और तमाम तरह की राजनीतिक परेशानियों के बीच हेमंत सोरेन ने डुमरी में जीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी। उन्होंने चुनाव से पहले अपने आप को चुनावी मोड में डाला और सरकारी परिसंपत्तियों का खूब वितरण किया। साथ ही भाषणों में टाइगर के नाम से मशहूर जगरनाथ महतो की डुमरी के प्रति लगन और निष्ठा को जनता तक हमेशा पहुंचाने का काम किया। सरकार के सभी मंत्री समेत इंडिया गठबंधन के तमाम विधायक डुमरी में तैनात थे। गिरिडीह सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने भी पूरे चुनाव प्रचार के दौरान डुमरी में ही कैंप कर जीत में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ा। पूरे चुनाव प्रचार में बगोदर विधायक विनोद सिंह ने चुपचाप मतदाताओं के बीच अपनी भूमिका निभाई। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल (2019 से अब तक) में डुमरी विधानसभा क्षेत्र का यह छठा उप चुनाव था। इससे पहले पांच उप चुनाव हो चुके हैं। इनमें चार दुमका, बेरमो, मधुपुर और मांडर उप चुनाव में यूपीए के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। दुमका से बसंत सोरेन, बेरमो से जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह, मधुपुर से हफिजुल हसन और मांडर से शिल्पी नेहा तिर्की ने जीत हासिल की थी। यूपीए से दो सीटों पर झामुमो के उम्मीदवार जीते थे जबकि दो सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों ने जीत बरकरार रखी। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव से आजसू पार्टी की उम्मीदवार सुनीता देवी ने एनडीए का खाता खोला था।

**जी 20 में भारत, अमेरिका...**
पहले राज्य और इजराइल के बीच एक सामान्यीकरण समझौता शामिल हो सकता है, जो बाइडेन के एजेंडे को पूरा करता है। व्हाइट हाउस ने बाइडेन की यात्रा का पूर्वावलोकन करते हुए एक पूर्व बयान में कहा कि राष्ट्रपति शनिवार को वैश्विक बुनियादी ढांचे और निवेश कार्यक्रम के लिए साझेदारी में भाग लेंगे।
एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, वार्ता में शामिल एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि घोषणा पर काम अभी भी जारी है और यह अभी अंतिम नहीं है।
यदि चारों देश अगले दो दिनों में बातचीत को अंतिम रूप देते हैं, तो उनके नेता परियोजना के मापदंडों को रेखांकित करते हुए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेंगे। एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, इस परियोजना से लेवंत और खाड़ी में अरब देशों को रेलवे के एक नेटवर्क के माध्यम से जोड़ने की उम्मीद है जो खाड़ी में बंदरगाहों के माध्यम से भारत से भी जुड़ेगा।
सूत्रों के अनुसार, अगर सऊदी अरब और इजराइल भविष्य में संबंध सामान्य करते हैं, तो इजराइल भी रेलवे परियोजना का हिस्सा हो सकता है और इजराइली बंदरगाहों के माध्यम से यूरोप तक अपनी पहुंच बढ़ा सकता है। परियोजना की घोषणा से जी20 के इतर बाइडेन और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच संभावित संक्षिप्त द्विपक्षीय बैठक की संभावना बढ़ जाएगी। एक्सियोस ने पहली बार बताया कि इस परियोजना के लिए मई में बातचीत चल रही थी, जब व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन अपने सऊदी, अमीराती और भारतीय समकक्षों के साथ बैठक के लिए सऊदी अरब गए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह परियोजना उस बैठक में चर्चा किए गए मुख्य मुद्दों में से एक थी, जिसमें अमेरिका की ओर से बााइडेन के ऊर्जा और बुनियादी ढांचे के वरिष्ठ सलाहकार अमोस होचस्टीन के नेतृत्व में अनुवर्ती वार्ता की एक श्रृंखला शुरू की गई थी।

## भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त प्रदेश के लिए भाजपा को मजबूत करें: बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ गिरिडीह** संकल्प यात्रा के तीसरे चरण के तहत धनवार में शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संथाल परगना के भोगनाडीह से शुरू हुई संकल्प यात्रा अब जनता के भारी समर्थन से जन संकल्प यात्रा बन चुकी है। साथ ही कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त-अपराध मुक्त प्रदेश बनाना है तो झारखंड से हेमंत सरकार को हटाना है और भाजपा को लाना है। उन्होंने कहा कि जिस पुलिस को कानून व्यवस्था ठीक करना था वे हेमंत सरकार के इशारे पर वसूली और हेमंत सरकार के खिलाफ बोलने वालों पर केस करने में व्यस्त है। कोयला, बालू, पत्थर, जमीन की लूट मची है। अंचल ब्लॉक और जिले के सरकारी कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई काम नहीं होता है। सरकारी पदाधिकारियों को मोबाइल रिचार्ज की तरह पद पर बने रहने के लिए हेमंत सरकार को रिचार्ज करना होता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्ट अधिकारी, पदाधिकारी की चिंता करते हैं। पौने चार साल में नियुक्ति नहीं हुई है। स्कूल, अस्पताल व अन्य सरकारी कार्यालयों में भारी संख्या में पद रिक्त पड़ा हुआ है। सड़क पुल पुलिया की स्थिति बद से बदतर हो गई है। तीसरी, गांवा की कई सड़कों की स्थिति बदतर है। साथ ही कहा कि हेमंत सरकार टार्गेट कर भाजपा के कार्यकताओं को झूठे केस में फंसा रही है। मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ईडी की कार्रवाई से डर कर भाग रहे हैं। हेमंत सरकार दलालों, बिचौलियों को बचाने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर पोस्टिंग और योजनाओं में हेमंत सरकार पैसा लेना बंद करे भ्रष्टाचार खुद समाप्त हो जाएगा। हेमंत सोरेन को जनता की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी ने झारखंड राज्य के सपने को साकार किया था और गांव-गांव सड़क, नदी नालों पर पुल पुलिया और बिजली दिया था।

# डुमरी विधानसभा उपचुनाव जीतने पर कांग्रेस ने मनाया जश्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आईएनडीआई गठबंधन को विजयी होने पर शुक्रवार को कांग्रेस भवन, रांची में जीत का जश्न मनाया गया। कांग्रेस नेताओं ने पटाखा फोड एवं एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि यह जीत झारखंड की दशा और दिशा तय कर दी है। उन्होंने कहा कि डुमरी की जनता ने इंडिया गठबंधन को वोट कर एनडीए गठबंधन को नकारने का काम किया है। महागठबंधन सरकार की ओर से लगातार चलाये जा रहे विकास कार्यों पर यह मुहर है और यह बताने का भी काम किया है कि हर साजिश, हर षड्यंत्र अपना ले भाजपा लेकिन आखिर में जीत सत्य की होती है। डुमरी की जनता के प्रति आभार। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जगरनाथ महतो के अधूरे सपनें को अब उनकी धर्मपत्नी बेबी देवी आगे ले जाने का काम करेगी। सदन के पटल पर महिलाओं की सम्मान की बात, युवाओं की बात बुजुर्गों की बात और राज्य के विकास की बात प्रखर रूप से गुंजेगा।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

पत्रांक 1427/ग्रा.वि.वि.प्र.,चतरा, दिनांक–06.09.2023

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/CHATRA/06/2023-24/RE-1 के ग्रुप संख्या–15 एवं ग्रुप संख्या–22 में वर्णित कार्य जिसका PR.NO.305551 द्वारा प्रकाशित निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 02 में वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 02.09.2023 के स्थान पर 09.09.2023, कंडिका क्रमांक 03 में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 08.09.2023 के स्थान पर दिनांक–16.09.2023 एवं कंडिका क्रमांक 04 में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Facility Certificate एवं मूल Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 09.09.2023 के स्थान पर 18.09.2023 तथा निविदा खोलने की तिथि 11.09.2023 के स्थान पर 20.09.2023 पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा

PR 306391 (Rural Development)23-24*D

## MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

**e-Procurement Notice**

VeryShort Tender Reference No.WRD/MID/LOHARDAGA/F2-14/2023-24Date –06/09/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 09/09/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 16/09/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 19/09/2023up to 3.00 PM |
| 4. | Date of opening of Tender | 20/09/2023up to 1.00 PM |
| 5. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | (1) Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga till 19.09.2023 up to 3:00 pm |
| 6. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 7. | (a) Contact No. of e-Procurement officer<br>(b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790<br>eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 8. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Details of Works :-

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost ( in Lac) | Cost of BOQ( in Lac) | Earnest Money ( in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Lohardaga. | Construction of PCC Road Near Madhur Hospital at Vill - PatraToli. | 11.79500 | 0.02500 | 0.23600 | 03 Months |

Note : - Only e-Tender will be accepted
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga

PR 306421 Lohardaga (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद
eemidhus-cemr-jhr@nic.in

**ई0-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-05/2023-24
पत्रांक– हुसैनाबाद, दिनांक–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सतबहिनी नाला पर चेकडैम निर्माण ग्राम–पतरिया प्रखण्ड–नावाबाजार, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | 78.255 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 16.09.2023 (11:00 AM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.10.2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 05.10.2023 (11:00 AM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 04.10.2023 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर । (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, राँची। |

नोट :– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 306388 District (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद
eemidhus-cemr-jhr@nic.in

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-04/2023-24
पत्रांक– हुसैनाबाद, दिनांक–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | धोबघटवा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण ग्राम– नौडिहा, प्रखण्ड–विश्रामपुर, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | 74.512 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 16.09.2023 (11:00 AM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.10.2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 05.10.2023 (11:00 AM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 04.10.2023 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर । (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, राँची। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,हुसैनाबाद

PR 306389 District(23-24).D

### एनजेडसी ने इंग्लैंड महिला ए के न्यूजीलैंड दौरे की लिज ग्रीन पुष्टि की, कहा

# एकदिवसीय सीरीज से खिलाड़ियों को बल मिलेगा



**एजेंसी। क्राइस्टचर्च**

न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने शुक्रवार को कहा कि इंग्लैंड की महिलाएं पहली बार इनबाउंड ए दौरे के लिए न्यूजीलैंड की यात्रा करेंगी। इस यात्रा में दक्षिण द्वीप के कई स्थानों पर तीन टी20 और तीन 50 ओवर के मैच शामिल होंगे और मार्च में टी20 और एकदिवसीय श्रृंखला एक के बाद एक होंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट की महिला हाई परफॉर्मेंस प्रमुख लिज ग्रीन ने कहा कि ए सीरीज घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बीच अंतर को पाटने के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। ग्रीन ने कहा, इस गर्मी में एक मजबूत इंग्लैंड ए टीम का स्वागत करते हुए हम अपनी सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ियों के लिए एक महत्वाकांक्षी मार्ग कार्यक्रम बनाने के अपने लक्ष्य के अनुरूप हैं। हाल ही में संपन्न महिलाओं की एशेज श्रृंखला ने अंग्रेजी खेल कार्यक्रम की गहराई और ताकत को दिखाया और यह है इस गर्मी में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का हमारे यहां आना रोमांचक है। दौरे अधिक खिलाड़ियों को अगले स्तर पर खुद को परखने का अवसर प्रदान करते हैं, देखते हैं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैसा दिखता है और उनकी तुलना कैसे की जाती है। यह चुनौतीपूर्ण होने वाला है क्योंकि इंग्लैंड वास्तव में एक मजबूत पक्ष है, लेकिन यह भविष्य में व्हाइट फर्म बनने की इच्छा रखने वालों के लिए एक शानदार अवसर है। ग्रीन ने कहा कि इस दौरे के लिए चुने जाने का अवसर हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड और सुपर स्मैश अभियान के दौरान घरेलू खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा। गर्मियों के अंत में अंतरराष्ट्रीय विपक्ष के खिलाफ खेलने का मौका निश्चित रूप से घरेलू सीजन में एक और आयाम जोड़ेगा। ग्रीन ने कहा कि यह श्रृंखला पिछली गर्मियों में फिर से शुरू की गई महिलाओं की उत्तर बनाम दक्षिण टी20 श्रृंखला की गति पर आधारित होगी। ₹उत्तर बनाम दक्षिण श्रृंखला का प्रदर्शन शानदार था और यह देखना विशेष रूप से शानदार था कि खिलाड़ियों ने किस तरह से प्रतिद्वंद्विता और खुद को परखने के अवसर को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, इंग्लैंड ए दौरा इसका एक और विस्तार होगा और हमारा लक्ष्य प्रत्येक सीजन में अपने अगले स्तर के खिलाड़ियों को इन विकास श्रृंखलाओं की पेशकश जारी रखना है।

> **गर्मियों के अंत में अंतरराष्ट्रीय विपक्ष के खिलाफ खेलने का मौका निश्चित रूप से घरेलू सीजन में एक और आयाम जोड़ेगा। ग्रीन ने कहा कि यह श्रृंखला पिछली गर्मियों में फिर से शुरू की गई है**

### एशियाई खेलों में अपने प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं गुरजंत सिंह

**बेंगलुरु ।** 19वें एशियाई खेल हांगझाऊ 2022 के लिए 18 सदस्यीय टीम में जगह बनाने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड गुरजंत सिंह अपने कौशल और अनुभव से टीम के लिए शानदार प्रदर्शन करना चाहते हैं। 28 वर्षीय फारवर्ड जिन्होंने 2017 में टेस्ट सीरीज के दौरान बेल्जियम के खिलाफ अपनी सीनियर टीम की शुरूआत की थी, चोट के कारण एशियाई खेलों के पिछले संस्करण से चूक गए थे। अब नए सीजन में इस मार्की कॉन्टिनेंटल इवेंट में गुरजंत की यह पहली उपस्थिति होगी जिसे लेकर वो काफी उत्साहित हैं। हॉकी इंडिया की वेबसाइट ने गुरजंत के हवाले से कहा, मैं चोट के कारण एशियाई खेलों के पिछले संस्करण में नहीं खेल पाया था। लेकिन, इस बार अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका पाकर मैं सम्मानित और उत्साहित हूं। पिछले कुछ महीनों में, मैंने अपने कौशल पर कड़ी मेहनत की है और मैं टीम को लक्ष्य हासिल करने में मदद करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने को उत्सुक हूं।


## पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ गोल्फ का आनन्द लेते नजर आए एमएस धोनी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

न्यूयॉर्क में चल रहे यूएस ओपन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में टेनिस मैच का लुत्फ उठाने के एक दिन बाद, भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ गोल्फ का आनंद लेते देखा गया। दुबई स्थित उद्यमी हितेश सांघवी, ने न्यू जर्सी में ट्रम्प नेशनल गोल्फ क्लब बेडमिंस्टर में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ गोल्फ खेल रहे धोनी की एक तस्वीर साझा की।सांघवी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा , धोनी, डोनाल्ड ट्रम्प और राजीव नैक के साथ गोल्फ। हमारी मेजबानी के लिए धन्यवाद राष्ट्रपति महोदय। अपनी एक इंस्टाग्राम स्टोरी में, सांघवी ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें धोनी और ट्रम्प दोनों को एक साथ गोल्फ खेलते देखा जा सकता है। इससे पहले विगत बुधवार को, धोनी को कार्लोस अल्कराज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच यूएस ओपन पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल मैच देखते हुए देखा गया था। इस साल की शुरूआत में, धोनी के नेतृत्व में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने फाइनल में गुजरात टाइटंस को हराकर रिकॉर्ड पांचवें आईपीएल खिताब की बराबरी की। उन्होंने बाएं घुटने की समस्या के साथ चेन्नई के लिए पूरा आईपीएल 2023 सीजन खेला था। आईपीएल के बाद धोनी के बाएं घुटने की सफल सर्जरी हुई, जिसे मुंबई के एक अस्पताल में डॉ. दिनशॉ पारदीवाला ने किया। धोनी की सफल घुटने की सर्जरी ने अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें संस्करण में उनकी भागीदारी को लेकर उम्मीद जगा दी है। 2023 के आईपीएल फाइनल के बाद, धोनी ने कहा था कि अगर उनका शरीर उन्हें ऐसा करने की अनुमति देता है, तो वह प्रशंसकों के लिए कम से कम एक और सीजन के लिए वापसी करेंगे।

# गॉफ और सबालेंका के बीच होगा महिला एकल का खिताबी मुकाबला




**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

यूएस ओपन में कैरोलिना मुचोवा के खिलाफ सीधे सेटों में जीत के बाद अमेरिकी किशोर सनसनी कोको गॉफ अपने करियर में दूसरी बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में खेलेंगी। गॉफ ने गुरुवार रात मुचोवा को 6-4, 7-5 से हराकर फ्लशिंग मीडोज में महिला एकल फाइनल में पहली बार प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त गॉफ ने लगातार 11 मैच जीते हैं, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ स्ट्रीक है, और 18 में से 17 मैच जीते हैं, जिसमें वाशिंगटन डी.सी. और सिनसिनाटी में खिताब शामिल हैं। गॉफ यहां चार सेमीफाइनलिस्टों में सबसे कम उम्र की हैं - लगभग छह साल का अंतर है। 19 वर्षीय, 1999 में सेरेना विलियम्स के बाद यूएस ओपन के फाइनल में भाग लेने वाली सबसे कम उम्र की अमेरिकी महिला खिलाड़ी बन गयी हैं। वह सेरेना, उनकी बहन वीनस और स्लोएन स्टीफंस के बाद इस सदी में ओपन जीतने वाली चौथी अमेरिकी महिला बनने की कोशिश कर रही हैं। इसके अलावा, गॉफ मारिया शारापोवा (2004 विंबलडन और 2006 यूएस ओपन) के बाद कई ग्रैंड स्लैम फाइनल (2020 रौलां गैरो सहित) में भाग लेने वाली सबसे कम उम्र की महिला हैं और 1990-93 तक मोनिका सेलेस के बाद ऐसा करने वाली सबसे कम उम्र की अमेरिकी महिला हैं। शनिवार के फाइनल में गॉफ का मुकाबला नंबर 2 आर्यना सबालेंका से होगा, जो रात के दूसरे मैच में तीसरे सेट के टाईब्रेक में नंबर 17 मैडिसन कीज से बाल-बाल बच गईं। सबालेंका, डब्ल्यूटीए नंबर 1 इन-वेटिंग, ने अपने पहले यूएस ओपन फाइनल में आगे बढ़ने के लिए कीज के खिलाफ सेमीफाइनल में 0-6, 7-6(1), 7-6(5) से जीत हासिल की। 25 वर्षीय बेलारूसी खिलाड़ी ने सेमीफाइनल तक पहुंचने के रास्ते में एक भी सेट नहीं गंवाया था और खेले गए 10 सेटों में केवल 21 गेम हारे थे, लेकिन पहले सेट में कीज के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें शुरूआत में ही बैकफुट पर ला दिया। यूएस ओपन के बाद आधिकारिक तौर पर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने के बाद, सबालेंका ने इस साल अपने दूसरे स्लैम फाइनल के साथ बड़ी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन जारी रखा है।

### लाबुशेन की मां की भविष्यवाणी सही निकली

**ब्लोमफोंटेन।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के साथ चयनकर्ताओं को समय पर याद दिलाया, जो एक स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में आए थे, क्योंकि उनकी मां ने सही भविष्यवाणी की थी कि उनका बेटा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में खेलेगा। लाबुशेन, जिन्हें इस महीने की शुरूआत में आश्चर्यजनक रूप से ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया था, लेकिन जब वह कैमरून ग्रीन की जगह कनकशन विकल्प के रूप में आए, तो उन्हें अपना कौशल दिखाने का मौका मिला और उन्होंने 93 गेंदों में नाबाद 80 रन की मैच विजयी पारी खेली। ग्रीन को बाएं कान के पीछे चोट लगी जब वह कैगिसो रबाडा की 140 किमी प्रति घंटे से अधिक की गेंद को डक करने गए, जो ऑफ स्टंप से कोण बना रही थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पुष्टि की कि उनका एहतियाती स्कैन कराया गया है और अब वह आठ दिवसीय कनकशन प्रोटोकॉल में प्रवेश करेंगे।

## भारत-पाकिस्तान सुपर 4 मैच में बारिश से निपटने के लिए होगा रिजर्व डे




**एजेंसी। कोलंबो**

एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 चरण का 10 सितंबर को कोलंबो में होने वाला बहुप्रतीक्षित मैच यदि बारिश से प्रभावित होता है तो उसके लिए एक रिजर्व डे होगा। 10 सितंबर को कोलंबो के आर. प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले पाकिस्तान बनाम भारत के एशिया कप सुपर 4 मैच के लिए एक रिजर्व डे रखा गया है। अगर खराब मौसम के कारण पाकिस्तान बनाम भारत मैच के दौरान खेल रुक जाता है, तो मैच 11 सितंबर 2023 को वहीं से जारी रहेगा जहां से इसे निलंबित किया गया था। ऐसी स्थिति में टिकट धारकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने मैच टिकट अपने पास रखें जो रिजर्व डे पर भी मान्य रहेंगे। इसका मतलब है कि अगर भारत-पाकिस्तान मैच 11 सितंबर तक खिंचता है, तो रोहित शर्मा एंड कंपनी लगातार तीन दिनों तक खेलेगी, क्योंकि उन्हें 12 सितंबर को उसी स्थान पर श्रीलंका का सामना करना है। दिलचस्प बात यह है कि प्रतियोगिता के बाकी सुपर फोर मैचों के लिए रिजर्व डे रखने के बारे में कोई जानकारी नहीं है, जिसमें 15 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट के इस चरण में भारत का आखिरी गेम भी शामिल है।

## यूरो 2024 क्वालीफाइंग: फ्रांस नीदरलैंड, पोलैंड ने दर्ज की जीत



**एजेंसी। पेरिस**

फ्रांस ने गुरुवार रात यूरो 2024 क्वालीफायर में आयरलैंड पर 2-0 से जीत दर्ज की, जबकि नीदरलैंड ने ग्रीस को 3-0 से हराया। फ्रांस अपने सभी पांच मैच जीतकर 15 अंकों के साथ ग्रुप बी की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। आयरलैंड पर इस जीत में फ्रांस के लिए ऑरेलियन टचौमेनी (19वें मिनट) और मार्कस थुरम (48वें मिनट) ने गोल किये। वहीं, नीदरलैंड्स के तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ छह अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। नीदरलैंड के लिए मैच में मार्टन डी रून (17वें मिनट), कोडी गाकपो (31वें मिनट) और वाउट वेघोर्स्ट (39वें मिनट) ने गोल किये। ग्रुप ई में अल्बानिया (सात अंक) ने ग्रुप टॉपर्स चेक गणराज्य (आठ अंक) के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेलकर अपनी चुनौती बरकरार रखी। चेक ने 56वें मिनट में वेक्लाव सेर्नी के गोल से बढ़त बना ली थी लेकिन नेदिम बजरामी ने 10 मिनट बाद गोल कर अल्बानिया को बराबरी दिला दी। ग्रुप ई के अन्य मैच में पोलैंड (छह अंक और तीसरे नंबर पर) ने फरो आइलैंड्स (एक अंक और सबसे निचले स्थान पर) को 2-0 से हराया। पोलैंड के लिए रॉबर्ट लेवांडावस्की ने दो गोल किए, उन्होंने पहला गोल 73वें मिनट में पेनल्टी स्ट्राइक से और फिर दूसरा गोल 83वें मिनट में किया। ग्रुप जी के मैच में हंगरी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सर्बिया को 2-1 से हरा दिया और ग्रुप के शीर्ष पर तीन अंकों की बढ़त बना ली। लिथुआनिया (2 अंक और चौथे स्थान पर) ने मोंटेनेग्रो (चार अंक और तीसरे स्थान पर) के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला।

## पीकेएल खिलाड़ियों की नीलामी 9 और 10 अक्टूबर को मुंबई में




**एजेंसी। मुंबई**

प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजकों ने शुक्रवार को सीजन 10 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी की संशोधित तारीखों की घोषणा की। शुरूआत में 8-9 सितंबर को होने वाली नीलामी अब 9 और 10 अक्टूबर को होगी। इस महीने के अंत में शुरू होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय कबड्डी टीम की चल रही तैयारियों को देखते हुए एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) के अनुरोध पर खिलाड़ियों की नीलामी स्थगित कर दी गई थी। सीजन 10 प्लेयर पूल में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 की दो फाइनलिस्ट टीमों के 24 खिलाड़ियों सहित 500 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रत्येक फ्रेंचाइजी के लिए उपलब्ध वेतन पर्स 5 करोड़ रुपये है। पीकेएल सीजन 10 के खिलाड़ियों की नीलामी में घरेलू और विदेशी खिलाड़ियों को चार कैटेगरी में बांटा जाएगा। कैटेगरी ए, बी, सी और डी हैं और खिलाड़ियों को प्रत्येक कैटेगरी के भीतर 'ऑल-राउंडर्स', 'डिफेंडर्स' और 'रेडर्स' के रूप में बांटा जाएगा।

## मेग लैनिंग वेस्टइंडीज सीरीज से बाहर, हीली और पेरी की वापसी



**एजेंसी। मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लैनिंग को वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टी20 और एकदिवसीय घरेलू श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है और इसके बजाय वह घरेलू क्रिकेट के माध्यम से धीरे-धीरे वापसी करने के लिए तैयार हैं क्योंकि वह एक अज्ञात बीमारी से उबर रही हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) द्वारा शुक्रवार को जारी की गई दो टीम सूचियों में लैनिंग का नाम नहीं था, जिसमें एलिसा हीली टूटी हुई उंगली से उबरने के बाद स्टैंड-इन कप्तान के रूप में लौटीं। हीली इस चोट के कारण अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के आखिरी वनडे और महिला हंड्रेड से बाहर थीं। एलिसे पेरी भी घुटने की चोट के कारण आयरलैंड और द हंड्रेड के खिलाफ आखिरी वनडे में नहीं खेल पाईं लेकिन अब वह भी वापसी कर रही हैं। लैनिंग ने फरवरी में दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप के बाद से ऑस्ट्रेलिया के लिए नहीं खेला है और मार्च में डब्ल्यूपीएल के बाद से उन्होंने बिल्कुल भी नहीं खेला है क्योंकि वह एक अज्ञात बीमारी के कारण पूरे यूके दौरे से बाहर हो गईं थीं। वह हाल के सप्ताहों में विक्टोरिया के साथ प्रशिक्षण पर लौट आई हैं और अपनी राज्य टीम के साथ क्वींसलैंड के सनशाइन कोस्ट की प्री-सीजन दौरे पर हैं। हीली को उम्मीद थी कि लैनिंग अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलने के लिए तैयार होंगी। हालाँकि, वह वेस्टइंडीज के खिलाफ दो श्रृंखलाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार नहीं है।

### पूरी तैयारी — वर्ल्ड कप के लिए अंपायर्स-रेफरी का ऐलान

# नितिन मेनन और जवागल श्रीनाथ शामिल




**एजेंसी। दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत में होने वाले पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लीग दौर के लिए 20 मैच अधिकारियों की घोषणा की है।

टूर्नामेंट के 13वें संस्करण में सोलह अंपायर अंपायरिंग करेंगे, जिसमें आईसीसी के एमिरेट्स एलीट पैनल के सभी 12 अंपायर और आईसीसी इमर्जिंग अंपायर पैनल के चार सदस्य शामिल हैं। इनमें क्रिस ब्राउन, कुमार धर्मसेना, मराइस इरास्मस, क्रिस गैफनी, माइकल गफ, एड्रियन होल्डस्टॉक, रिचर्ड इलिंगवर्थ, रिचर्ड केटलबोरो, नितिन मेनन, अहसान रजा, पॉल रिफेल, शरफुद्दौला इब्ने शैद, रॉड टकर, एलेक्स व्हार्फ, जोएल विल्सन और पॉल विल्सन शामिल हैं। अनुभवी सूची में लॉर्ड्स में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2019 फाइनल के लिए नियुक्त किए गए चार अंपायरों में से तीन - धर्मसेना, इरास्मस और टकर शामिल हैं, सूची से केवल अलीम डार गायब हैं, जिन्होंने इस साल मार्च में एलीट पैनल से इस्तीफा दे दिया था। मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल का प्रतिनिधित्व इस कार्यक्रम में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों, जेफ क्रो, एंडी पाइक्रॉफ्ट, रिची रिचर्डसन और जवागल श्रीनाथ द्वारा किया जा रहा है। श्रीनाथ 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में आखिरी इवेंट के फाइनलिस्ट इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच की जिम्मेदारी संभालेंगे। मेनन और धर्मसेना स्थायी अंपायर होंगे, पॉल विल्सन टीवी अंपायर होंगे और सैकत चौथे अंपायर की भूमिका निभाएंगे। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल के चयन की घोषणा भी उचित समय पर की जाएगी। आईसीसी के महाप्रबंधक (क्रिकेट) वसीम खान ने कहा, इतने बड़े आयोजन के लिए आपको हर स्तर पर उच्च प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों की आवश्यकता होती है। रेफरी और अंपायरों से भरा आईसीसी एलीट पैनल का यह समूह इस विश्व कप में अपार कौशल, अनुभव और विश्व स्तरीय मानक लाएगा। हम उस समूह से खुश हैं जिसे हमने इस टूर्नामेंट के लिए इकट्ठा किया है। उन्होंने कहा, आईसीसी क्रिकेट संचालन विभाग हमारे सदस्य बोर्डों की मदद से एक मजबूत और योग्यतापूर्ण चयन प्रक्रिया संचालित करने में बहुत गर्व और प्रयास करता है।

> **महाप्रबंधक ने कहा कि आईसीसी क्रिकेट संचालन विभाग हमारे सदस्य बोर्डों की मदद से एक मजबूत और योग्यतापूर्ण चयन प्रक्रिया संचालित करने में बहुत गर्व और प्रयास करता है।**

### यूएस ओपन : बोपन्ना ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

**न्यूयॉर्क।** भारत के रोहन बोपन्ना गुरुवार को ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी बन गए और उन्होंने विश ?व रिकॉर्ड बनाया, जब वह और उनके साथी ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन यहां यूएस ओपन के पुरुष युगल फाइनल में पहुंचे। लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में खेलते हुए बोपन्ना और एबडेन की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 1 घंटे 34 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट और निकोलस माहुत की फ्रांसीसी जोड़ी को 7-6 (3), 6-2 से हराया। इस प्रक्रिया में बोपन्ना ने उम्र को मात देना जारी रखा और 43 साल और 6 महीने की उम्र में यूएस ओपन पुरुष युगल फाइनल में पहुंच गए। बोपन्ना, ग्रैंड स्लैम जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं, जब उन्होंने गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ 2017बी फ्रेंच ओपन मिश्रित युगल का खिताब जीता था, उन्होंने कनाडा के डैनियल नेस्टर के रिकॉर्ड को हराया था।

